✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पब्लिक सर्विस में 25 साल होने पर पटना में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम का उद्घाटन करते सीएम सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 133 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 8 अक्टूबर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# भारत के विकसित होने तक न थकूंगा, न रुकूंगा : मोदी

## मेरे लिए जनता ही भगवान और भारतीय जनता पार्टी के परिश्रमी कार्यकर्ता मेरी ताकत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पब्लिक सर्विस में अपने 25 साल पूरे कर लिये। इस अवसर पर बुधवार को यहां आयोजित सेवा ज्योति कार्यक्रम को उन्होंने संबोधित किया। इस मौके पर पीएम ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को जब मैंने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी तो मैंने सोचा भी नहीं था कि यह माइलस्टोन भी आएगा। उन्होंने कहा कि मुझमें बचपन से ही कुछ नया सीखने की ललक रही है, आज भी मैं एक विद्यार्थी हूं। श्री मोदी ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी सहयोगियों और लोकतंत्र के प्रति गहरी आस्था रखने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि लोगों ने हमेशा मुझे उनकी सेवा करने के लिए चुना है। आज मैं भारत के लोकतंत्र और उसके संविधान के प्रति अपनी श्रद्धा को व्यक्त करता हूं। मैं 'सेवा ज्योति यात्रा' में हिस्सा लेने वाले सभी नागरिकों का भी दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। आज सुबह मैं प्रार्थना करने के लिए श्री विनायक मंदिर गया। मैंने देश के लिए, भारत के 1.4 बिलियन लोगों के लिए और अपने लिए भी भगवान से प्रार्थना की। मेरी प्रार्थना है कि भगवान मुझे अपने देश के लिए और भी ज्यादा ऊर्जा के साथ काम करने की ताकत और काबिलियत दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझ पर विश्वास जताने के लिए मैं भारत की जनता के सामने नतमस्तक हूं। पीएम मोदी ने कहा कि मेरे लिए जनता ही भगवान है और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के परिश्रमी कार्यकर्ता मेरी ताकत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में विकसित



भारत 2047 के विजन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि '2047 तक हम विकसित भारत के सपने को साकार करके रहेंगे। हम ओलंपिक होस्ट करेंगे, हम स्पेस में कदम रखेंगे। हम यह सबकुछ करेंगे। उन्होंने कहा कि वह मिशन के लिए जीवन जीने वाले इंसान हैं और कर्म करते रहना ही उनका धर्म है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश ने मुझे बहुत कुछ दिया है। इसलिए देश के लिए मेरा दायित्व भी सबसे अधिक है और मैं हृदय से ये मानता हूं कि देश के हर नागरिक का मुझपर सबसे बड़ा हक है। यह 25 वर्ष का जनविश्वास, यह 25 वर्षों का अनुभव बहुत बड़ी पूंजी है और यह पूंजी सिर्फ मोदी की नहीं है, यह पूंजी देश की है। पीएम ने कहा कि आज का यह दिन सिर्फ यादों के लिए नहीं है। ये अपने संकल्पों को नई ऊर्जा से भरने का दिन है। यह दिन उस वादे को दोहराने और उस इरादे को व्यक्त करने का दिन है, जो कहता है कि हम करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो केवल कृतज्ञता का भाव ही नजर आता है। मैं कृतज्ञ हूं, हर उस व्यक्ति, हर उस घटना के प्रति जिसने मुझे कुछ न कुछ सिखाया है। जिसने मुझे जिताया, मुझे विनम्र होना सिखाया। जिसने मुझे गिराया, मुझे फिर खड़ा होना सिखाया। शुभचिंतकों ने मुझे प्रोत्साहित किया और आलोचकों ने मुझे अपने भीतर झांकना सिखाया। जिसने मेरा साथ दिया, मुझे विश्वास की शक्ति दिखाई। जिसने मेरा विरोध किया, मुझे लोकतंत्र की शक्ति समझाई। हर संकट मेरे धैर्य की परीक्षा रहा, हर सफलता ने मेरे दायित्व को विस्तार दिया और हर सिद्धि ने बड़े लक्ष्यों की तरफ बढ़ने का साहस और जज्बा दिया। पीएम ने कहा कि आज मैं जो कुछ हूं, जहां भी हूं, जिस दायित्व पर हूं, उसमें सबसे बड़ा योगदान जनता-जनार्दन का ही है। मेरे लिए जनता-जनार्दन ईश्वर का ही रूप है। लाखों-करोड़ों (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वत लेने के आरोप में आमस थानाध्यक्ष निलंबित

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के आमस थाना क्षेत्र में ओवरलोड कोयला लदे वाहनों की जांच की आड़ में लाखों रुपए की रिश्वत लेने के मामले में आईजी ने बड़ी कार्रवाई की है। आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार को तत्काल प्रभाव से आईजी विकास वैभव ने निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा चौकीदार पर भी गाज गिरने वाली है।

### मुठभेड़ के बाद तीन गिरफ्तार

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** सीतामढ़ी पुलिस ने चर्चित दिनेश यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुनील कुशवाहा समेत तीन कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी गोली लगने से घायल हुए हैं। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से तीन सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल और बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील कुशवाहा के अलावा मणि कुमार और इंद्रदेव कुमार शामिल हैं।

### मंदिर में मिला महंत का शव

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को मंदिर के 80 वर्षीय महंत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बालूघाट रोड स्थित मंदिर परिसर में महंत महावीर दास का शव फर्श पर पड़ा मिला। मंदिर का गेट अंदर से बंद था। महंत के मुंह से झाग निकल रहा था। ऐसे में उनकी मौत को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि मौत की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। सुबह मंदिर का दरवाजा नहीं खुला और पूजा-पाठ शुरू नहीं हुआ तो स्थानीय लोगों को संदेह हुआ। लोगों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो मंदिर परिसर के अंदर महंत का शव फर्श पर पड़ा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### विवि अधिनियम के विरोध में लोकभवन मार्च 10 अक्टूबर को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विशिष्ट विवि अधिनियम के विरोध में 10 अक्तूबर को राज्यभर के विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी पटना में एकजुट होकर प्रदर्शन के साथ लोकभवन मार्च करेंगे। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले यह प्रदर्शन होगा। मार्च जेडी वीमेंस कॉलेज से 12 बजे लोकभवन के लिए निकाली जाएगी। इससे पहले राज्य भर से आए शिक्षक-कर्मी कॉलेज में ही प्रदर्शन करेंगे। इसमें सेवानिवृत्त कर्मी भी शामिल होंगे। कार्यरत कर्मी आकस्मिक अवकाश लेकर प्रदर्शन और मार्च में शामिल होंगे। दरअसल शिक्षकों का कहना है कि यह अधिनियम विवि की प्रकृति में परिवर्तन कर सकता है।

### मुख्यमंत्री ने किया विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा देश : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मशाल जलाकर 'सेवा ज्योति यात्रा' को रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए बिहार का समृद्ध और सशक्त होना आवश्यक है। मोदी जी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 13 वर्षों तक तथा भारत के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ देश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेतृत्व ने हर संकट के समय देश के साथ खड़े होकर लोकतंत्र और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। बिहार के लगभग 89 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। देश के 10 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में इस योजना के तहत सीधे राशि भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में एक करोड़ 81 लाख जीविका दीदियों के बैंक खातों में राशि भेजी गई है जिससे महिलाएं स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। बिहार में 50 लाख लखपति दीदियां बन चुकी हैं। वर्ष 2030 के विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, हर घर नल का जल, पीएम सूर्य घर योजना, किसानों के लिए सहायता तथा आधारभूत संरचना के विकास सहित अनेक योजनाओं से आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीबों के लिए बड़ी संख्या में पक्के मकान बनाए गए हैं तथा स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 25 वर्षों के सेवा काल में गुजरात के साथ-साथ भारत में भी व्यापक परिवर्तन आया है। विकसित भारत संकल्प सभा में उपस्थित लोगों से मेरा आह्वान है कि विकसित भारत और समृद्ध बिहार के निर्माण में आपना सक्रिय योगदान दें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उपस्थित लोगों को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र (शेष पृष्ठ 10 पर)

## सीएम हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन का निधन, झारखंड में शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन का निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी डॉ दीपक गुप्ता और डॉ उज्जवल राय ने दी है। उनके निधन से सोरेन परिवार में शोक का माहौल है। रूपी सोरेन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता रहे शिबू सोरेन की पत्नी थीं। उनके निधन की खबर सामने आने के बाद परिवार, करीबियों और समर्थकों के बीच शोक की लहर है। रूपी सोरेन सोरेन परिवार की महत्वपूर्ण सदस्य थीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां होने के साथ वह शिबू सोरेन के राजनीतिक और पारिवारिक जीवन का भी अहम हिस्सा रही थीं। उनके निधन की सूचना मिलने के बाद परिवार के करीबी लोग और समर्थक शोक जताने के लिए पहुंचने लगे हैं। रूपी सोरेन के निधन से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार को गहरा आघात पहुंचा है। परिवार के लिए यह दुख की घड़ी है। उनके निधन की सूचना के बाद मुख्यमंत्री आवास और परिवार से जुड़े लोगों के बीच शोक का माहौल है। रूपी सोरेन लंबे समय से सोरेन परिवार के साथ रहीं। परिवार के सदस्यों के साथ



उनके करीबी रिश्ते रहे। उनके निधन से परिवार और करीबियों में शोक है। रूपी सोरेन के अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार को लेकर परिवार की ओर से आगे की जानकारी साझा की जायेगी। उनके अंतिम दर्शन के लिए परिवार के करीबी लोगों, राजनीतिक नेताओं और समर्थकों के पहुंचने की संभावना है। प्रशासन की ओर से भी आवश्यक व्यवस्था की जा सकती है। रूपी सोरेन के निधन की खबर शिबू सोरेन के परिवार से लंबे समय से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए भी यह भावुक क्षण है। रूपी सोरेन के निधन से झारखंड के राजनीतिक जगत में भी शोक का माहौल है।

## लोगों के दिलों में बसी हुई पार्टी है जदयू : संजय झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष



संजय झा ने बिहार की राजनीति में अपनी पार्टी की भूमिका को लेकर बड़ा बयान दिया है। हाजीपुर में फरक्का जल संधि के विरोध में आयोजित नीति संवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में आने वाले समय में जिसे भी राजनीति करनी होगी उसे जेडीयू के आसपास आकर ही राजनीति करनी होगी। श्री झा ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड लोगों के दिलों में बसी हुई पार्टी है। उन्होंने कहा कि एक समय पार्टी के भविष्य और नीतीश कुमार के बाद नेतृत्व को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती थी लेकिन विधानसभा और लोकसभा चुनावों के परिणामों ने पार्टी की स्थिति को स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जेडीयू ने 16 सीटों पर चुनाव लड़ा और 12 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा और 85 सीटों पर जीत हासिल की। श्री झा ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी ने इस तरह का चुनावी प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने संबोधन में निशांत कुमार को जेडीयू के भविष्य और पार्टी के नेता के तौर पर पेश किया। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार की सादगी लोगों को प्रभावित करती है और वह आम नागरिक की तरह लोगों के बीच रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों की पार्टी के नेता निशांत हैं। आने वाले समय में हम लोग निशांत के नेतृत्व में काम करेंगे। संजय झा ने कहा कि राजनीति में आम लोगों के बीच सहजता से मिलने वाले नेता कम देखने को मिलते हैं। उन्होंने जेडीयू के भविष्य को लेकर कहा कि पार्टी बिहार की राजनीति में अपनी भूमिका बनाए रखेगी। संजय झा ने कहा कि नीतीश कुमार का नाम और उनके काम लोगों के जेहन में लंबे समय तक रहेंगे।

## जेपी गंगा पथ घूमने पहुंचे दो नाबालिग गंगा में डूबे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जेपी गंगा पथ घूमने पहुंचे चार छात्रों में से दो नाबालिग बुधवार को गंगा में स्नान करने के दौरान डूब गये। घटना दीघा थाना क्षेत्र के जेपी सेतु घाट के पास की बतायी जा रही है। दोनों छात्रों के डूबने की सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और उनकी तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गोलारोड स्थित कुसुमपुरम कॉलोनी के रहने वाले चार दोस्त जेपी गंगा पथ घूमने आये थे। घूमने के दौरान सभी गंगा में स्नान करने चले गये। इसी क्रम में पंकज कुमार के पुत्र आदर्श कुमार, राणा चौधरी के पुत्र दीपु कुमार गहरे पानी में चले गये और डूब गये। दोनों नाबालिग हैं और छात्र बताये जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय स्तर पर दोनों छात्रों की खोजबीन शुरू की गयी। बाद में एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। एसडीआरएफ के जवान मोटरबोट और अन्य संसाधनों की मदद से गंगा में दोनों छात्रों की तलाश कर रहे हैं।

## रसायन विज्ञान : हेनरी कागन, केन्सो सोआई को नोबेल पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** साल 2026 का रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार फ्रांस के हेनरी कागन और जापान के केन्सो सोआई को दिया गया है। स्वीडिश रॉयल एकेडमी ऑफ साइंसेज ने यह सम्मान उन्हें असममित कार्बनिक संश्लेषण में नॉन-लीनियर प्रभावों और ऑटोकैटेलिसिस की खोज के लिए दिया गया है। हेनरी कागान पेरिस विश्वविद्यालय से और केन्सो सोई टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस से जुड़े हुए हैं। उन्होंने रसायन विज्ञान में 'मिरर इमेज' (दर्पण-प्रतिबिंब) चुनने की प्रक्रिया पर काम किया। दोनों वैज्ञानिकों ने रसायन विज्ञान की करीब 100 साल पुरानी गुत्थी सुलझाई है। उन्होंने बताया कि किसी रासायनिक प्रक्रिया में एक-दूसरे की मिरर इमेज जैसे दो अणुओं में से सिर्फ एक ही रूप कैसे बनाया जा सकता है। यह खोज दवाओं समेत कई तरह के रसायन बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है। हेनरी बी. कगन ने 1986 में एक केमिकल रिएक्शन को कंट्रोल करने का एक नया तरीका खोजा जिससे मिरर इमेज (प्रतिबिंब) में से किसी एक की ज्यादा मात्रा बनाई जा सकी। उनकी खोज उन केमिस्ट्स के लिए क्रांतिकारी है जो दवाइयों, फ्लेवर, खुशबू और नए मटीरियल बनाने के लिए रिएक्शन विकसित करते हैं।





# वीबी-जी राम जी से प्रदेश में 10.89 लाख ग्रामीण परिवारों को मिला रोजगार

## प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिनों का रोजगार देने की गारंटी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में वीबी-जी राम जी योजना गरीब मजदूरों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत उन्हें लोगों को रोजगार मिल रहा है जिससे वे आगे बढ़ रहे हैं। इस वर्ष देशभर में 1 जुलाई से मनरेगा के स्थान पर वीबी-जी राम जी योजना लागू हो गई है। इस योजना के तहत रोजगार देने में बिहार अग्रणी राज्यों में शामिल है। इस योजना के लागू होने के बाद बिहार में अब तक 10 लाख 89 हजार ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। वहीं 179 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है। ग्रामीण विकास विभाग के स्तर से इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सृजित किए गए मानव दिवस में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की भागीदारी 17.48 प्रतिशत और महिलाओं की भागीदारी 57.58 प्रतिशत है। इस योजना में ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की बढ़ी हुई भागीदारी और रोजगार के अवसरों तक उनकी पहुंच को दर्शाता है। वीबी-जी राम जी योजना से संबंधित आंकड़े एकत्र करने वाली प्रणाली एमआईएस (मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) से मिली जानकारी के अनुसार इसके अंतर्गत 1 जुलाई से अब तक 457 करोड़ 93 लाख रुपये के भुगतान को प्राधिकृत किया जा चुका है। इस योजना के सफल संचालन के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 9 महीने अर्थात जुलाई से मार्च 2027 तक के लिए केंद्रांश एवं राज्यांश समेत कुल 11 हजार 193 करोड़ रुपये के अंतरिम बजट का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत अब तक दो हजार 679 करोड़ की राशि को शुरुआती तौर पर विमुक्त कर दी गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिनों के रोजगार की गारंटी प्रदान की गई है। इसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ आजीविका संवर्द्धन एवं टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण को गति देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

''वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत राज्य में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ आजीविका संवर्द्धन, पर्यावरण संरक्षण और आवश्यक ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण परिवारों को अधिक अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम, 2025 राज्य के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में 01 जुलाई 2026 से प्रभावी है। इसके माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों को रोजगार दिलाने की योजना को मूर्तरूप दिया जा रहा है।।''



**श्रवण कुमार**
मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग

# रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त सौर बिजली पर भी मिलेगा उपभोक्ताओं को लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** नेट मीटरिंग व्यवस्था में उपभोक्ता अपने घर पर लगे सोलर प्लांट से बिजली बनाता है। पहले इस बिजली का उपयोग उसके घर की जरूरत के लिए होता है। इसके बाद यदि कुछ बिजली बच जाती है तो वह बिजली ग्रिड में चली जाती है। इस अतिरिक्त बिजली का समायोजन हर महीने के बिजली बिल में किया जाता है। यदि किसी महीने सोलर से बनी बिजली खपत से अधिक होती है तो बची हुई बिजली का लाभ अगले महीने में ले जाया जाता है। इस तरह उपभोक्ता की अतिरिक्त बिजली अगले महीनों की खपत के साथ समायोजित होती रहती है, लेकिन वित्तीय वर्ष के अंत में जो अतिरिक्त बिजली बच जाती है, उसका क्रेडिट वर्तमान व्यवस्था में समाप्त हो जाता है। उपभोक्ताओं को उनकी अतिरिक्त सौर बिजली का लाभ मिल सके और बिहार में सोलर को और बढ़ावा मिल सके, इसके लिए ऊर्जा विभाग ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग से इस संबंध में आवश्यक प्रावधान करने का अनुरोध किया है। प्रस्ताव है कि वित्तीय वर्ष के अंत में उपभोक्ता के खाते में बची अतिरिक्त बिजली ऊर्जा विभाग द्वारा खरीदी जाएगी। इससे उपभोक्ता को अपनी अतिरिक्त उत्पादित बिजली का भी आर्थिक लाभ मिल सकेगा। इससे लोगों को अपने घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही जिन उपभोक्ताओं ने पहले से सोलर प्लांट लगा रखा है, उन्हें भी अपनी अतिरिक्त बिजली के लिए उचित लाभ मिल सकेगा। इससे राज्य में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने और पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। इसी तरह पीएम-कुसुम योजना के तहत किसान भी सोलर प्लांट लगाकर बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इन सोलर प्लांटों से उत्पादित बिजली की खरीद ऊर्जा विभाग द्वारा की जा रही है। इससे किसानों को अपनी जमीन पर सोलर प्लांट लगाने और बिजली बेचकर आय प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। साथ ही राज्य में स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन भी बढ़ रहा है। ऊर्जा विभाग द्वारा सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उपभोक्ताओं, किसानों और सोलर प्लांट लगाने वाली कंपनियों को आवश्यक सहयोग देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

सोलर प्लांट लगाने से लेकर बिजली को ग्रिड से जोड़ने तथा संबंधित प्रक्रियाओं में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। ऊर्जा विभाग का उद्देश्य है कि सोलर अपनाने वाले उपभोक्ताओं और किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले तथा बिहार में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार हो।

## नेउरा-जटडुमरी रेलखंड का किया जायेगा सीआरएस निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** नवनिर्मित 20 किमी लंबे नेउरा-जटडुमरी रेलखंड का संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा तथा निरीक्षण के उपरांत विशेष ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल किया जायेगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त निरीक्षण के दौरान रेलवे लाईन से दूर रहें। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा। विदित हो कि 42 किलोमीटर लंबे नेउरा-दनियावां नई रेल लाईन परियोजना के तहत पहले चरण में 22.74 किमी लंबे जट डुमरी से दनियावां तक का कार्य पूर्ण होने के उपरांत उस पर ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। परियोजना के दूसरे चरण में शेष 20 किलोमीटर लंबे जट डुमरी से नेउरा तक कार्य पूर्ण होने के उपरांत कल दिनांक 08 अक्तूबर 2026 को सीआरएस निरीक्षण किया जाएगा।

## मोदी की 25 वर्ष की जनसेवा यात्रा राष्ट्रसेवा की प्रेरणागाथा : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 7 अक्टूबर 2001 से शुरू हुई और प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर जारी 25 वर्ष की जनसेवा यात्रा पूर्ण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ढाई दशकों की यह यात्रा भारतीय लोकतंत्र में सेवा, संकल्प और समर्पण की अद्वितीय गाथा है। नरेन्द्र मोदी ने 'राष्ट्र प्रथम' को जीवन का ध्येय बनाकर कार्य किया है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सुशासन और विकास का मॉडल प्रस्तुत करने से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने तक उनकी पहल में अंत्योदय और अंतिम व्यक्ति के उत्थान की चिंता प्रमुख रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गरीब कल्याण, किसान सम्मान, नारी सशक्तीकरण, युवा शक्ति और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए लिए गए निर्णयों से करोड़ों देशवासियों में आशा और विश्वास का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल सत्ता की नहीं, बल्कि राष्ट्रसाधना की प्रेरणादायी आधारशिला है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सुदीर्घ और यशस्वी जीवन तथा निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए ईश्वर से मंगलकामना की।

## लंबी दूरी की ट्रेनों में स्वच्छता एवं यात्री सुविधाओं की विशेष निगरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे द्वारा लंबी दूरी की ट्रेनों में रख-रखाव, स्वच्छता एवं साफ-सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। 40 घंटे से अधिक की यात्रा अवधि वाली चिन्हित लंबी दूरी की ट्रेनों में पूरे यात्रा मार्ग के दौरान स्वच्छता बनाए रखने तथा यात्री सुविधाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान यात्रियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस को प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ-साथ कोच एवं शौचालयों की नियमित सफाई, कूड़ा संग्रहण, छोटे-मोटे अनुरक्षण कार्य तथा बायो-टॉयलेट की कार्यशीलता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल से खुलने अथवा गुजरने वाली 40 घंटे से अधिक की यात्रा अवधि वाली प्रमुख लंबी दूरी की ट्रेनों में 15909/10 डिब्रूगढ़-लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस, 19483/84 अहमदाबाद-सहरसा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, 22365/66 दानापुर-एसएमभीबी बेंगलुरू-दानापुर एक्सप्रेस, 11401/02 पूणे-सुपौल-पूणे एक्सप्रेस, 15707/08 कटिहार-अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस, 13201/02 राजगीर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-राजगीर एक्सप्रेस, 12203/04 सहरसा-अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें शामिल है।

## नितिन नवीन ने एमएलए विनय बिहारी को बुलाकर एक्शन की दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार की राजनीति में अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर असहज स्थिति पैदा करने वाले लौरिया विधायक विनय बिहारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालिया दिनों में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, धरने और सरकारी खजाने पर बयानबाजी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उन्हें तलब किया। मुलाकात के दौरान नितिन नवीन ने उनके बयानों पर कड़ा रुख अपनाया और भविष्य में ऐसे आचरण से दूर रहने की नसीहत दी। सूत्रों के मुताबिक पार्टी नेतृत्व ने साफ कर दिया है कि अगर आगे ऐसा कोई भी बयान या कदम उठाया गया तो उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विधायक विनय बिहारी लगातार बिहार सरकार के प्रशासनिक कामकाज पर सवाल उठा रहे थे। उन्होंने न केवल विरोध जताते हुए धरना दिया, बल्कि एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान सरकार के खजाने पर भी विवादित टिप्पणी की थी। पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने विधायक को तलब कर उनके इस व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर जाकर अपनी ही सरकार और संगठन को असहज करने वाले बयानों से परहेज करें, अन्यथा पार्टी अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए मजबूर होगी।

**क्षेत्रीय पहचानः** विनय बिहारी पश्चिम चंपारण जिले की लौरिया विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक हैं।

**सांस्कृतिक पृष्ठभूमिः** राजनीति में आने से पहले और वर्तमान में भी वे एक चर्चित भोजपुरी गायक, गीतकार और संगीतकार के रूप में जाने जाते हैं।

**चर्चित कार्यशैलीः** वे अपने क्षेत्र की समस्याओं (जैसे सड़क निर्माण और विकास कार्य) को उठाने के लिए अनोखे विरोध प्रदर्शनों और बयानों के लिए जाने जाते हैं। विनय बिहारी पिछले कुछ समय से स्थानीय प्रशासनिक उदासीनता और विकास कार्यों में हो रही देरी से नाराज चल रहे थे। अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ जाने और सरकारी नीतियों के साथ खजाने पर बयानबाजी करने से विपक्ष को हमला करने का मौका मिल रहा था। पार्टी आलाकमान का मानना है कि पार्टी के अंदरूनी मुद्दों को संगठन के मंच पर उठाया जाना चाहिए, न कि सार्वजनिक रूप से सरकार की छवि खराब की जाए। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की ओर से दी गई इस सख्त चेतावनी से पार्टी के अन्य विधायकों और नेताओं को भी स्पष्ट संदेश दिया गया है। संगठन ने यह साफ कर दिया है कि सरकार या पार्टी की नीतियों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक विनय बिहारी को अब अपनी बात केवल पार्टी के आंतरिक मंचों पर ही रखने का निर्देश दिया गया है।

## पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे, सीएम सम्राट चौधरी ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भी प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को लेकर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प और गरीब कल्याण के प्रति अटूट समर्पण के साथ 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूर्ण करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। 7 अक्टूबर 2001 से शुरू हुई यह यात्रा आज सुशासन, जनसेवा और विकास की नई परिभाषा गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों के सशक्तीकरण से लेकर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य तक प्रधानमंत्री का नेतृत्व करोड़ों देशवासियों के विश्वास और आकांक्षाओं का प्रतीक बना है। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने 'एक्स' पर लिखा कि शासन प्रमुख के रूप में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने पर प्रधानमंत्री को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर भारत के प्रधानमंत्री तक की यह यात्रा राष्ट्र निर्माण, सुशासन और जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण रही है।

## हर जिले में मॉडल सहकार ग्राम, नाबार्ड के सहयोग से गांवों में खुलेंगे कोआपरेटिव बैंक और कृषि यंत्र बैंक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नई सहकारिता नीति, 2026 को गति देने के लिए बिहार सरकार नाबार्ड के सहयोग से प्रत्येक जिले में एक माडल सहकार ग्राम विकसित करने जा रही है। इसके लिए सहकारिता विभाग ने रोडमैप तैयार किया है। सरकार का लक्ष्य सहकारिता को गांव, रोजगार और स्थानीय कारोबार से जोड़ना है। मॉडल ग्रामों में प्रौद्योगिकी समावेशन, प्रशिक्षण और कौशल शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। युवाओं की सहभागिता बढ़ाकर रोजगार के नए अवसर तैयार किए जाएंगे। माडल सहकार ग्राम में कोआपरेटिव बैंक के ब्रांच खोले जाएंगे। इसके साथ ही कृषि यंत्र बैंक की स्थापना होगी जहां किसानों को कम दरों पर कृषि यंत्र और उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। निर्धारित दरों पर खाद-बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था होगी। किसानों के लिए अनाज भंडारण की सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता देने का भी प्रविधान किया गया है। माडल सहकार ग्राम की अवधारणा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता आंदोलन को मजबूत किया जाएगा। गांवों को आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए डेयरी, मत्स्य पालन, कृषि और लघु उद्योगों जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। अनाज भंडारण, खुदरा व्यापार और अन्य सेवाओं का भी विस्तार किया जाएगा। माडल ग्रामों में कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यहां युवाओं और महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। महिला-केंद्रित सहकारी संस्थाओं को भी मजबूत करने की योजना है। इन संस्थाओं का संचालन लोकतांत्रिक तरीके से किया जाएगा। एक सदस्य, एक वोट के सिद्धांत के आधार पर सभी सदस्यों को समान अधिकार और लाभ सुनिश्चित करने पर जोर रहेगा। सहकारिता विभाग ने राज्य में सहकारी समितियों की संख्या में 30 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य तय किया है। नए और निष्क्रिय सदस्यों को फिर से सहकारी समितियों से जोड़ा जाएगा। हर गांव में एक सहकारी समिति स्थापित करने की दिशा में भी काम होगा।

## बालकेश्वर प्रसाद स्मृति शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एमवीपी चेस क्लब एवं बिहार विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में बिहार विद्यापीठ परिसर स्थित देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में दो दिवसीय आठवीं बालकेश्वर प्रसाद स्मृति शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्याम रजक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ शतरंज जैसे बौद्धिक खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने की। उन्होंने शतरंज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शतरंज का प्राचीन भारतीय स्वरूप 'चतुरंग' के नाम से जाना जाता था, जो कालांतर में शतरंज और फिर विश्व स्तर पर 'चेस' के रूप में प्रचलित हुआ। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शतरंज खेलने वाले बच्चों में तार्किक एवं गणितीय क्षमता बेहतर विकसित होती है। इसलिए विद्यालयों के पाठ्यक्रम में शतरंज को शामिल किया जाना चाहिए।

## बीपीएससी टीआरई-4 में विवाहित महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण का नियम स्पष्ट

### पति के पते पर नहीं, पिता के स्थायी पते के आधार पर देने होंगे प्रमाण-पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शिक्षक भर्ती के लिए लागू डोमिसाइल नीति के बीच बीपीएससी टीआरई-4 में विवाहित महिला अभ्यर्थियों के आरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण नियम सामने आया है। आरक्षण का लाभ लेने वाली विवाहित महिला उम्मीदवारों को अपने पति के पते के आधार पर नहीं, बल्कि पिता के स्थायी पते के आधार पर निर्धारित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। इस नियम का विशेष महत्व उन महिला अभ्यर्थियों के लिए है जिनकी शादी बिहार में हुई है, लेकिन उनका मायका या स्थायी निवास बिहार से बाहर है। केवल बिहार में शादी होने के आधार पर ऐसी महिला को राज्य की आरक्षण सुविधाओं का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण का दावा करने के लिए निर्धारित डोमिसाइल और प्रमाण-पत्र की शर्तों को पूरा करना अनिवार्य होगा। टीआरई-4 में आरक्षण का दावा करने वाली विवाहित महिला अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र और नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। इन प्रमाण-पत्रों के लिए पिता के स्थायी पते को आधार माना गया है। अर्थात शादी के बाद महिला का वर्तमान पता यदि बिहार में पति के घर का है, तब भी आरक्षण से संबंधित दस्तावेज पिता के स्थायी पते के आधार पर होने चाहिए। दस्तावेज सत्यापन के दौरान अभ्यर्थियों को इस नियम का विशेष ध्यान रखना होगा। नियम का सीधा असर उन महिलाओं पर पड़ सकता है जिनका मूल निवास बिहार से बाहर है और जिन्होंने बिहार के किसी व्यक्ति से शादी की है। ऐसी महिला का वैवाहिक निवास बिहार में होने के बावजूद केवल शादी के आधार पर बिहार की आरक्षण व्यवस्था में पात्रता नहीं बनेगी। आरक्षण का लाभ लेने के लिए संबंधित डोमिसाइल और प्रमाण-पत्र की निर्धारित शर्तें पूरी करनी होंगी। बिहार सरकार ने शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल नीति लागू की है। टीआरई-4 में इसके तहत बिहार के स्थायी निवासियों को भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जा रही है।

## उपभोक्ता सेवा और बिजली व्यवस्था बहाली में लापरवाही पर ऊर्जा विभाग सख्त, दो विद्युत अधिकारी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उपभोक्ता सेवाओं में अपेक्षित तत्परता नहीं बरतने एवं विद्युत सेवा बहाली में लापरवाही बरतने पर नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के दो विद्युत अधिकारियों को निलंबित किया गया है। निलंबित अधिकारियों में हरिकृष्ण शरण, कनीय विद्युत अभियंता, मांझी तथा राजेश कुमार भारती, सहायक विद्युत अभियंता, छपरा (ग्रामीण) शामिल हैं। नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने कहा कि कर्तव्यों में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता और उपभोक्ता सेवा में उदासीनता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। ज्ञात हो कि ऊर्जा विभाग एवं बिजली कंपनियों द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देश पर आयोजित होने वाले सहयोग शिविर से प्राप्त शिकायतों का तेजी से निष्पादन करते हुए उसका गहनता से अनुश्रवण किया जा रहा है तथा शिकायतों के निवारण के लिए तत्परता से हर स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा लोगों को विद्युत सेवा देने में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## राष्ट्रीय डाक सप्ताह में दिखेंगी डाक विभाग की नई डिजिटल सेवाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में 9 से 15 अक्टूबर तक विश्व डाक दिवस एवं राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2026 मनाया जाएगा। इस दौरान भारतीय डाक विभाग की ओर से राज्य के सभी डाकमंडलों में जागरूकता एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सप्ताह भर चलने वाले आयोजनों के माध्यम से लोगों को डाक विभाग की पारंपरिक सेवाओं के साथ आधुनिक और डिजिटल सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। राष्ट्रीय डाक सप्ताह की शुरुआत 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस के अवसर पर होगी। इस दिन मुख्य कार्यक्रम आयोजित कर डाक विभाग की बदलती भूमिका और आधुनिक सेवाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। विभाग का प्रयास लोगों को अपनी सेवाओं से जोड़ने और उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने का है। 12 अक्टूबर को 'फन विद फिलाटेली डे' मनाया जाएगा। इसके तहत स्कूली बच्चों के लिए डाक टिकट संग्रह से संबंधित प्रदर्शनी और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। बच्चों को फिलाटेली यानी डाक टिकट संग्रह के महत्व और इससे जुड़ी जानकारी दी जाएगी। 13 अक्टूबर को 'वित्तीय समावेशन एवं सीसीएस दिवस' के तहत डाक विभाग की वित्तीय सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान बचत खाते, सुकन्या समृद्धि योजना, आधार से जुड़ी सेवाओं सहित अन्य वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। 14 अक्टूबर को 'मेल्स एंड पार्सल्स डे' मनाया जाएगा। इस अवसर पर लोगों को स्पीड पोस्ट, पार्सल सेवाओं तथा ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सुविधाओं के बारे में बताया जाएगा। इसके माध्यम से ग्राहकों को डाक विभाग की आधुनिक डिलीवरी सेवाओं से परिचित कराया जाएगा। 15 अक्टूबर को 'टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन डे' के तहत डाक सेवाओं में तकनीकी बदलाव और डिजिटल सुविधाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके माध्यम से बताया जाएगा कि बदलती जरूरतों के अनुरूप डाक विभाग लगातार अपनी सेवाओं का आधुनिकीकरण कर रहा है। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के दौरान यह संदेश भी दिया जाएगा कि डाकघर अब केवल चिट्ठियों के आदान-प्रदान और डाक वितरण तक सीमित नहीं है। आज डाक विभाग बचत एवं वित्तीय सेवाओं, आधार से जुड़ी सुविधाओं, स्पीड पोस्ट, पार्सल डिलीवरी, ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के बीच ई-वेंट ने मैन्युफैक्चरिंग विस्तार की दिशा में बढ़ाया कदम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। भारत में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की बढ़ती मांग के बीच ई-वेंट ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। कंपनी अपनी मैन्युफैक्चरिंग सुविधा के आकार और उत्पादन क्षमता का विस्तार कर रही है, ताकि बढ़ती ग्राहक मांग और डीलर ऑर्डर्स को पूरा किया जा सके। कंपनी के अनुसार टियर 1, टियर 2 और टियर 3 शहरों में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर रुचि बढ़ रही है। कुछ ऐसे डीलर्स भी दोबारा ई-वेंट से जुड़ रहे हैं जिन्होंने पहले अन्य ईवी ब्रांड्स के साथ काम किया था। ई-वेंट के फाउंडर उमंग सरावगी ने कहा ग्राहकों की पूछताछ और खरीदारी में बढ़ोतरी को देखते हुए मैन्युफैक्चरिंग क्षमता का विस्तार एक रणनीतिक कदम है। हमारा फोकस बढ़ती मांग को गुणवत्ता और डिलीवरी टाइमलाइन से समझौता किए बिना पूरा करने पर है। कंपनी मैन्युफैक्चरिंग विस्तार के साथ अपने डीलर नेटवर्क को मजबूत करने और ग्राहकों के लिए बेहतर उपलब्धता व सर्विस सुनिश्चित करने पर भी काम कर रही है।

## मृदुराज प्रतिभा सम्मान समारोह में गूंजा 'विकसित बिहार' का संकल्प

### शिक्षा-रोजगार और महिला सशक्तिकरण पर हुई परिचर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मृदुराज प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 सह-परिचर्चा का आयोजन 'विकास के पथ पर बढ़ता बिहार' विषय पर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, बिहार सरकार के राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल, विधायक श्याम रजक और संजय चौरसिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र नीरज ने की जबकि मंच संचालन राजीव रंजन ने किया। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए कई लोगों को सम्मानित किया गया। चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में पद्मश्री डॉ. शांति राय, मृदुराज जनसेवा सम्मान (राजनीति) से शिशिर कुमार, शिक्षा सम्मान से सचिंद्र कुमार, समाज सेवा के लिए प्रवीण कुमार तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कुमारी जूही सिन्हा सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा बिहार के विकास के लिए केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन और समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचना भी जरूरी है। शिक्षा, रोजगार और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर हम बिहार को विकास के पथ पर और तेजी से आगे ले जा सकते हैं। भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा बिहार आज विकास के नए दौर में आगे बढ़ रहा है।

## डॉ. अजय कुमार पासवान ने संभाला बिहार कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष का पदभार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार पासवान ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने डॉ. अजय कुमार पासवान को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मीडिया एवं प्रचार विभाग पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े मुद्दों को जनता तक प्रभावी, तथ्यपरक और सशक्त ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. अजय कुमार पासवान के नेतृत्व में मीडिया विभाग और अधिक सक्रिय, सुदृढ़ एवं प्रभावशाली बनेगा तथा कांग्रेस की आवाज को मजबूती के साथ जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. अजय कुमार पासवान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

## बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाइफ्स एसोसिएशन ने किया डांडिया नाइट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाइफ्स एसोसिएशन द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में इनकम टैक्स स्थित बासा भवन में भव्य डांडिया नाईट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पटना की उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी द्वारा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने डांडिया की धुन पर देर रात तक गरबा और डांडिया रास का आनंद लिया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष नीलू कुमारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि हम सभी महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने और अपनी प्रतिभा को साझा करने का अवसर देना भी है। आज सभी महिलाओं ने जिस उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया, वह बेहद खुशी की बात है। नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गरबा के माध्यम से सभी ने खूब आनंद लिया। हमारा प्रयास है कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहे जिससे महिलाओं के बीच आपसी सहयोग, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था की अध्यक्ष नीलू कुमारी, सचिव राखी माथुर तथा कोषाध्यक्ष छाया दर्द की अहम भूमिका रही। जबकि अन्य महिलाएं अनीता मेहता, पूनम सिंह, स्वेताम्बरी सिंह, सुषमा, स्वाति, सुनीता, अर्चना, स्वीटी, अमृता, मोनिका, प्रीति, राधा, पुष्पा ने भी बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को एसोसिएशन की ओर से पुरस्कृत किया गया।

# रोहतास में पर्यटन सर्किट और औद्योगिक हब विकसित करने की मांग

**○भाजपा नेता अजय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को सौंपा चार सूत्री जनहित प्रतिवेदन○ सोन कटाव रोकने व आधुनिक कृषि मंडी की भी उठाई**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के डिहरी-सासाराम आगमन के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय कुमार सिंह ने जिले के समग्र एवं दीर्घकालीन विकास को लेकर चार सूत्री जनहित प्रतिवेदन सौंपा। इसमें रोहतास को समेकित पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने, डिहरी-सासाराम क्षेत्र में औद्योगिक गलियारा अथवा औद्योगिक हब बनाने, सोन नदी के कटाव की समस्या का स्थायी समाधान करने तथा किसानों के लिए आधुनिक कृषि मंडी स्थापित करने की मांग की गई है। अजय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को दिए प्रतिवेदन में कहा है कि रोहतास जिला ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध है। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़कर 'रोहतास पर्यटन सर्किट' विकसित किया जा सकता है। इसके लिए रोहतास किला, महादेव खोह, करमचट डैम, गुप्ता धाम, मांझर कुंड, बुद्धन झील, तुतला भवानी धाम, इंद्रपुरी बराज, कशिश झील, गोडैला पहाड़, झारखंडी मंदिर, धुआं कुंड, शेरशाह किला, सीता कुंड, गीता कुंड, ताराचंडी धाम और बुढ़वा महादेव सहित अन्य स्थलों को शामिल करने का सुझाव दिया गया है। उन्होंने इन स्थलों का समग्र सर्वेक्षण कर पर्यटन मास्टर प्लान तैयार कराने की मांग की है। प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सड़क एवं संपर्क मार्ग, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, प्रकाश, सुरक्षा, सूचना केंद्र, साइन बोर्ड, बैठने की व्यवस्था, पर्यटक आवास और होम-स्टे जैसी सुविधाएं विकसित करने की बात कही गई है। उनका कहना है कि इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे तथा जिले में पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। प्रतिवेदन में डिहरी-सासाराम क्षेत्र को औद्योगिक गलियारा अथवा समेकित औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की मांग भी की गई है। अजय कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में सड़क एवं रेल संपर्क के साथ माल परिवहन के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। इसका लाभ उठाकर कृषि आधारित उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, धान-चावल प्रसंस्करण, वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग तथा लघु एवं मध्यम उद्योग विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने उपयुक्त भूमि एवं आधारभूत सुविधाओं का व्यवहार्यता और तकनीकी सर्वेक्षण कराने तथा राज्य और केंद्र की औद्योगिक योजनाओं से क्षेत्र को जोड़ने की कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया। भाजपा नेता ने सोन नदी के किनारे विभिन्न स्थानों पर हो रहे कटाव को गंभीर समस्या बताते हुए इसके स्थायी समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि कटाव से नदी किनारे बसे परिवारों की भूमि, आवास और आजीविका पर खतरा उत्पन्न हो रहा है।

## वेतन बढ़ोतरी को लेकर रात्रि प्रहरी का धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** बिहार विद्यालय रात्रि प्रहरी संघ के आह्वान पर बुधवार को जिलेभर के रात्रि प्रहरियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कैमूर समाहरणालय के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। संघ के जिलाध्यक्ष श्रीकांत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित धरने में बड़ी संख्या में रात्रि प्रहरी शामिल हुए। इस दौरान कई रात्रि प्रहरियों ने भूख हड़ताल कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। धरना के दौरान शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह कनीय अभियंता सुरेश प्रसाद सिंह के माध्यम से जिलाधिकारी को छह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। रात्रि प्रहरियों ने सरकार से उनकी सेवा से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की।

# रात्रि प्रहरियों की भूख हड़ताल, 30 हजार मानदेय की मांग

**मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना की चेतावनी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विद्यालय रात्रि प्रहरी संघ के आह्वान पर बुधवार को कैमूर समाहरणालय के समक्ष जिले के सैकड़ों रात्रि प्रहरियों ने विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल सह धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष श्रीकांत कुमार ने की। इस दौरान रात्रि प्रहरियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह कनीय अभियंता सुरेश प्रसाद सिंह के माध्यम से जिलाधिकारी को सौंपा। रात्रि प्रहरियों ने सेवा पुस्तिका का संधारण करने, राज्य कर्मी अथवा चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का दर्जा देने, विद्यालयों में रिक्त लिपिक एवं परिचारी के पदों पर योग्यता के आधार पर समायोजन करने, मानदेय का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में करने तथा वर्तमान 10 हजार रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने की मांग की। इसके अलावा अनुकंपा नियमावली को पुनः बहाल करने की भी मांग उठाई गई। धरने में जिला सचिव अरविंद कुमार सहित रिंकू राम गोंड, प्रमोद प्रजापति, प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, शिव कुमार बिंद, अजय प्रसाद, कैलेंडर पासवान, उमेश पासवान, राजेंद्र चौहान, संजय राम, सच्चिदानंद राय, मनोज पांडे, राम लखन सिंह, अभिषेक कुमार, अजीत कुमार, रविंद्र कुमार, संजय शर्मा, गोविंद कुमार सिंह, रामानंद राम, वर्मा, तूफानी सिंह, शिवनाथ राम, राम लखन पांडे, नागेंद्र सिंह, शिवशेखर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में रात्रि प्रहरी मौजूद रहे। रात्रि प्रहरियों ने कहा कि उन्हें करीब छह माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। इससे उनके परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

# जदयू राष्ट्रीय महासचिव का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं संग बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा के रोहतास आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। अनुमंडल क्षेत्र के नगर पंचायत कोआथ में उन्होंने जदयू के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक की तो वहीं पटेल सेवा संघ के लोगों ने भी उनका भव्य स्वागत किया। वहीं रात्रि भोज का कार्यक्रम सूर्यपुरा के शिवो बहार गांव में प्रखंड जदयू अध्यक्ष रवि पटेल के आवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मनीष वर्मा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सत्ता काल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने तीस वर्षों के बिगड़े हालात में बिहार को संभाला और बीस वर्षों में बहुत कुछ पटरी पर लाने का प्रयास किया। वर्तमान हालात के संबंध में भी उन्होंने कहा कि अभी बहुत कुछ करना बाकी है। बिहार की जो तरक्की होनी चाहिए थी वह पूरी तरह नहीं हो पाई है। परोक्ष रूप से उन्होंने नीतीश कुमार के नहीं रहने का अफसोस भी जाहिर किया। वहीं उन्होंने कार्यकर्ता साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की अधिक आबादी होने के कारण उन्हें राजनीति में उचित हिस्सेदारी देना पड़ेगा, ताकि युवा शक्ति का उपयोग बिहार के विकास में किया जा सके। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर संयोजक संजय वर्मा, पटेल सेवा संघ के दावथ, सूर्यपुरा के प्रखंड अध्यक्ष अमरेंद्र पटेल, लाल बहादुर महतो, संटू पटेल, अजय शौण्डिक, धनजी सिंह सहित बहुत से कार्यकर्ता एवं ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# एमबीबीएस 2026-27 बैच के फाउंडेशन कोर्स का शुभारंभ

**मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और डीजीपी प्रीता वर्मा ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार में एमबीबीएस के नवप्रवेशित बैच 2026-27 के फाउंडेशन कोर्स के प्रथम दिवस का शुभारंभ गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत तथा बिहार की पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा ने शिरकत कर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर गोविंद नारायण सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पुनीत कुमार सिंह तथा नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. बिनोद शंकर सिंह सहित संस्थान के अन्य पदाधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने भावी चिकित्सकों को चिकित्सा के क्षेत्र में व्यावसायिक उत्कृष्टता के साथ अनुशासन, मानवीय संवेदना और नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सीख दी। उन्होंने विद्यार्थियों से ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ मरीजों की सेवा करने तथा चिकित्सा पेशे की गरिमा को बनाए रखने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक बनना केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा की बड़ी जिम्मेदारी है। मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, समर्पण और जिम्मेदारी एक सफल चिकित्सक के महत्वपूर्ण गुण हैं। विद्यार्थियों को अपने अध्ययन काल में इन मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया। फाउंडेशन कोर्स चिकित्सा शिक्षा की दिशा में विद्यार्थियों का पहला महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से नवप्रवेशित विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा, पेशेवर आचरण, नैतिक जिम्मेदारियों और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के लिए तैयार किया जाता है। एमबीबीएस बैच 2026-27 के लिए यह अवसर चिकित्सा शिक्षा की नई यात्रा की प्रेरणादायी शुरुआत के रूप में यादगार बन गया।

# रोहतास में महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका, इस्तीफा की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार को रोहतास प्रखंड में महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बैनर तले आयोजित इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय से सुंदरगंज तक पैदल मार्च निकाला और जमकर नारेबाजी की। मार्च के पश्चात चौरंगी चौक के समीप कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. हसन और राजद प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। नेताओं ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ही लोकतंत्र की आत्मा है। विपक्ष द्वारा चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर चुनाव आयोग को अविलंब स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

वक्ताओं ने चेतावनी दी कि चुनाव प्रक्रिया में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए महागठबंधन का यह चरणबद्ध आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर राजेश कुमार यादव, अनुग्रह पांडे, आरिफ हुसैन, एतेशम, युनुस खान, कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, बबन सिंह, रामचंद्र राम, आजाद अहमद, अरविंद यादव, विनोद यादव, आशिक खान, रमेश उरांव और रामाशीष यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# इंडस टावर्स साइट पर उपद्रव के मामले में बड़ी कार्रवाई, चुनमुन पांडे गिरफ्तार

**कंपनी के अधिकारियों ने साइट की सुरक्षा का किया आग्रह**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनिया क्षेत्र में इंडस टावर्स लिमिटेड के मोबाइल टावर साइट पर कथित रूप से जबरन कब्जा करने, तोड़फोड़ करने और कंपनी के अधिकारियों के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में नामजद चुनमुन कुमार पांडे को कैमूर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों पर भी गिरफ्तारी का दबाव बढ़ गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम 15-20 लोगों की एक भीड़ मोबाइल टावर साइट पर पहुंची। भीड़ ने साइट पर जबरन कब्जा करने और वहां तोड़फोड़ करने का प्रयास किया। इस दौरान कंपनी के कई अधिकारियों के साथ कथित तौर पर मारपीट भी की। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कंपनी की ओर से कुदरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी में चुनमुन कुमार पांडे, धर्मेंद्र पांडे, विकास कुमार तिवारी, बंटी कुमार, टुनटुन तिवारी, विश्वजीत कुमार, अनिल तिवारी, पुनीत उपाध्याय, अविनाश कुमार और अरविंद कुमार तिवारी समेत अन्य लोगों को नामजद किया गया है।

**5 अक्टूबर को ही दो गिरफ्तारियां**

मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 5 अक्टूबर को विकास कुमार तिवारी और अरविंद कुमार तिवारी को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने मामले में नामजद चुनमुन कुमार पांडे को भी गिरफ्तार कर लिया।

**फरार आरोपियों की तलाश जारी**

मामले में अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी गतिविधियों और संभावित ठिकानों की जानकारी जुटा रही है।

**कंपनी ने सुरक्षा को लेकर जताई चिंता**

घटना के बाद इंडस टावर्स की साइट और वहां कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई गई है। कंपनी की ओर से स्थानीय प्रशासन और पुलिस से साइट की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

# हर क्षेत्र के दिग्गजों का शाहाबाद महोत्सव में जुटान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** राजनीतिक, प्रशासनिक, साहित्यिक, चिकित्सा शिक्षा पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में महती भूमिका निभा रहे लोग आगामी 27 अक्टूबर दिल्ली के मावलंकर ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले 8वीं शाहाबाद महोत्सव दिल्ली में शामिल होंगे। इसके लिए आयोजन समिति के पदाधिकारी देश की राजधानी सहित बिहार झारखंड में रहे लोगों से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि अभी तक केन्द्रीय कला संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, सांसद उपेन्द्र कुशवाहा, मनोज तिवारी, सुधाकर सिंह, राजाराम सिंह, बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, बिहार सरकार के कला संस्कृति मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी, शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाईगर, योजना विकास मंत्री श्रीभगवान कुशवाहा, जमा ख़ान, बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार दूबे, उर्वरक विभाग के मुख्य लेखा नियंत्रक संतोष कुमार, कैबिनेट सचिव सुरक्षा राजीव सिंह, प्रसार भारती सदस्य कार्मिक राजीव भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में पहली बार शाहाबाद को ऐतिहासिक विरासत तथा गौरवशाली कला संस्कृति और पर्यटन विकास को केंद्र में रखकर किए जा रहे आयोजन को लेकर खासकर दिल्ली में रह रहे शाहाबादियों में काफी देखने को मिल रहा है। इस समारोह को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के अधिवक्ता संतोष कुमार, विमल कुमार सिंह, आरुणिश पांडेय, स्यंदन सुमन आदि अभियान में शामिल हैं।

# दंत चिकित्सक चिकित्सा व्यवस्था के प्रमुख अंग : डॉ. यूके सिन्हा

**आईडीए के डिहरी-डालमियानगर ब्रांच का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम आयोजित, चिकित्सकों को किया गया सम्मानित**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) रोहतास के डिहरी-डालमियानगर ब्रांच का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम बुधवार को झुनझुनवाला वाटिका में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन आईएमए अध्यक्ष डॉ. यूके सिन्हा, सचिव डॉ. अमिताभ सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. उमेश सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. यूएन मिश्रा तथा आईडीए बिहार के सचिव डॉ. मानवेन्द्र कुमार समेत अन्य चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर आईएमए अध्यक्ष डॉ. यूके सिन्हा ने कहा कि दंत चिकित्सक चिकित्सा व्यवस्था के प्रमुख अंग हैं। मुंह और दांतों का स्वास्थ्य व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सकों के हित और उनके कार्यों में आईएमए हर संभव सहयोग के लिए उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने चिकित्सकों से आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की अपील की। आईडीए बिहार के सचिव डॉ. मानवेन्द्र कुमार ने कहा कि एकजुटता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। हम सभी एकजुट होकर काम करेंगे तो कोई भी संगठन को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता। उन्होंने विश्वास जताया कि आईडीए रोहतास का डिहरी-डालमियानगर ब्रांच आने वाले समय में नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा।

कार्यक्रम में पटना से आईं वक्ता ऐश्वर्या ने एनाटॉमी एंड एक्सेस ओपनिंग विषय पर चिकित्सकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके बाद डिहरी के दंत चिकित्सकों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ. ओपी आनंद, डॉ. रवि प्रकाश, डॉ. रितेश, डॉ. इरशाद, डॉ. मनोरंजन, डॉ. एस. आलम, डॉ. सेहजमा, डॉ. अबुल हसन, डॉ. अमित, डॉ. सुमित, डॉ. रवि रंजन, डॉ. रुपेश, डॉ. स्वाति, डॉ. सारथी, डॉ. संजय, डॉ. शालू, डॉ. कृतिका, डॉ. सीएम मिश्रा, डॉ. स्वेता खत्री, डॉ. रेणुका, डॉ. हिमांशु, डॉ. हासमी एवं डॉ. विकास शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रवि प्रकाश ने की जबकि संचालन आईडीए रोहतास के सचिव डॉ. नवीन नटराजन ने किया।

# रौनियार एकता रथ का स्वागत, डिहरी में राजा हेमू की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग

**दिलीप गुप्ता ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से उठाई मांग, नई पीढ़ी को वीर सम्राट के इतिहास से जोड़ने पर दिया जोर**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रौनियार शिरोमणि सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य 'हेमू' की जयंती एवं विजय दिवस के अवसर पर बुधवार को डिहरी-डालमियानगर में रौनियार वैश्य समाज की ओर से भव्य रौनियार एकता रथ निकाला गया। अम्बेडकर चौक से शुरू हुई रथयात्रा बाबूगंज, डिहरी थाना चौक होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंची जहां सभा में तब्दील हो गई। रथयात्रा के दौरान समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रभारी दिलीप कुमार गुप्ता ने सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य 'हेमू' के शौर्य, वीरता और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन का उद्देश्य समाज और विशेषकर नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास एवं वीर योद्धाओं के योगदान से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि सम्राट हेमू का जीवन साहस, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में दिलीप कुमार गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से डिहरी में सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य 'हेमू' की आदमकद प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि डिहरी में सम्राट हेमू की प्रतिमा स्थापित होने से उनके शौर्य और ऐतिहासिक योगदान को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। दिलीप गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने भी सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य 'हेमू' के इतिहास और उनके योगदान का उल्लेख किया है। ऐसे में डिहरी में उनकी प्रतिमा स्थापित करना वीर सम्राट के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और ऐतिहासिक महापुरुषों के सम्मान के लिए इस तरह के आयोजन निरंतर किए जाएंगे। रौनियार वैश्य समाज की ओर से कार्यक्रम में शामिल अतिथियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और समाज के लोगों का स्वागत किया गया।

# धारा-107 के नोटिस पर दोनों पक्षों की हाजिरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अनुमंडल प्रशासन, बिक्रमगंज द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई के तहत धारा-107 के अंतर्गत जारी नोटिस के आलोक में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के समक्ष प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष के काफी संख्या में लोग हाजिरी लगाने हेतु उपस्थित हुए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उपस्थित दोनों पक्षों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा सभी संबंधित व्यक्तियों को शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा सहित आगामी सभी पर्व-त्योहारों को आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाना है। किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद, अशांति अथवा विधि-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधि से दूर रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन करने की अपील की गई। साथ ही संबंधित व्यक्तियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें तथा तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को इसकी सूचना दें।

# सर्पदंश से मासूम की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुर्गावती (कैमूर)।** जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मनाशा बाजार में सर्पदंश से एक डेढ़ वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया जहां पूरे बाजार में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के मुताबिक कर्मनाशा बाजार निवासी राजन जायसवाल के डेढ़ वर्षीय पुत्र आरुष कुमार को सोमवार की रात्रि में एक विषैला सर्प ने काट लिया इसके बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन में पंडित कमलापति जिला चिकित्सालय चंदौली ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# ज्ञानेश कुमार के खिलाफ राजद-इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन, पुतला फूंक जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चैनपुर (कैमूर)।** ज्ञानेश कुमार के विरोध में बुधवार को चैनपुर प्रखंड में राजद एवं इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने थाना मुख्य मार्ग से मार्च निकालकर विभिन्न रास्तों से होते हुए प्रखंड-अंचल कार्यालय परिसर पहुंचकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने संबंधित मुद्दे को लेकर आक्रोश जताते हुए पुतला दहन किया। मार्च में राजद समेत इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। कार्यकर्ताओं का कहना था कि वे अपने विरोध को लोकतांत्रिक तरीके से दर्ज कराने के लिए सड़क पर उतरे हैं। प्रखंड-अंचल कार्यालय परिसर में पहुंचने के बाद कार्यकर्ताओं ने कुछ देर तक प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इसके बाद पुतला दहन कर अपनी मांगों एवं आपत्तियों को लेकर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन में भोला यादव, मुन्ना खान सहित गठबंधन से जुड़े कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी भी देखने को मिली।

# एसआइआर के विरोध में डिहरी में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन

**अंबेडकर चौक से कर्पूरी चौक तक निकाला विरोध मार्च, पीएम मोदी, अमित शाह व मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को डिहरी में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। देशभर में विपक्षी दलों के आंदोलन के बीच डिहरी में कांग्रेस, राजद और वाम दलों के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। एसआइआर को लेकर विपक्षी दलों का यह विरोध अभियान बिहार में भी तेज हुआ है। इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक से कर्पूरी चौक तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एसआइआर प्रक्रिया के कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उनका कहना था कि इससे मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। वहीं निर्वाचन आयोग की ओर से एसआइआर-2026 के तहत मतदाता सूची और नाम खोजने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**कर्पूरी चौक पर पुतला दहन**

कर्पूरी चौक पहुंचने के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन किया। नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी तरह के बदलाव को लेकर पूरी पारदर्शिता जरूरी है और मतदाताओं को अपने नाम की स्थिति जानने तथा आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार मिलना चाहिए। डिहरी विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रहे गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि यह प्रदर्शन वोट के अधिकार और लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआइआर प्रक्रिया से बड़ी संख्या में मतदाता प्रभावित हुए हैं, इसलिए विपक्षी दलों को सड़क पर उतरना पड़ा है। माले नेता अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मताधिकार प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। मतदाता सूची में बदलाव की प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का स्पष्ट जवाब मिलना चाहिए।


## शपथ-पत्र

मैं, मोहम्मद हुसैन मोहम्मद नाजीर अंसारी (Mohd Husain Mohd Najir Ansari) उर्फ साबिर हुसैन (Sabir Husain), पिता- मोहम्मद नजीर अंसारी, ग्राम- पुरानी शहर, मियां मुहल्ला, दाउदनगर, थाना- दाउदनगर, जिला- औरंगाबाद शपथ पत्र संख्या- 5157, दिनांक-5.10.2026 से बयान करता हूं कि मेरा सही नाम मोहम्मद हुसैन मोहम्मद नाजीर अंसारी (Mohd Husain Mohd Najir Ansari) है। मेरा आधार कार्ड सं- 5276 4550 1441 में मेरा नाम मोहम्मद हुसैन मोहम्मद नाजीर अंसारी (Mohd Husain Mohd Najir Ansari) दर्ज है, जो सही एवं सत्य है। मैं उक्त दोनों नाम मोहम्मद हुसैन मोहम्मद नाजीर अंसारी (Mohd Husain Mohd Najir Ansari) उर्फ साबिर हुसैन (Sabir Husain) के नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूं। इस नाम पते का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है।

## पूर्व रेलवे

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-472, दिनांक 06.10.2026 के लिए खुली ई-निविदा सूचना। सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला- मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-472; कार्य का नाम:** एमएलडीटी मंडल के संबंध में विद्युतीय कार्य - एमएलडीटी मंडल के तहत रेलवे कॉलोनियों में भूमिगत केबल द्वारा एलटी ओवरहेड लाइन का रूपांतरण तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन (चरण-II)। **निविदा मूल्य :** रु. 2,36,53,226.46; **बयाना राशि:** रु. 4,73,100; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 13.10.2026 से 27.10.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** www.ireps.gov.in तथा सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय के सूचना पट्ट पर। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(MLD-216/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने तक न रुकेंगे

## सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण के 25 वर्ष—विकसित भारत का अटूट संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नवादा में 'विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में संकल्प सभा आयोजित हुई। संसदीय कार्यालय के मैदान में आयोजित सभा में हजारों कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नविन के संबोधन का लाइव प्रसारण सुना।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन में सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध की भावना को प्रमुखता से रखा गया। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के संकल्प को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा सांसद विवेक ठाकुर, विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शीला कुशवाहा, प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना, जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह, हिसुआ विधायक अनिल सिंह, पूर्व विधायक अरुणा देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह, विजय कुमार सिन्हा, वीरेंद्र सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक अरविंद गुप्ता, एवं इस कार्यक्रम के प्रभारी अभिजीत कुमार सिन्हा ने मुख्य अतिथि सांसद विवेक ठाकुर का स्वागत अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया इस अवसर पर सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने गरीबी से मुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। विज्ञान से लेकर विरासत तक हर क्षेत्र में भारत ने अपनी उपलब्धियों का परचम लहराया है और एक स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य देश के सामने रखा है, उसे साकार करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हम संकल्प लें कि विकसित भारत के इस लक्ष्य की प्राप्ति तक न रुकेंगे, न थकेंगे और न पथ से डिगेंगे। विकसित भारत संकल्प सभा के बाद सेवा ज्योति यात्रा संसदीय कार्यालय से केंदुआ बाईपास स्थित नवनिर्मित पार्क तक निकाली गई। यात्रा में मशाल लेकर अंतरराष्ट्रीय रग्बी खिलाड़ी पवन राज एवं खेलो इंडिया में कबड्डी के पदक विजेता इंदु कुमार आगे रहे। उनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने यात्रा में भाग लिया।

केंदुआ बाईपास स्थित नवनिर्मित पार्क का नामकरण 'सेवा ज्योति पार्क' किया गया। इस अवसर पर सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का वातावरण रहा। सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों

# बिजली विभाग ने दुर्गा पूजा को लेकर जारी किया गाइडलाइन

## पंडाल समितियों को दिए सख्त निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। बिहार सरकार ऊर्जा विभाग के साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, विद्युत परिवार रजौली की ओर से दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को अग्रिम बधाई देते हुए सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। साथ ही विद्युत संबंधी समस्या के निवारण हेतु महत्वपूर्ण दूरभाष नंबर भी जारी किए गए हैं। रजौली विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि पूजा के दौरान विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए पंडाल समितियों को नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर मेंटेनेंस का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बिजली तारों के ऊपर से गुजरने वाले पेड़-पौधों की छंटाई भी कराई जा रही है। विभाग द्वारा रखरखाव कार्य पूजा की शुरुआत से पूर्व पूरा कर लिए जाने की बात कही गई है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सभी पूजा पंडाल समितियों से अनुरोध है कि भारतीय विद्युत नियम 1956 के तहत पंडाल की क्षैतिज दूरी 1.2 मीटर तथा ऊर्ध्वाधर दूरी 2.5 मीटर रखना सुनिश्चित करें। क्षमता के अनुसार अस्थायी विद्युत संबंध लेना अति आवश्यक एवं अनिवार्य है। अन्यथा विद्युत उपयोग करते हुए पकड़े जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कटे-फटे तार का प्रयोग न करें एवं कटे स्थान पर इलेक्ट्रिकल टेप का उपयोग करें। पंडाल में सजावट हेतु उपयोग में लाने वाले तारों को आम आदमी की पहुंच से ऊपर रखें। विद्युत पोल से पंडाल तक जाने वाले तार उच्च गुणवत्ता वाले होने के साथ-साथ एमसीबी भी उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण का प्रयोग करें।

## एक नजर

### झिरझो में बीएमपी कैंप के लिए 44 एकड़ जमीन की पैमाइश शुरू

**रजौली**। रजौली प्रखंड के रजौली पूर्वी पंचायत के झिरझो गांव में बीएमपी कैंप के निर्माण को लेकर प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हो गई है। बीएमपी अर्थात बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल के कैंप के लिए चिन्हित बिहार सरकार की 44 एकड़ जमीन की पैमाइश बुधवार से शुरू कर दी गई है। पैमाइश के दौरान बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के एसडीओ विश्वजीत सिंह, रजौली के अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी और अंचल अमीन मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने जमीन की सीमांकन कर नापी की प्रक्रिया शुरू की। बताया जाता है कि झिरझो में बीएमपी कैंप बनने से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और साथ ही स्थानीय स्तर पर विकास को भी गति मिलेगी। कैंप के लिए सरकारी जमीन पहले से ही चिन्हित है, जिसकी औपचारिक पैमाइश के बाद निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि सरकार के निर्देश पर जमीन की पैमाइश की जा रही है। पैमाइश पूरी होने के बाद प्रतिवेदन वरीय अधिकारियों को भेजा जाएगा।

### दुर्गा पूजा समिति ने सादगी से पूजा मनाने का लिया निर्णय

**नवादा**। श्री दुर्गा पूजा समिति, अगिया बेताल, अस्पताल रोड, नवादा के सदस्यों की बैठक बुधवार की शाम देवी मंदिर परिसर में समिति के अध्यक्ष नवल किशोर प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस वर्ष दुर्गा पूजा समारोह को सादगीपूर्ण तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया। समिति के सदस्यों ने कहा कि हाल ही में समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता के निधन से पूरा परिवार और समिति के सदस्य मर्माहत हैं। उनके निधन से समिति ने एक सक्रिय एवं समर्पित सदस्य को खो दिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भव्य आयोजन के बजाय माता दुर्गा की छोटी प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान एवं सादगी के साथ पूजा-अर्चना करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता संतोष कुमार सिन्हा, डॉ. संजय कुमार मिश्रा, सचिव संतोष कुमार मुन्ना, संजय कुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, होम लाइट, मुकेश कुमार सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने पूजा के दौरान शांति, सौहार्द और धार्मिक मर्यादा बनाए रखने पर भी चर्चा की। बैठक के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगत अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन



**कौआकोल**। बुधवार को कौआकोल बाजार स्थित जेपी चौक के समीप महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के विरोध में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन करते हुए एसआईआर के नाम पर कथित तौर पर वोट चोरी किए जाने का आरोप लगाया और मुख्य चुनाव आयुक्त, प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री से इस्तीफे की मांग की। पुतला दहन कार्यक्रम में राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव, कांग्रेस के सुरेंद्र यादव, भाकपा माले के मंटू पंडित, भाकपा के वासुदेव कुशवाहा, मो. सरफराज आलम सोनू, मुजफ्फर अंसारी, कुंदन कुमार, बिपिन कुमार, धीरज कुमार, सुनील यादव, लाली रजक, सियाराम यादव, गुलेश्वर यादव, सरताज खान, जितेंद्र कुमार एवं अरविंद कुमार सहित महागठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# मोतनाजे-मधुबन में किसान महापंचायत, राकेश टिकैत ने कहा- जमीन नहीं देंगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। मोतनाजे-मधुबन में गंगा जलाशय और पर्यटन स्थल के नाम पर भूमि अधिग्रहण के विरोध में बुधवार को विशाल किसान महापंचायत हुई। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत गिरियक से स्वयं ट्रैक्टर चलाकर जुलूस का नेतृत्व करते हुए सभा स्थल पहुंचे। किसानों ने हल और पालो के साथ अंगवस्त्र व पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। किसान नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह और पूर्व विधायक मो. कामरान का भी स्वागत किया गया। महापंचायत का उद्घाटन करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को संघर्ष करना होगा और संगठन उनके साथ है। उन्होंने कहा कि बिना सहमति और मुआवजा दिए जमीन लेने का



विरोध किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 का पालन नहीं किया जा रहा है तथा सोशल ऑडिट और किसानों की सहमति के बिना खेतों में खड़ी धान की फसल को बुलडोजर से रौंदा गया। उन्होंने कहा कि सरकारी दमन का किसान जवाब देंगे। टिकैत ने कहा कि किसानों का सर्वसम्मत फैसला है कि जान देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा विकास नहीं चाहिए, जो खेती और गांव के लिए विनाशकारी हो। पानी, जवानी और किसानी के विकास पर आधारित नीति बनाने की जरूरत है। किसान नेता दिनेश सिंह ने आरोप लगाया कि किसानों की जल, जंगल और जमीन पर बड़े उद्योगपतियों की नजर है। उन्होंने कहा कि जन्मभूमि और खेती बचाने के लिए किसान अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे। उन्होंने 26 नवंबर को पटना में प्रस्तावित किसान आंदोलन में बड़ी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि जमीन बचाने के लिए जरूरत पड़ी तो आंदोलन तेज किया जाएगा। पूर्व विधायक मो. कामरान ने कहा कि संघर्ष में किसानों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे।

# बैंक ऑफ इंडिया ने चलाया ग्राहक जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। ग्राहक जागरूकता अभियान के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया, नवादा शाखा, गया अंचल के द्वारा अपने सर्विस एरिया पौरा पंचायत के पौरा गांव में 7 अक्टूबर 2026 को जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक अमित कुमार एवं प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक ने साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को लेकर लोगों को विशेष रूप से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बैंक कभी भी ग्राहकों से उनका एटीएम/डेबिट कार्ड नंबर, पिन, ओटीपी या अन्य गोपनीय बैंकिंग जानकारी फोन पर नहीं मांगता है। इसलिए किसी अनजान व्यक्ति के साथ ऐसी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। अधिकारियों ने ऑनलाइन बैंकिंग के दौरान सावधानी बरतने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध मोबाइल एप डाउनलोड करने या अज्ञात व्यक्ति के कहने पर ऑनलाइन लेन-देन करने से बचना चाहिए। यूपीआई के माध्यम से भुगतान करते समय भी प्राप्तकर्ता का नाम और राशि जांचने की सलाह दी गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने बैंक अधिकारियों से ऑनलाइन बैंकिंग और साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल भाषा में समाधान बताया। बैंक अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# उद्यमिता विकास से किसानों की आय बढ़ाने पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के बैनर तले आयोजित तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन किया गया। "उद्यमिता विकास द्वारा किसानों की आजीविका एवं आय में सुधार" विषय पर आयोजित प्रशिक्षण में सिरदला एवं मेस्कौर प्रखंड के 45 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक डॉ. अनूप दास के मार्गदर्शन तथा परियोजना



प्रभारी एवं वरीय वैज्ञानिक डॉ. धीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। समापन समारोह में पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. उज्ज्वल कुमार मौजूद रहे। समापन अवसर पर पाण्डेय बिगहा, कोपिन, जन्हौल एवं चौगांव के प्रशिक्षणार्थी किसानों के बीच प्रधान वैज्ञानिक डॉ. उज्ज्वल कुमार, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र नवादा के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह एवं वरीय वैज्ञानिक डॉ. रोहन रमन ने प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में वैज्ञानिक रविकांत चौबे, अनिल कुमार, सुमीताप रंजन, मनोज कुमार एवं रोहित कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि डॉ. उज्ज्वल कुमार ने किसानों को कृषि उपज के प्रभावी विपणन, मूल्य संवर्धन तथा बेहतर बाजार से जुड़कर आमदनी बढ़ाने के उपाय बताए।



# मासिक अपराध समीक्षा बैठक में कांडों के त्वरित निष्पादन पर जोर

## गंभीर मामलों में एफएसएल जांच अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामपुर**। हिलसा-2 इसलामपुर पुलिस अनुमंडल कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता हिलसा-2 एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने की। बैठक में पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान अपराध की स्थिति, लंबित कांडों के निष्पादन, अनुसंधान की प्रगति और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई।एसडीपीओ ने लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। महिला, बच्चे और वृद्ध



से संबंधित मामलों के साथ एससी-एसटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित करने को कहा गया। पुलिस आधुनिकीकरण के तहत सीसीटीएनएस पोर्टल, ई-साक्ष्य एप और एनआईसी ई-मेल का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।गंभीर प्रकृति के मामलों में वैज्ञानिक अनुसंधान पर विशेष जोर देते हुए घटनास्थल की एफएसएल टीम से जांच कराने और फॉरेंसिक टीम का मंतव्य प्राप्त करने को कहा गया। घटनास्थल को सुरक्षित रखते हुए साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन करने का निर्देश दिया गया।अपराध नियंत्रण के लिए अवैध खनन एवं शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाने तथा अवैध गतिविधियों पर नजर रखने को कहा गया। भूमि विवादों का शनिवारीय बैठक के माध्यम से नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। मंदिर, मस्जिद, मजार, मेला एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों का सुरक्षा ऑडिट कराने पर भी जोर दिया गया।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता पर मुख्य पार्षद की नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा**। नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भाग संख्या 2, 3 एवं 4 में निर्माणाधीन विभिन्न योजनाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मुख्य पार्षद ने मौके पर मौजूद संवेदकों एवं संबंधित विभागीय कर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने और योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का प्रयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, वार्ड संख्या 4 में स्थानीय नागरिकों ने लंबे समय से बनी जलजमाव की समस्या से मुख्य पार्षद को अवगत कराया। समस्या की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### एसआइआर के विरोध में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ/हिलसा**। एसआइआर के विरोध में बुधवार को इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रहुई और हिलसा में प्रदर्शन किया। रहुई बाजार के बजरंगी मोड़ पर भाकपा माले, वीआइपी और सीपीआई के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, हिलसा में इंडिया गठबंधन की ओर से आक्रोश मार्च निकाला गया। जोगीपुर मोड़ से शुरू हुआ मार्च सिनेमा मोड़ होते हुए वरुण ताल पहुंचा, जहां सभा के बाद पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा माले के सचिव अरुण यादव, कार्यालय सचिव दिनेश कुमार यादव, इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, चुन्नू चंद्रवंशी, राजद प्रखंड अध्यक्ष नवल यादव, जिला उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, मोहम्मद परवेज और पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव समेत अन्य नेताओं ने किया। वक्ताओं ने एसआइआर को तत्काल निलंबित करने, मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने और चुनाव में बैलेट पेपर के इस्तेमाल की मांग की। नेताओं ने एसआइआर के कारण मतदाताओं के नाम काटे जाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की। साथ ही दिल्ली में प्रस्तावित आंदोलन में बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# दुर्गापूजा को लेकर नगरनौसा थाना में शांति समिति की बैठक

## पूजा पंडालों में सीसीटीवी, फायर सेफ्टी और सुरक्षित बिजली व्यवस्था रखने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा**। आगामी दुर्गापूजा सहित अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को नगरनौसा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, सीओ नेहा कुमारी एवं थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में जनप्रतिनिधि, पूजा समितियों के सदस्य, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।बीडीओ ने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। सीओ



ने कहा कि प्रशासन और आम लोगों के बीच बेहतर समन्वय से किसी भी संवेदनशील सूचना पर समय रहते कार्रवाई की जा सकेगी। थानाध्यक्ष ने पूजा समितियों को पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी उपकरण और कवर्ड बिजली तार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल के लिए नियमानुसार लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। त्योहार के दौरान चैक-चैराहों और संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्ती की जाएगी। पंडालों के आसपास सादे लिबास में पुलिस जवानों के साथ महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती रहेगी।उन्होंने पूजा समिति के कार्यकर्ताओं को पहचान के लिए बैच लगाने तथा अफवाहों से बचने की सलाह दी। असामाजिक तत्वों और शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। प्रशासन ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गापूजा मनाने की अपील की।

# महागठबंधन ने निकाला जुलूस, फूंका पुतला

## पूर्व विधायक राकेश रौशन के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय के पास प्रदर्शन, 'इस्तीफा दो' के नारों से गूंजा इलाका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामपुर**। चुनावी मुद्दों को लेकर महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के समीप पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन के नेतृत्व में जुलूस निकालकर विरोध-प्रदर्शन किया। हाथों में झंडे और तख्तियां लिए कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के प्रतीकात्मक पुतले का दहन किया गया।जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया



की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव प्रक्रिया के प्रति लोगों का भरोसा कायम रहना जरूरी है। चुनाव से जुड़े मुद्दों पर उठ रही आपत्तियों का स्पष्ट जवाब देने और किसी भी प्रकार के संदेह को दूर करने की मांग की गई। पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का मत सर्वोपरि है। चुनाव प्रक्रिया को लेकर यदि किसी पक्ष की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं तो उसका निष्पक्ष तरीके से समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने चुनाव की पारदर्शिता और मतदाताओं के विश्वास को बनाए रखने की मांग की। पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार और निर्वाचन व्यवस्था के खिलाफ नारे लगाए। इस मौके पर महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों से जुड़े नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चोकर का बोरा वापस नहीं लेने पर दुकानदार पर जानलेवा हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरमेरा**। थाना क्षेत्र के चेरो गांव निवासी 61 वर्षीय दीपक कुमार सिन्हा पर मंगलवार देर शाम जानलेवा हमला कर 15 हजार रुपये नकद और गले की चेन छीनने का मामला सामने आया है। घटना चेरो गांव से पश्चिम सीमाना के पास की बताई जा रही है। घायल दीपक कुमार सिन्हा ने सरमेरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, वह सरमेरा बाजार स्थित अपनी दुकान बंद कर बाइक से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान चेरो गांव निवासी अनिल यादव और ललटुस यादव कुछ सहयोगियों के साथ घात लगाए बैठे थे। जैसे ही वह मौके पर पहुंचे, आरोपियों ने लाठी-डंडे से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि इस दौरान दिनभर की बिक्री के करीब 15 हजार रुपये नकद और गले की चेन छीन ली गई। आरोपियों ने अवैध हथियार दिखाकर उन्हें भयभीत भी किया। घटना के बाद घायल का इलाज सरमेरा अस्पताल में कराया गया। दीपक सिन्हा की सरमेरा बाजार में कृषि विकास एजेंसी नामक दुकान है। बताया जाता है कि आरोपियों में से एक ने दुकान से गाय के चारे के लिए चोकर खरीदा था। खुला हुआ बोरा वापस लेने से दुकानदार ने मना कर दिया था। इसी बात को घटना का कारण बताया जा रहा है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# निर्वाण भूमि से गूंजेगा महावीर का अहिंसा संदेश

## 7 नवंबर को निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन करेंगे राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरियक**। पावापुरी स्थित भगवान महावीर की निर्वाण भूमि पर 7 नवंबर को आयोजित होने वाले महावीर निर्वाण महोत्सव सह पावापुरी महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन दोपहर करीब 1:30 बजे महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। बिहार के राज्यपाल को आमंत्रित करने के लिए बुधवार को पावापुरी, राजगीर और कुंडलपुर के जैन तीर्थस्थलों के प्रतिनिधियों का दल राजभवन पहुंचा। दिगंबर जैन मंदिर पावापुरी के प्रबंधक अरुण कुमार जैन, राजगीर जैन मंदिर के प्रबंधक विजय कुमार जैन और कुंडलपुर के प्रबंधक जगदीश जैन ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें औपचारिक निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने अंगवस्त्र के साथ पावापुरी के जल मंदिर की प्रतिकृति भी भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने राज्यपाल को पावापुरी के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। बताया कि भगवान महावीर ने इसी पावन भूमि पर निर्वाण प्राप्त किया था। इसलिए यहां आयोजित महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अहिंसा, सत्य, संयम और शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर भी है। गौरतलब है कि इस बार भी महोत्सव में देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जल मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष आयोजन होंगे। राज्यपाल के आगमन को देखते हुए प्रशासन और आयोजन समिति ने सुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

# एसआइआर के विरोध में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन

## मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा**। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के विरोध में बुधवार को नगरनौसा बस स्टैंड के समीप इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने एसआईआर प्रक्रिया को तत्काल रद्द करने और मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग की।पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन से जुड़े कार्यकर्ता जुटे। कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसआईआर प्रक्रिया पर अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आम लोगों के बीच कई तरह की आशंकाएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता और पारदर्शिता जरूरी है।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मतदाता सूची में नाम से संबंधित प्रक्रिया में किसी भी पात्र मतदाता का अधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मतदाताओं की आशंकाओं को दूर करने की मांग की।कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी मांगों पर सरकार और निर्वाचन आयोग को गंभीरता से विचार करना चाहिए। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बाल्मीकि प्रसाद, राजद प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार, सीपीआईएम के जनार्दन प्रसाद, रामदास अकेला समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ठनका गिरने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामपुर**। खुदागंज थाना क्षेत्र के पिलखी गांव में बुधवार को बारिश के दौरान ठनका गिरने से एक युवक की झुलसकर मौत हो गई। मृतक की पहचान पिलखी गांव निवासी स्व. बालमीत गोप के पुत्र रवीण यादव के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, रवीण यादव बुधवार को गांव के समीप स्थित पूरा खंधा में मवेशी चराने गया था। इसी दौरान अचानक तेज गर्जन के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच खंधा में ठनका गिरने से रवीण उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर खुदागंज थाना पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हुई। सामाजिक नेता विष्णु देवगिरी ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए बताया कि रवीण परिवार में कमाने वाला एकमात्र व्यक्ति था। उन्होंने सरकार से मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# विकसित भारत के निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी : डॉ. प्रेम कुमार

## ‘सेवा ज्योति यात्रा’ में शामिल हुए डॉ. प्रेम कुमार और विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** भाजपा गया जिला पूर्वी एवं पश्चिमी के संयुक्त तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित ‘विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा’ में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कृषि मंत्री सह गया जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ भाग लिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह आयोजन देश के 140 करोड़ नागरिकों के उज्ज्वल भविष्य और जनभागीदारी का संकल्प है। लक्ष्य विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का निर्माण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सड़क, रेल, बिजली, पानी, डिजिटल संपर्क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। गरीबों को पक्का मकान, शौचालय, निःशुल्क राशन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से




विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार भी विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य में आधारभूत संरचना, सड़क, पुल-पुलिया, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। युवाओं के रोजगार व कौशल विकास तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर है। उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन की पहचान और शक्ति है। कार्यकर्ता गांव, टोला और घर-घर पहुंचकर पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ें। युवाओं से नशामुक्त, शिक्षित, कौशलयुक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में हर गरीब के चेहरे पर मुस्कान, हर युवा के हाथ में रोजगार, समृद्ध किसान, आत्मनिर्भर महिला और शिक्षित बच्चे हों। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, जिला प्रभारी सुरेश शर्मा, सिद्धार्थ मिश्रा, जिलाध्यक्ष विजय मांझी, प्रेम प्रकाश चिंटू, विधायक उपेंद्र प्रसाद दांगी, विधायक वीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद रामजी मांझी, हरि मांझी, रंजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

### गयाजी में 69 वर्षों की परंपरा, इस बार भी होगी रामलीला : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में बुधवार को रामलीला के आगामी आयोजन को लेकर रामलीला समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। अध्यक्षता डॉ. जगदीश शर्मा ने की, जबकि संचालन गौरव सिन्हा ने किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी में रामलीला की गौरवशाली परंपरा करीब 69 वर्षों से चली आ रही है। रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामलीला का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया जाएगा। आयोजन को बेहतर, व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए समिति की ओर से विशेष टीम गठित की गई है। बैठक में सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आयोजन की सफलता के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर सहमति जताई। आगामी कार्ययोजना, तैयारियों और रामलीला के लिए उपयुक्त स्थल के चिन्हीकरण सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कर गयाजी की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में अधिवक्ता मुकेश शर्मा, जदयू नेता अजय कुशवाहा, विक्की शर्मा, डब्लू राय, पप्पू चंद्रवंशी, राजनंदन गांधी, नीरज निश्चल, रामपुकार सिंह, सुनील सिन्हा, संजय सिंह, वाहिद अली, शिवा मांझी, मनोज कुशवाहा, राजेश जैन, ऋषि लोहानी, पप्पू नीलकर, आकाश दयाल, अक्षय चंद्रवंशी, गौतम सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सुरक्षा बलों के संयुक्त ऑपरेशन में हथियार एवं गोला-बारूद का जखीरा बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी के कमांडेंट कुणाल को प्राप्त आसूचना के आधार पर रवि भूषण, उप कमांडेंट के नेतृत्व में वाहिनी के ‘ई’ समवाय, धनगई एवं धनगई थाना द्वारा संयुक्त रूप से हिसिर एवं तेलेटांड़ वन क्षेत्र, पोस्ट पतलुका, थाना धनगई में तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान में द्वितीय कमान अधिकारी असीम उपाध्याय, 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भी रिजर्व पार्टी के कमान के रूप में तैनात थे। संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान संदिग्ध क्षेत्रों की गहनता से तलाशी एवं सघन छानबीन की गई। तलाशी के क्रम में जंगली क्षेत्र में छिपाकर रखे गए हथियार, मैगजीन, संचार उपकरण एवं गोला-बारूद बरामद किया गया। इस अभियान के फलस्वरूप एक नाईन एमएम कार्बाइन, एक छोटी देसी निर्मित बंदूक, एक बड़ी देसी निर्मित बंदूक, दो नाइन एमएम कार्बाइन मैगजीन, दो पिस्टल मैगजीन, एक 5 वाट आर.टी. सेट, 79 नाइन एमएम कारतूस, 13 7.62 एमएम कारतूस बरामद किया गया। बरामद हथियार एवं गोला-बारूद एवं संचार उपकरण को विधिक कार्रवाई हेतु धनगई थाना धनगई को सुपुर्द कर दिया गया। कमांडेंट कुणाल ने बताया कि नक्सलियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के फलस्वरूप संयुक्त अभियान के दौरान तीन हथियार, चार मैगजीन, एक संचार उपकरण तथा कुल 92 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल गिरा हुआ है। आगे भी यह ऑपरेशन जारी रहेगा।

## मगध विवि एफडीपी में एआइ व इमर्सिव तकनीक पर मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के पीजी गणित विभाग सभागार में चल रहे छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ‘डिजिटल टूल्स एंड एआई इन रिसर्च मेथडोलॉजी’ के तीसरे दिन बुधवार को शोध की आधुनिक तकनीकों पर विशेषज्ञों ने मंथन किया। यूजीसी-एमएमटीटीसी, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय और मगध विवि के एफडीपी सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में एक ऑनलाइन और तीन ऑफलाइन सत्र हुए। प्रथम ऑनलाइन सत्र में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं राष्ट्रीय



शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित प्रो. राजीव चौधरी ने ‘अकादमिक लेखन में एआई और बिब्लियोमेट्रिक एनालिसिस’ पर व्याख्यान दिया। उन्होंने एच-इंडेक्स, जी-इंडेक्स के साथ वोसव्यूअर और पबमेड का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। सत्र में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के यूजीसी-एमएमटीटीसी निदेशक प्रो. तरुण त्यागी की विशेष उपस्थिति रही। संचालन डॉ. दिव्या मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बिकाश मंडल ने किया। दूसरे सत्र में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गौरव सिक्का ने ‘गुणात्मक अनुसंधानः डिजिटल ज्ञान और वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन’ की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इससे शोधकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्रिकाओं तक समान पहुंच मिलेगी। संचालन डॉ. अलका मिश्रा, रिपोर्टिंग डॉ. कविता कुमारी और समापन टिप्पणी डॉ. मो. शमशाद अंसारी ने की। तीसरे सत्र में रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. सुमित कुमार ने माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल से टी-टेस्ट व एनोवा का प्रशिक्षण दिया। संचालन डॉ. राकेश कुमार रंजन, रिपोर्टिंग आभा कुमारी और समापन डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने किया। अंतिम सत्र में आईसीएमआर पटना के प्रो. यश पॉल शर्मा ने वर्चुअल व ऑगमेंटेड रियलिटी आधारित इमर्सिव तकनीक की उपयोगिता बताई। संचालन डॉ. गजाला शाहीन, रिपोर्टिंग डॉ. सिम्मी इकबाल और समापन डॉ. आलोक रंजन ने किया।

### युवक का फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बना छवि धूमिल करने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गयाजी)।** आंती थाना क्षेत्र के तुलसी बिगहा निवासी एक युवक ने फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर उसकी छवि धूमिल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आंती थाने में लिखित शिकायत बुधवार को दी है। शिकायतकर्ता अभिषेक कुमार पिता रामविलास यादव ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया है कि वह दुल्हा बिगहा, गोह में कोचिंग एवं स्कूल चलाता है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम और फोटो का दुरुपयोग कर इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बना लिया है और उस पर अश्लील गालियां और वीडियो डाले जा रहे हैं।

### मुखिया के औचक निरीक्षण में शिक्षा व्यवस्था और मध्याह्न भोजन योजना में भारी अनियमितता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गयाजी)।** प्रखंड की आंती पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिमरहुआ में बुधवार को मुखिया सुनीता कुमारी के औचक निरीक्षण में शिक्षा व्यवस्था और मध्याह्न भोजन योजना में भारी अनियमितता उजागर हुई। निरीक्षण के दौरान मुखिया ने विद्यालय प्रभारी किरण कुमारी से उपस्थिति पंजी मांगी। पंजी में कक्षा 4 और 5 में 26 छात्रों की हाजिरी दर्ज थी जबकि मौके पर मात्र 9 छात्र ही उपस्थित मिले। पूछताछ में सामने आया कि 75 प्रतिशत उपस्थिति दिखाने के लिए प्रभारी खुद ही बच्चों की फर्जी हाजिरी बना देती हैं। सबसे चौंकाने वाला मामला मध्याह्न भोजन में



सामने आया। सब्जी बनाने के लिए रखे गए चने पूरी तरह सड़े हुए थे और उसमें हजारों की संख्या में बड़े-बड़े कीड़े रेंग रहे थे। मुखिया के पहुंचते ही प्रभारी ने सड़े चने को फेंकने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने उसका वीडियो बना लिया। अगर यही चना बच्चों को खिलाया जाता तो बच्चे बीमार पड़ सकते थे। पूछे जाने पर प्रभारी ने अपनी गलती स्वीकार की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय भवन के पीछे आज तक प्लास्टर और पोचारा नहीं हुआ है जबकि इसके लिए राशि की निकासी कर ली गई है। मुखिया सुनीता कुमारी ने पूरे मामले की जानकारी दूरभाष पर बीडीओ चंदन कुमार और बीईओ रंजीत कुमार को दी है और लिखित शिकायत देने की बात कही है। बीडीओ ने कहा कि आवेदन मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी जबकि बीईओ ने बताया कि वे पितृपक्ष मेला ड्यूटी में हैं, मध्याह्न भोजन प्रभारी को भेजकर जांच कराई जाएगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## एसआइआर को लेकर राजद ने किया प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और एसआइआर को लेकर राजद ने बुधवार को कोंच में प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने ‘ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो’ के नारे लगाए। इसके बाद सभी प्रदर्शनकारी कोंच प्रखंड मुख्यालय के सामने तीनों का पुतला दहन किया। राजद का यह आंदोलन चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों को लेकर है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को इस आंदोलन का ऐलान किया था। राजद के डॉ रामाशीष कुमार, परसावां मुखिया दिलीप कुमार, मोहन यादव, सुरेश यादव, सुजीत यादव, प्रमोद कुमार राय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा था कि एसआइआर की शुरुआत बिहार से हुई थी और महागठबंधन शुरू से ही चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता रहा है। अब वोट चोरी और चुनावी धांधली की जो बात विपक्ष कह रहा था, वह सामने आ रही है। आंदोलन का मकसद चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोकतंत्र की रक्षा की मांग है। नेताओं ने ऐलान किया है कि इसके बाद गुरुवार, 8 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन होगा।

## वोट चोरी के आरोप में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन, पीएम मोदी का पुतला फूंका




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी के विरोध में बुधवार को इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने इमामगंज में आक्रोश रैली निकाली। यह रैली डुमरिया मोड़ के पास से शुरू हुई जो गांधी मैदान में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। वहीं रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने ‘लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ’ और ‘वोट बचाओ, देश बचाओ’ के नारे लगाते हुए केंद्र सरकार एवं चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची से लाखों मतदाताओं के नाम हटाने और फर्जी नाम जोड़ने का आरोप लगाया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर विरोध जताया। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, राजद नेता अनिल यादव, इमामगंज विधायक प्रत्याशी रितु प्रिया चौधरी, हरिहर यादव, रामनंदन प्रसाद सहित अन्य राजद, कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### चार दिनों से लापता युवक का शव खेत में मिला, हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** चार दिनों से लापता युवक सोनू कुमार (28) का सड़ा-गला शव बुधवार की सुबह रकसिया गांव के दक्षिण स्थित खेत से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गले में पहनी माला से शव की पहचान राजकुमार दास के इकलौते पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे हत्या का मामला मानकर जांच में जुटी है। सोनू तीन अक्टूबर की शाम से लापता था। उसकी पत्नी शीला कुमारी ने टिकारी थाना में कांड संख्या 408/26 दर्ज कराते हुए सोनू के दो साथियों और एक महिला पर संदेह जताया था। शिकायत के अनुसार सोनू तीन अक्टूबर की रात एक साथी को घर पहुंचाने की बात कहकर मकसूदपुर गया था। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### हल्दी में मिलावट पर शिकंजा, 29 कारोबारियों ने ली शुद्धता की शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** हल्दी में मिलावट कर उपभोक्ताओं की सेहत से खिलवाड़ रोकने को लेकर टिकारी बाजार में खाद्य कारोबारियों को जागरूक किया गया। हल्दी एवं मसाला व्यापारियों के लिए आयोजित विशेष उन्मुखीकरण कार्यक्रम में 29 कारोबारियों ने भाग लिया और शुद्ध एवं सुरक्षित हल्दी की बिक्री तथा लेड-क्रोमेट युक्त उत्पादों से दूरी बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का मुख्य फोकस हल्दी में हानिकारक मिलावट, खासकर (लेड क्रोमेट) के इस्तेमाल से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों पर रहा। खाद्य संरक्षा विभाग के अभिहित पदाधिकारी अजय कुमार, प्योर अर्थ इंडिया के प्रोग्राम मैनेजर पोंशियन केरकेट्टा, उद्यम मंत्र भारत लिमिटेड के निदेशक सौरभ समदर्शी समेत टीम के सदस्यों ने व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षित खाद्य कारोबार के प्रति जिम्मेदारी समझाई। कार्यक्रम के दौरान एक्सआरएफ मशीन से हल्दी के नमूनों की मौके पर स्क्रीनिंग का जीवंत प्रदर्शन किया गया। व्यापारियों को बताया गया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से खाद्य पदार्थों में लेड की मौजूदगी की प्रारंभिक पहचान की जा सकती है। इससे मिलावट वाले उत्पादों की पहचान और सुरक्षित खाद्य सामग्री के कारोबार को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

## शेरघाटी में दो अस्पतालों की जांच से मचा हड़कंप, अन्य प्रखंडों को लेकर भी उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी जतिन कुमार ने शेरघाटी शहर में संचालित दो अस्पतालों की जांच की। एसडीओ को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त अस्पतालों में बिना आवश्यक कागजात के मरीजों का इलाज और ऑपरेशन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर दोनों अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अस्पतालों में चिकित्सा संबंधी गतिविधियां संचालित होती मिलीं। वहीं, मरीज अस्पताल के बेड पर भर्ती नजर आए। एसडीओ जतिन कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि कथित रूप से अवैध तरीके से संचालित अस्पतालों में मरीजों का ऑपरेशन समेत अन्य इलाज किया जा रहा है। जांच के दौरान अस्पताल



संचालन से संबंधित आवश्यक कागजात मांगे गए, लेकिन मौके पर कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया। मामले की जानकारी शेरघाटी अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय कुमार को दी गई। सूचना मिलने के बाद डॉ. उदय कुमार मौके पर पहुंचे और अस्पताल से संबंधित कागजात एवं अन्य रिकॉर्ड की पड़ताल शुरू की। जांच पूरी होने के बाद ही अस्पतालों के संचालन की वैधता और आगे की कार्रवाई स्पष्ट हो सकेगी। इधर, शेरघाटी में एसडीओ द्वारा लगातार कथित अवैध अस्पतालों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। हालांकि कार्रवाई को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के अन्य प्रखंडों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

### बाल कल्याण समिति की बैठक, बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गयाजी)।** प्रखंड के श्रीगांव पंचायत भवन में बुधवार को पंचायत स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता मुखिया कलावती कुमारी ने की। बैठक में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बाल विवाह, बाल श्रम, बच्चों के साथ होने वाले अपराध और शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। जरूरतमंद बच्चों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुखिया कलावती कुमारी ने कहा कि बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना पंचायत के साथ-साथ पूरे समाज की जिम्मेदारी है। बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में सभी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी और किसी भी समस्या पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में बच्चों के हित में नियमित निगरानी और जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
**Email – dddopalamu@gmail.com**

**–: पशुपालकों के लिए आम सूचना :–**

विभागीय राज्यादेश संख्या– 11 रा0 वि0, दिनांक– 09.06.2026 की कंडिका– 20 के आलोक में वितीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्तर पर विभाग द्वारा प्रगतिशील डेयरी कृषकों/पशुपालकों को, जिनके द्वारा डेयरी/ पशुपालन क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य किया जा रहा है उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाना है।

पुरस्कार से संबंधित निःशुल्क आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पूर्ण रूप से भरकर अपने सम्पूर्ण गौशाला एवं दुधारू मवेशी का रंगीन फोटो (05–06 फोटो अलग–अलग दिशाओं से खींच कर) संलग्न कर आधार कार्ड एवं बैंक खाता की छायाप्रति के साथ दिनांक– 25.10.2026 तक कार्यालय में जमा करेंगे।

नोट–विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू से कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 391265 (District)26-27*D


## नाला की जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग पर आमरण अनशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** नाला की जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता पिंकराज चक्रवर्ती ने बुधवार से अनुमंडल कार्यालय परिसर में आमरण अनशन शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि अंचल क्षेत्र के जयनंदन बिगहा मौजा में नाला की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कर लिया गया है। अतिक्रमण हटाने को लेकर वर्ष 2019 में ही नापी समेत आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी जमीन को अतिक्रमणमुक्त नहीं कराया जा सका। अनशन पर बैठे पिंकराज चक्रवर्ती ने कहा कि संबंधित जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत के बाद प्रशासनिक स्तर पर जांच और नापी की कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद अतिक्रमण हटाने की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाला की जमीन अब भी अतिक्रमण की चपेट में है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग को लेकर ही उन्होंने आमरण अनशन का निर्णय लिया है। अनशनकारी के अनुसार अभी तक किसी अधिकारी ने उनसे वार्ता कर समस्या के समाधान का प्रयास नहीं किया। इससे अनशन स्थल पर प्रशासन की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

## जहां कभी गूंजती थीं गोलियां, वहां अब बच्चों के हाथों में किताबें

### ग्रामीणों से संवाद कर शिक्षा, सड़क और बुनियादी सुविधाओं की ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**इमामगंज।** गयाजी जिले के डुमरिया प्रखंड का छकरबंधा इलाका कभी गोलियों की तड़तड़ाहट, बम धमाकों और ‘लाल सलाम’ की गूंज से कांपता था। शाम ढलते ही गांवों की पगडंडियों पर सन्नाटा पसर जाता था और भय के कारण सामान्य जिंदगी थम जाती थी। आज उसी जंगल-पहाड़ से घिरे इलाके में बच्चों के हाथों में बंदूक की जगह कलम और किताबें देखकर विकास तथा सामाजिक बदलाव की जमीनी हकीकत परखने मंगलवार को दिल्ली से गृह विभाग की चार सदस्यीय केंद्रीय टीम पहुंची। टीम ने छकरबंधा पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर सड़क, नली-गली, हर घर नल का जल, विद्यालय, पंचायत सरकार भवन, थाना, सीआरपीएफ कैंप और आवागमन की सुविधाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर जाना कि नक्सल प्रभाव समाप्त होने के बाद शिक्षा, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं ने उनके जीवन को कितना बदला है। इलाके की बदली तस्वीर और विकास कार्यों की ड्रोन से वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। केंद्रीय टीम उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय पहुंची जहां बच्चों ने अनुशासित ढंग से राष्ट्रगान प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। टीम के सदस्यों ने विद्यार्थियों से पढ़ाई, विद्यालय की गतिविधियों और भविष्य के सपनों को लेकर बातचीत की। शिक्षकों से शैक्षणिक व्यवस्था की जानकारी लेते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा हासिल कर देश और समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया।


स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

**कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू।**

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अन्तर्गत जनऔषधि केन्द्र के संचालन हेतु पलामू जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मनातू/पाटन/लेस्लीगंज/चैनपुर के लिए एजेंसी का चयन निविदा के माध्यम से किया जाना है।

Request For Proposal Document (RFP)के शर्तों के अनुसार जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु पंजीकृत एजेंसी के माध्यम से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0स0 | कार्य का विवरणी | निविदा से संबंधित तिथि आदि। |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि। | 07/10/2026 |
| 2 | Pre-Bid Conference | 23/10/2026 के अपराह्न 1: 00 बजे सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू। |
| 3 | ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 27/10/2026 के अपराह्न 1:00 P.M |
| 4 | ई–निविदा खोलने का समय | 28/10/2026 at 3:00 P.M |
| 5 | Bid Security (Non-Refundable) की राशि जो District Health Society (Jan Aushadhi), Palamu Payable at Palamu के नाम से देय होगा।केवल बैंक डीडी मान्य। | 5,000.00 (Five Thousand) only. |
| 6 | Bid Security (Refundable) की राशि जो District Rural Health Society (Janaushadhi), Palamu के नाम से देय होगा। केवल बैंक डीडी मान्य। | Rs. 50,000.00, (Rs. Fifty Thousand) Only for Each of the CHC. |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 8210173338 |
| 9 | हेल्पलाइन निविदा से संबंधितदूरभाष संख्या | 9142363737 |
| 10 | निविदा शुल्क एवं Bid Security का DD (Hard Copy)/ Bank Guarantee कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 07/10/2026 to 27/10/2026 up to 01.00 pm |

Further details can be seen on websitewww.palamu.nic.in
Civil Surgeon Cum CMO, Palamu - E-mail cspalamu@gmail.com

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, का तकनीकी भाग खोलते / मूल्यांकन के समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।निविदा में किसी प्रकार के कोरिजेन्डम www.palamu.nic.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, पलामू।

PR 391280 District(26-27)D

संपादकीय

# कब तक बचेंगे ज्ञानेश

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अब चौतरफा घिरते नजर आ रहे हैं। सोमवार को फार्म 6 को लेकर चल रहे मामले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की खासी खिंचाई की। कोर्ट ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रावधानित फ़ॉर्म 6 को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। सीजेआई सूर्यकांत ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि, 'सुप्रीम कोर्ट ने फॉर्म-6 के किसी संशोधित रूप को मंजूरी नहीं दी थी। किसी भी मोडीफ़ाइड फ़ॉर्म-6 को हमने मंज़ूर नहीं किया है। यह साफ़ है। अदालत ने यह भी कहा कि रिकॉर्ड सामने आने के बाद वह देखना चाहती है कि फ़ॉर्म में बदलाव किसने किया। सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर चुनाव आयोग की 26 सितंबर की प्रेस रिलीज़ को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कई लोग इसे चुनाव आयोग के उस दावे से जोड़ रहे हैं जिसमें कहा गया था कि फॉर्म-6 के साथ लगाया गया एसआईआर (स्पेशल इंटेसिव रिवीज़न- विशेष गहन पुनरीक्षण) का डिक्लेरेशन सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं था। उधर चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची को लेकर कराए गए एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जवल भुइंया ने भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बहस के बीच जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा कि लाखों भारतीयों को वोट के अधिकार से वंचित करना संविधान की भावना के खिलाफ है। उनकी टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए उनके पद पर बने रहने के नैतिक अधिकार पर सवाल उठाए हैं। रविवार को हैदराबाद स्थित नालसर विधि विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने साफ-साफ कहा कि लाखों नागरिकों को उनके ही देश में मतदान के अधिकार से वंचित कर दोयम दर्जे का नागरिक बनाने को किसी भी तरह के तर्क देकर सही नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रक्रिया से लाखों भारतीय नागरिकों का मतदान का अधिकार छिनता है, तो यह अपने आप में मनमानी है और संविधान की व्यवस्था को नकारने जैसा है। इस बीच केरलम सरकार ने राज्य में 2006 में एक पीडब्लूडी इंजीनियर की आत्महत्या की फाइल खोलने के निर्देश दिए हैं। आरोप है कि जब यह घटना हुई तब ज्ञानेश कुमार राज्य में सचिव के पद पर थे। राज्य के गृह मंत्री रमेश चेन्नीथला ने रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। इस मामले की जांच में क्या निकलेगा, अभी कहा नहीं जा सकता, लेकिन यह मामला ज्ञानेश कुमार की परेशानियां और बढ़ाएगा। उधर ज्ञानेश कुमार की राजनीतिक घेराबंदी चल ही रही है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने चेतावनी दी है कि यदि 10 अक्टूबर तक ज्ञानेश कुमार ने पद से इस्तीफा नहीं दिया तो पूरे देश के कॉकरोच दिल्ली पहुंचेगे। इसके पहले कांग्रेस ने चुनाव आयोग के कार्यालयों के सामने प्रदर्शन किया। सीजेपी ने मुबंई में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि विपक्ष इस मुद्दे पर भी एकजुट नहीं है। अब सवाल यह है कि ज्ञानेश कुमार क्या करेंगे? क्या वो एसआईआर में जो कुछ गड़बड़ियां हुई हैं, उसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देंगे? नहीं देंगे तो क्या इसी तरह जलालत सहते रहेंगे? अभी ज्ञानेश का बचाव भाजपा जरूर कर रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस मामले में एक शब्द नहीं बोल रहे हैं। तो क्या ज्ञानेश को अपने बचाव के लिए अकेला छोड़ दिया गया है? अगर ऐसा है तो माना जाएगा कि उनका इस्तेमाल कर लिया गया है।

# यूपी की राजनीति बदलने की हसरत

**एक महीने पहले इस्तीफा देकर सबको चौंकाने वाली 2013 बैच की तेजतर्रार आईएएस अधिकारी 29 सितंबर की सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर करीब दस मिनट के वीडियो के साथ सबके सामने आईं। उन्होंने अब तक की अटकलों पर विराम लगाते हुए साफ कहा कि वह राजनीति में उतरेंगी और उत्तर प्रदेश में ही रहेंगी। वीडियो की सबसे अहम बात यह रही कि दिव्या ने किसी राजनीतिक दल में शामिल होने का ऐलान नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जनता के साथ मिलकर ऐसा मंच खड़ा करना चाहती हैं जो किसी से डरे नहीं। उनके अनुसार राजनीति उनके लिए किसी पद तक पहुंचने का जरिया नहीं होगी। वह उन लोगों की आवाज बनना चाहती हैं जिनकी बात सरकारी दफ्तरों तक नहीं पहुंच पाती। सरकार और नौकरशाही पर उनके तीखे सवालों ने संकेत दिया कि वह सत्ता पक्ष के खिलाफ मुखर रहेंगी। वीडियो में उन्होंने अपना फोन और व्हाट्सऐप नंबर भी साझा किया और सहमत लोगों से जुड़ने की अपील की।**

उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में इन दिनों एक ही नाम सिविल सर्विस छोड़कर नेतानगरी में उतरने वाली दिव्या मित्तल की चर्चा हो रही है। एक महीने पहले इस्तीफा देकर सबको चौंकाने वाली 2013 बैच की तेजतर्रार आईएएस अधिकारी 29 सितंबर की सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर करीब दस मिनट के वीडियो के साथ सबके सामने आईं। उन्होंने अब तक की अटकलों पर विराम लगाते हुए साफ कहा कि वह राजनीति में उतरेंगी और उत्तर प्रदेश में ही रहेंगी। वीडियो की सबसे अहम बात यह रही कि दिव्या ने किसी राजनीतिक दल में शामिल होने का ऐलान नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जनता के साथ मिलकर ऐसा मंच खड़ा करना चाहती हैं जो किसी से डरे नहीं। उनके अनुसार राजनीति उनके लिए किसी पद तक पहुंचने का जरिया नहीं होगी। वह उन लोगों की आवाज बनना चाहती हैं जिनकी बात सरकारी दफ्तरों तक नहीं पहुंच पाती। सरकार और नौकरशाही पर उनके तीखे सवालों ने संकेत दिया कि वह सत्ता पक्ष के खिलाफ मुखर रहेंगी। वीडियो में उन्होंने अपना फोन और व्हाट्सऐप नंबर भी साझा किया और सहमत लोगों से जुड़ने की अपील की।बहरहाल, दिव्या का सफर अपने आप में दिलचस्प है।




दिल्ली में जन्मी और मूल रूप से हरियाणा के रेवाड़ी से जुड़ी दिव्या ने आईआईटी दिल्ली से बीटेक और आईआईएम बेंगलुरु से एमबीए किया। लंदन में नौकरी के बाद वह भारत लौटीं, सिविल सेवा परीक्षा पास की और यूपी कैडर मिला। मेरठ में संयुक्त मजिस्ट्रेट से शुरू हुए करियर में वह गौतमबुद्ध नगर की सीडीओ रहीं और संतकबीरनगर, मिर्जापुर और देवरिया की जिलाधिकारी भी। उनका इस्तीफा 30 अगस्त को घोषित हुआ और 15 सितंबर से प्रभावी हुआ। आधिकारिक कारण निजी और पारिवारिक बताए गए, लेकिन ब्यूरोक्रेसी में माना गया कि देवरिया के डीएम पद से हटाकर राजस्व परिषद में सचिव बनाए जाने की टीस इसके पीछे बड़ा कारण रही। फील्ड में सक्रिय रहने वाले अफसर के लिए यह तबादला किनारे लगाए जाने जैसा माना जाता है। दिव्या की गिनती मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भरोसेमंद अफसरों में होती रही है, इसलिए अब उनके सरकार पर सवाल उठाने को दिलचस्प मोड़ माना जा रहा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी से उनकी कथित मुलाकात को लेकर भी कयास हैं। पर वीडियो में उन्होंने किसी दल का नाम नहीं लिया, इसलिए फिलहाल ये अटकलें ही हैं। कुछ रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि वह 2027 का विधानसभा चुनाव देवरिया या मिर्जापुर से लड़ सकती हैं, पर इसकी पुष्टि उनकी ओर से नहीं हुई है। उनके पति गगनदीप सिंह भी भारतीय व्यापार सेवा के अधिकारी रहे हैं और 2022 में इस्तीफा दे चुके हैं। वैसे यूपी की राजनीति में किसी नौकरशाह ने पहली बार दस्तक नहीं दी है। कई आईएएस ने राजनीति का दामन पकड़ा, कुछ थोड़े दिन चमके तो कुछ का सितारा कभी चमक नहीं पाया।सबसे सफल उदाहरण पूर्व आईएएस और अब योगी कैबिनेट में ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का है। वह मूल रूप से मऊ के हैं, पर उनका कैडर गुजरात था। 1988 बैच के इस अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गुजरात से पीएमओ तक करीब दो दशक काम किया। जनवरी 2021 में एमएसएमई सचिव पद से वीआरएस लेकर वह भाजपा में आए, विधान परिषद पहुंचे और आज योगी सरकार में नगर विकास व ऊर्जा जैसे भारी विभागों के कैबिनेट मंत्री हैं। उनकी सफलता में शीर्ष नेतृत्व का भरोसा और सत्ता की छत्रछाया निर्णायक रही।

इसी तरह आईपीएस और कानपुर के पहले पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने 2022 के चुनाव से ठीक पहले वीआरएस लिया, भाजपा से कन्नौज सदर जीते और आज राज्य सरकार में समाज कल्याण के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। पूर्व डीजीपी बृजलाल भाजपा से जुड़कर राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष बने और अब राज्यसभा सांसद हैं। दोनों आईपीएस हैं। अन्य आईएएस अधिकारियों की बात की जाए तो लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे राम बहादुर ने सेवानिवृत्ति के बाद बसपा के टिकट पर मोहनलालगंज से चुनाव लड़ा और बाद में भाजपा का रुख किया। कुंवर फतेह बहादुर सिंह, जो 2009 से 2017 तक प्रमुख सचिव (गृह) और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव जैसे शक्तिशाली पदों पर रहे, रिटायरमेंट के बाद बसपा से जुड़े। इनके अलावा पी.एल. पुनिया का नाम अहम है। यूपी कैडर के इस पूर्व आईएएस ने कांग्रेस से बाराबंकी का प्रतिनिधित्व किया और अब उनके बेटे तनुज पुनिया वहीं से कांग्रेस सांसद हैं।

इन अधिकारियों की राजनीतिक पारी का विश्लेषण करें तो तीन बातें साफ दिखती हैं। पहली, जिन अफसरों ने सत्ताधारी दल का दामन थामा, वे अपेक्षाकृत सुरक्षित और सफल रहे, क्योंकि उन्हें संगठन, संसाधन और मंच तीनों मिले। दूसरी, विपक्षी दलों या बसपा जैसे दलों के साथ गए अफसरों को वैसी चमक नहीं मिली, और वे अक्सर नेतृत्व के लिए सजावटी चेहरे बनकर रह गए। तीसरी, ज्यादातर वही लोग सफल हुए जिन्होंने चुनाव से पहले सोच-समझकर वीआरएस लिया और किसी स्थापित दल के साथ ठोस भूमिका तय कर ली। स्वतंत्र मंच बनाकर अकेले उतरने का प्रयोग यूपी में लगभग नहीं दिखता।दिव्या का रास्ता इसी वजह से अलग और कठिन है। उत्तर प्रदेश की राजनीति जाति समीकरण, बूथ स्तर के संगठन, पैसे और स्थानीय दबदबे से चलती है, जबकि दिव्या के पास इनमें से कोई पारंपरिक सहारा नहीं है। वीडियो में उन्होंने इन्हीं मुद्दों पर, यानी पैसा, बाहुबल और जातीय समीकरण, अपनी बात रखी है और साफ किया कि उनकी राजनीति इनसे अलग होगी। यह आदर्शवादी सुनाई देता है, पर व्यवहार में इसकी कठिन परीक्षा होनी है। उनके पक्ष में जो बातें जाती हैं, वे हैं साफ-सुथरी और कर्मठ अफसर की छवि, पढ़ी-लिखी शहरी पहचान और सोशल मीडिया पर सक्रिय समर्थन। पर 2027 के विधानसभा चुनाव में समय कम है और मैदान में सपा, भाजपा, कांग्रेस और बसपा जैसी संगठित ताकतें हैं।अब देखना यह है कि वह अपना मंच किस तरह खड़ा करती हैं, चुनाव लड़ती हैं या किसी दल के साथ गठजोड़ करती हैं। ब्यूरोक्रेसी में हलचल इसलिए भी है कि यह पहला मामला नहीं जब किसी अफसर ने सत्ता से दूरी बनाई हो, पर बिना किसी दल के खुली चुनौती देने वाला मामला जरूर दुर्लभ है। दिव्या मित्तल की यह पारी या तो यूपी में नौकरशाही से राजनीति के रास्ते का नया अध्याय बनेगी, या उन उदाहरणों की सूची में जुड़ेगी जो बताते हैं कि यहां सत्ता के बिना सियासत आसान नहीं।

अध्यात्म

## शुभचिन्तक की अज्ञानवस भी उपेक्षा न करें

एक कुम्हार को मिट्टी खोदते हुए अचानक एक हीरा मिल गया, उसने उसे अपने गधे के गले में बांध दिया। एक दिन एक बनिए की नजर गधे के गले में बंधे उस हीरे पर पड़ गई, उसने कुम्हार से उसका मूल्य पूछा। बनिए ने कुम्हार को सवा सेर गुड़ देकर वह हीरा खरीद लिया। बनिए ने भी उस हीरे को एक चमकीला पत्थर समझा था, लेकिन अपनी तराजू की शोभा बढ़ाने के लिए उसकी डंडी से बांध दिया। एक दिन एक जौहरी की नजर बनिए के उस तराजू पर पड़ गई, उसने बनिए से उसका दाम पूछा बनिए ने कहाः पांच रुपए। जौहरी कंजूस व लालची था, हीरे का मूल्य केवल पांच रुपए सुन कर समझ गया कि बनिया इस कीमती हीरे को एक साधारण पत्थर का टुकड़ा समझ रहा है। वह उससे भाव-ताव करने लगाः पांच नहीं, चार रुपए ले लो। बनिये ने मना कर दिया क्योंकि उसने चार रुपए का सवा सेर गुड़ देकर खरीदा था। जौहरी ने सोचा कि इतनी जल्दी भी क्या है? कल आकर फिर कहूंगा, यदि नहीं मानेगा तो पांच रुपए देकर खरीद लूंगा। संयोग से दो घंटे बाद एक दूसरा जौहरी कुछ जरूरी सामान खरीदने उसी बनिए की दुकान पर आया। तराजू पर बंधे हीरे को देखकर वह चौंक गया, उसने सामान खरीदने के बजाए उस चमकीले पत्थर का दाम पूछ लिया। बनिए के मुख से पांच रुपए सुनते ही उसने झट जेब से निकालकर उसे पांच रुपये थमाए और हीरा लेकर खुशी-खुशी चल पड़ा। दूसरे दिन वह पहले वाला जौहरी बनिए के पास आया, पांच रुपए थमाते हुए बोलाः लाओ भाई दो वह पत्थर। बनिया बोलाः वह तो कल ही एक दूसरा आदमी पांच रुपए में ले गया। यह सुनकर जौहरी ठगा सा महसूस करने लगा। अपना गम कम करने के लिए बनिए से बोलाः अरे मूर्ख..! वह साधारण पत्थर नहीं, एक लाख रुपए कीमत का हीरा था। बनिया बोलाः मुझसे बड़े मूर्ख तो तुम हो, मेरी दृष्टि में तो वह साधारण पत्थर का टुकड़ा था, जिसकी कीमत मैंने चार रुपए मूल्य के सवा सेर गुड़ देकर चुकाई थी, पर तुम जानते हुए भी एक लाख की कीमत का वह पत्थर, पांच रुपए में भी नहीं खरीद सके। हमारे जीवन मे भी अक्सर ऐसा होता है, हमें हीरे रूपी सच्चे शुभचिन्तक मिलते हैं, लेकिन अज्ञानतावश पहचान नहीं कर पाते और उसकी उपेक्षा कर बैठते हैं, जैसे इस कथा में कुम्हार और बनिए ने की। कभी पहचान भी लेते हैं, तो अपने अहंकार के चलते तुरन्त स्वीकार नहीं कर पाते और परिणाम पहले जौहरी की तरह हो जाता है और पश्चाताप के अतिरिक्त कुछ हासिल नहीं हो पाता।

# जेन ज़ी अपने अनुभव से अपनाएंगे हिंदी

**आखिर भाषा का उद्देश्य केवल यह बताना तो नहीं कि हम किस ट्रेंड से जुड़े हैं; उसका उद्देश्य यह भी है कि हम क्या सोचते हैं, क्या महसूस करते हैं और उसे कितनी स्पष्टता से व्यक्त कर सकते हैं। आज जेन ज़ी जिस भाषाई बदलाव को आगे बढ़ा रही है, वही कल जेन अल्फा की रोजमर्रा की भाषा का आधार बनेगा। ऐसे में सवाल यह भी है कि हम अगली पीढ़ी को कैसी हिन्दी सौंप रहे हैं। क्योंकि आने वाली पीढ़ी भाषा को सिर्फ विरासत में नहीं लेगी, वह अपने समय के अनुसार उसे फिर से गढ़ेगी और बदलेगी। ऐसे में हिन्दी का भविष्य इसी बात पर निर्भर करेगा कि इस बदलाव में वह अपनी जड़ों से कितनी जुड़ी रहती है और नए समय से कितना संवाद कर पाती है। दरअसल अंग्रेजी माध्यम से निकली इस पीढ़ी के लिए हिन्दी एक विषय तो है, लेकिन जीवन की सहज भाषा नहीं। घर में भी बातचीत का स्थान धीरे-धीरे मिश्रित भाषा ने ले ली क्योंकि अंग्रेजी स्टैटस का प्रतीक बनाई गई। अंग्रेजी सिखाने पर अड़ी माँओं की भी भूमिका को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज किया है।**

भाषा शब्दों का समूह ही नहीं होती, वह अपने समय की सोच, संवेदना और सामाजिक बदलावों का आईना भी होती है। इसलिए जब किसी पीढ़ी के बोलने का ढंग बदलता है तो उसके साथ भाषा भी बदलती दिखाई देती है। आज जेन ज़ी की भाषा को देखें तो हिन्दी के सामने एक नया दौर खड़ा है। इस पीढ़ी की बातचीत में हिन्दी, अंग्रेजी, इंटरनेट स्लैंग, मीम्स, इमोजी और पॉप संस्कृति एक साथ दिखाई देते हैं। क्या यह हिन्दी का बदलता हुआ स्वरूप है या हिन्दी के अस्तित्व के लिए कोई खतरा है? क्या हिन्दी में अभिव्यक्ति की क्षमता नहीं रही?

हाल के छात्र आंदोलनों ने इस बदलाव को और स्पष्ट किया है। जेन ज़ी के विरोध प्रदर्शनों में पारंपरिक नारों के साथ मीम, व्यंग्य, छोटे-छोटे वाक्य, इंटरनेट पर प्रचलित शब्द और हिंदी-अंग्रेजी का मिश्रण दिखाई दिया। आंदोलन की भाषा अब मंच से बोले गए भाषणों तक सीमित नहीं है। कोई मीम कुछ सेकंड में हजारों लोगों तक पहुंचकर वह बात कह देता है, जिसे कहने में कभी लंबा भाषण लगता था। स्ट्रेट फॉरवर्ड यह पीढ़ी केवल नई भाषा नहीं बोल रही, वह अपने समय के अनुसार भाषा को गढ़ भी रही है।

दिलचस्प यह है कि यह भाषा अब सार्वजनिक और राजनीतिक संवाद का हिस्सा भी बन रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी युवाओं से संवाद करते हुए जेन ज़ी की शब्दावली और उनके संचार माध्यमों को अपनाते दिखाई देते हैं। युवाओं की



भाषा में उनसे संवाद करने का यह प्रयास अपने आप में महत्वपूर्ण है, क्योंकि नई पीढ़ी की भाषा अब इतनी प्रभावशाली हो चुकी है कि सार्वजनिक जीवन को भी उससे संवाद करना पड़ रहा है।

जेन ज़ी की भाषा का एक दूसरा पहलू भी चिंता पैदा करता है। सोशल मीडिया और मीम संस्कृति ने ऐसे अनेक स्लैंग और वायरल शब्दों को जन्म दिया है, जिनका कोई स्थायी अर्थ नहीं होता। कई बार शब्द केवल इसलिए प्रचलन में आ जाते हैं क्योंकि वे किसी मीम, वीडियो या इंटरनेट ट्रेंड का हिस्सा हैं। उनका अर्थ संदर्भ, समूह और क्षण के साथ बदलता रहता है और कुछ समय बाद वे स्वयं अप्रचलित हो जाते हैं। समस्या तब होती है जब ऐसी अभिव्यक्तियाँ विचार और भाषा की जगह लेने लगती हैं। संवाद जितना अधिक संक्षिप्त, संकेतात्मक और तात्कालिक होता जा रहा है, उतना ही भाषा के गहरे अर्थ, व्याकरण और शब्द-संपदा से दूरी का खतरा भी बढ़ रहा है। भाषा में नए शब्दों का आना स्वाभाविक है, लेकिन हर वायरल शब्द भाषा की समृद्धि नहीं होता। कुछ शब्द केवल चलन होते हैं, भाषा नहीं।

आखिर भाषा का उद्देश्य केवल यह बताना तो नहीं कि हम किस ट्रेंड से जुड़े हैं; उसका उद्देश्य यह भी है कि हम क्या सोचते हैं, क्या महसूस करते हैं और उसे कितनी स्पष्टता से व्यक्त कर सकते हैं। आज जेन ज़ी जिस भाषाई बदलाव को आगे बढ़ा रही है, वही कल जेन अल्फा की रोजमर्रा की भाषा का आधार बनेगा। ऐसे में सवाल यह भी है कि हम अगली पीढ़ी को कैसी हिन्दी सौंप रहे हैं। क्योंकि आने वाली पीढ़ी भाषा को सिर्फ विरासत में नहीं लेगी, वह अपने समय के अनुसार उसे फिर से गढ़ेगी और बदलेगी। ऐसे में हिन्दी का भविष्य इसी बात पर निर्भर करेगा कि इस बदलाव में वह अपनी जड़ों से कितनी जुड़ी रहती है और नए समय से कितना संवाद कर पाती है।

दरअसल अंग्रेजी माध्यम से निकली इस पीढ़ी के लिए हिन्दी एक विषय तो है, लेकिन जीवन की सहज भाषा नहीं। घर में भी बातचीत का स्थान धीरे-धीरे मिश्रित भाषा ने ले ली क्योंकि अंग्रेजी स्टैटस का प्रतीक बनाई गई। अंग्रेजी सिखाने पर अड़ी माँओं की भी भूमिका को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज किया है। मोबाइल पर लिखी जाने वाली हिन्दी अक्सर देवनागरी में नहीं, रोमन लिपि में दिखाई देती है। ऐसा लिखना सुविधाजनक हो सकता है, लेकिन यदि यही आदत पढ़ने और लिखने की क्षमता को कमजोर करने लगे तब समस्या है। साहित्य भी इस परिवर्तन से अछूता नहीं है। आज का लेखक युवा पाठक तक पहुंचने के लिए उसकी भाषा, उसके अनुभव और उसके शब्दों को अपने लेखन में जगह दे रहा है। कभी जयशंकर प्रसाद और निराला की शुद्ध हिन्दी समाज को प्रभावित करती थी फिर अज्ञेय उसे बदलने की गुहार लगाते है, समय के साथ साहित्य की भाषा भी परिवर्तित हुई क्योंकि साहित्य यदि अपने समय से संवाद नहीं करेगा तो वह पाठक से दूर हो जाएगा। लेकिन साहित्य का काम केवल प्रचलित स्लैंग को दोहराना नहीं है। उसका दायित्व भाषा को विस्तार देना भी है। वह युवा की भाषा को समझे, उसमें नए शब्दों और नए अनुभवों को स्वीकार करे, लेकिन साथ ही उसे अधिक समृद्ध और अभिव्यक्तिशील भी बनाए।

यहीं हिन्दी के भविष्य का सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है। क्या आने वाले समय में मानक हिन्दी केवल सरकारी कार्यालयों, प्रतियोगी परीक्षाओं और औपचारिक भाषणों तक सीमित रह जाएगी? ऐसा तभी होगा जब हम हिन्दी को जीवन के बदलते क्षेत्रों से अलग कर देंगे। विज्ञान, तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोजगार, डिजिटल मीडिया, मनोरंजन और सोशल मीडिया यदि इन क्षेत्रों में हिन्दी की मजबूत उपस्थिति नहीं होगी तो नई पीढ़ी स्वाभाविक रूप से दूसरी भाषाओं की ओर जाएगी। बहरहाल हिन्दी को बचाने की जरूरत नहीं है, उसे समय के साथ सक्षम बनाने की जरूरत है। क्योंकि भाषा जीवित रहती है मनुष्य की चेतना और उसके रोजमर्रा के संवाद में ना सिर्फ शब्दकोश में। जेन ज़ी यदि हिन्दी को अपने नए अनुभवों की भाषा के रूप में अपनाती है तो हिन्दी का भविष्य संकट में नहीं, बल्कि एक नए रूप में हमारे सामने होगा।

## आज का कार्टून

सपा से गठबंधन नहीं हुआ तो 200 सीटों पर लड़ेंगे: ओवैसी




## राशिफल

**मेष**
आज पैसों पर नियंत्रण और संयम से काम लेना होगा। आज थोड़ा ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। घर के खर्चों और भविष्य की सुरक्षा की योजना बनाने के लिए कह रहे हैं।

**वृषभ**
आज बचत की योजना और बातचीत से लाभ होगा।ाज काम की चर्चा हो सकती है।आप अपनी बचत बढ़ाने और रोज के खर्चों को सही करने के बारे में सोचेंगे।

**मिथुन**
आज खर्चों में संतुलन और काम में प्राथमिकता देना होगा।पैसों का मामला आज परिवार की जरूरतों और घर की जिम्मेदारियों के आसपास घूम सकता है।

**कर्क**
आज आर्थिक सुरक्षा और शांत प्रतिक्रिया से आपके काम बनेंगे। आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान रहेगा। पैसों का हिसाब संभालने में भरोसा बढ़ेगा।

**सिंह**
आज गोपनीय योजनाएं और शांत मेहनत काम आएगी।पैसों से जुड़ी योजनाओं को आज गुप्त रखना ही सही रहेगा।ग्रहों की स्थिति फालतू खर्चों से बचने का इशारा कर रही है।

**कन्या**
आज बजट की समीक्षा और बारीकी से काम करना होगा।आप पैसों के मामले में काफी सजग रहेंगे।खर्चों को देखने और जहां बेमतलब पैसा जा रहा है उसे रोकने के लिए अच्छा दिन है।

**तुला**
आज खर्चों पर दोबारा सोच और स्पष्ट बातचीत फायदेमंद रहेगी। पैसों के मामलों को ध्यान से देखने की जरूरत है। खरीदारी, निवेश या वादों पर दोबारा ध्यान जाएगा।

**वृश्चिक**
आज पैसों की बचत और नियम से काम करना होगा।आज खर्च करने से ज्यादा बचत करने का मन रहेगा।अचानक सामने आने वाले खर्चों पर ध्यान देना पड़ सकता है।

**धनु**
आज काम से लाभ और टीम वर्क से हर कार्य बनेंगे।पैसों का फायदा आज दफ्तर के संपर्कों और पुरानी मेहनत पर निर्भर करेगा।किसी साथी या जान-पहचान वाले से काम की जानकारी मिल सकती है।

**मकर**
आज आमदनी में सुधार और मेहनत से पहचान बनेगी।पैसों का ध्यान आज करियर और लंबी योजनाओं से जुड़ा रहेगा।आप अपनी कमाई के रास्ते मजबूत करने और देनदारियों को कम करने की सोचेंगे।

**कुंभ**
आज नई सोच पर जांच और संभलकर कदम उठाएं।कमाई के नए तरीके ढूंढने का मन करेगा।नए विचारों के बारे में सोचें, पर बिना जानी-पहचानी योजनाओं में तुरंत पैसा न लगाएं।

**मीन**
आज हिसाब-किताब में अनुशासन और शांत सोच लाभ दिलाएगी।पैसों की योजना में आज अनुशासन की जरूरत है। इस बात पर ध्यान दें कि आपका पैसा कहां खर्च हो रहा है।

# मसौढ़ी में इंडिया गठबंधन का हल्लाबोल

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका, लगे वोट चोर-गद्दी छोड़ो के नारे






**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर दिल्ली से पटना तक विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। इसी कड़ी में बुधवार को मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढी, धनरुआ एवं पुनपुन प्रखंड में इंडिया गठबंधन के बैनर तले विरोध मार्च निकाला गया और पुतला दहन किया गया। मसौढी में विरोध मार्च की शुरूआत गांधी मैदान से कर्पूरी चौक से हुई। जुलूस में समेत राजद, कांग्रेस, माले व माकपा इंडिया गठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। कर्पूरी चौक, मेन रोड होते हुए स्टेशन रोड तक मार्च निकाला गया, जो बाद में सभा में तब्दील हो गया। कोई धनरूआ में धनरुआ बाजार से प्रखंड कार्यालय तक, और पुनपुन प्रखंड में पुनपुन बाजार से प्रखंड कार्यालय चौराहा तक जुलूस और विरोध मार्च निकाला गया, इस दौरान कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और वोट चोर-गद्दी छोड़ो के नारे लगाए।मसौढ़ी में सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव कमलेश ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। जब लोकतंत्र ही नहीं बचेगा तो देश क्या बचेगा। जनता के वोटों की चोरी कर सरकार बनाने वालों को शर्म आनी चाहिए। वहीं कांग्रेस के इंद्रमणी देवी ने कहा कि इतना कुछ होने के बाद भी बेशर्मी से मुख्य चुनाव आयुक्त कुर्सी पर बैठे हैं। देश को इन सामंतवादियों से बचाना होगा। एवं सीपीएम के प्रोफेसर सीपी मंडल ने चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कड़ी निंदा की। मौके पर मसौढी में राजद प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार, भाकपा माले से कमलेश कुमार, संजय पासवान, नागेश्वर पासवान, कांग्रेस से जिला महासचिव अरफराज साहिल, इन्द्रमणि देवी,उदय चंद्रवंशी, माकपा से प्रो.सीपी मंडल, धनरूआ से माले के जितेंद्र राम, रिंकू कुमारी, शशि रंजन, राजद से जिला परिषद चंदन कुमार एवं पुनपुन प्रखंड में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शराबबंदी के नाम पर दलितों का दमन बंद करो




### पिपरा थाना अध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग को लेकर भाकपा माले का प्रतिवाद मार्च

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी के नाम पर बेहरावां चकिया मुसहर टोली में पुलिसिया दमन, दो लोगों की मौत और 32 महिलाओं की गिरफ्तारी के खिलाफ श भाकपा माले ने पुनपुन एवं धनरुआ में प्रतिवाद मार्च निकाला। यह मार्च पुनपुन में मनोरा गुमटी से शुरू होकर पकड़ी गली और मुख्य बाजार होते हुए ब्लॉक चौराहा पहुंचा। इसके बाद धनरुआ बाजार स्थित कृषि फार्म के पास नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। मार्च का नेतृत्व प्रखंड सचिव मोहन पासवान, जिला कमेटी सदस्य मुन्ना चौहान, जिला नेता वीरेंद्र प्रसाद, विद्या कुमार, सुदर्शन राम, निरंजन वर्मा, मिथिलेश कुमार और हरेंद्र कुमार ने किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला नेता वीरेंद्र प्रसाद ने आरोप लगाया कि 4 अक्टूबर की रात पिपरा पुलिस ने बेहरावां चकिया मुसहरी टोला में जितिया पर्व मना रहे दलित परिवारों पर छापेमारी के नाम पर लाठी-डंडों से बर्बर पिटाई की। उस दिन महिलाएं उपवास पर थीं। पुलिस के डर से 60 वर्षीय रामू मांझी और 16 वर्षीय आकाश मांझी पुनपुन नदी में कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दर्जनों महिला-पुरुषों को गिरफ्तार भी कर लिया। नेताओं ने कहा कि यह घटना सरकार प्रायोजित और घोर निंदनीय है। डबल इंजन सरकार में गरीबों-दलितों के लिए न शिक्षा है, न रोजगार। तीन डिसमिल वास भूमि का फॉर्म भरवाकर कुछ दिया नहीं गया, उल्टे लाठी, गोली और जेल दी जा रही है। माले ने पिपरा थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार को बर्खास्त करने, दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तार महिलाओं को रिहा करने की मांग की। मार्च में भगवान पासवान, जितेंद्र राम, खुर्शीद अंसारी, रामजीवन पासवान, मीना देवी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## खेत में घास काटने गई महिला की करंट लगने से मौत, अब तक 48 घंटे में तीन लोगों की गई जान



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खेतों में पटवन के लिए किसानों के द्वारा लगाये गये चाईनीज तार इन दोनों लोगों के लिए मौत का फंदा बन गया है। ऐसे में धनरुआ प्रखंड के बहरामपुर ओपी क्षेत्र में दो दिनों के अंदर करंट की चपेट में आने से एक महिला समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। लगातार हो रही मौतों से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। बुधवार को भी हुई ताजा घटना में घास काटने गई महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान किरण देवी पति बच्चु प्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह रोज की तरह खेत में घास काटने गई थी। इसी दौरान खेत में गिरे नंगे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव में मातम पसरा है। इससे पहले मंगलवार शाम को भी इसी ओपी क्षेत्र के सिम्हारी बलवापर गांव में दो युवक खेत में गिरे नंगे तार की चपेट में आ गए थे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस तरह महज दो दिनों में तीन लोगों की जान चली गई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार आजकल किसान अपने खेतों में पटवन के लिए सस्ती नंगी तार और चाईनीज तार का इस्तेमाल करते हैं। और उसमें बिजली का करंट छोड़ देते हैं। तार कई जगह जमीन पर गिरा रहता है, जिससे राहगीरों और खेत में काम करने वालों के लिए बड़ा खतरा बन गया है।

## वोट चोरी और एसआईआर को लेकर मोकामा में राजद-इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को राजद कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में वोट चोरी और मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए चल रही एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रदर्शन किया। राज्यव्यापी आंदोलन के तहत इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने आक्रोश मार्च निकाला और चुनाव आयोग तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची की प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इस मौके पर जिला प्रधान महासचिव पंकज यादव, नगर अध्यक्ष राजू साव, मनोज शर्मा और वरुण यादव समेत राजद एवं सीपीआई के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर परिषद मसौढ़ी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद मसौढ़ी द्वारा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य पार्षद पिंकी देवी शामिल हुईं। नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियां तैयार कीं। छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता एवं कला के माध्यम से स्वच्छता के महत्व का प्रभावी संदेश आम नागरिकों तक पहुंचाया। उत्कृष्ट रंगोली बनाने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं विद्यालयों को पुरस्कार, पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक अधिक प्रभावी रूप से पहुंचाना है।

## कॉमर्स कॉलेज में वन्यजीव सप्ताह का भव्य समापन

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की रचनात्मकता और संरक्षण का संदेश



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित वन्यजीव सप्ताह-2026 का समापन आज विविध रचनात्मक एवं जागरूकता गतिविधियों के साथ हुआ। 1 से 7 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस विशेष सप्ताह की थीम 'वन्यजीव संरक्षणः हमारी जिम्मेदारी, हमारा भविष्य' रही। कार्यक्रम का मूल संदेश था—'जानें। अवलोकन करें। वन्यजीवों की रक्षा करें।' वन्यजीव संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और पर्यावरणीय जिम्मेदारी विकसित करने के उद्देश्य से पूरे सप्ताह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर विभाग द्वारा तैयार की गई वन्यजीव संरक्षण एवं जैव विविधता आधारित प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों ने पोस्टर, चार्ट, मॉडल, रंगोली तथा विभिन्न रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से वन्यजीवों के संरक्षण, आवास विनाश, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, अवैध शिकार तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सुनीता रॉय ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वन्यजीव केवल हमारे प्राकृतिक पर्यावरण का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन के महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने तथा अपने आसपास जैव विविधता के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विशेष अतिथि प्रो. मीनाकेतन बहेरा, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया और वन्यजीव एवं जैव विविधता संरक्षण के प्रति उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. संतोष कुमार, जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. विकास कुमार, डॉ. रश्मि कुमारी, डॉ. रश्मि, डॉ. विद्या यादव, डॉ. शंभू शरण, डॉ. अयान मुखर्जी सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## सवेरा कैंसर हॉस्पिटल में 'करेज इन पिंक' कार्यक्रम, महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रति किया जागरूक

### सुबह में महिलाओं की निःशुल्क मैमोग्राफी व पैप स्मीयर जांच हुई ● विशेषज्ञों ने बताए स्तन कैंसर के लक्षण, जांच, इलाज और बचाव के तरीके




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सवेरा कैंसर हॉस्पिटल और रोटरी पटना मिडटाउन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को ह्यकरेज इन पिंकह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच व उपचार के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर सवेरा कैंसर हॉस्पिटल के एमडी एवं वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. वीपी सिंह, रोटरी पटना मिडटाउन की अध्यक्ष डॉ. रंजना कुमार, रोटरी मिडटाउन, पटना एवं सवेरा कैंसर हॉस्पिटल के अन्य सदस्यों ने बैलून उड़ाकर स्तन कैंसर से बचाव का संदेश दिया। डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि महिलाओं में होने वाले कैंसर के मामलों में करीब 25 प्रतिशत मामले स्तन कैंसर के होते हैं। इसलिए इसे नजरअंदाज करने के बजाय स्तन में होने वाले किसी भी असामान्य बदलाव की समय पर जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्टूबर माह में दुनियाभर में स्तन कैंसर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। महिलाओं को कैंसर से डरने के बजाय हिम्मत के साथ इसका सामना करने की जरूरत है। बीमारी की पहचान शुरूआती स्तर पर होने पर इलाज के बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. राहुल कुमार चौधरी ने महिलाओं को शरीर में होने वाले असामान्य बदलावों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अमृता राकेश ने स्तन कैंसर के विभिन्न उपचार विकल्पों के बारे में बताया। वहीं रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अनीता कुमारी ने ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम के दौरान सुबह 9 बजे से महिलाओं के लिए निःशुल्क मैमोग्राफी और पैप स्मीयर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## धनरूआ में राढा सामुदायिक भवन से 30 लीटर महुआ शराब बरामद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान कार्रवाई करते हुए ग्राम राढा के पुराने सामुदायिक भवन से करीब 30 लीटर देसी महुआ चुलाई शराब बरामद की है। हालांकि पुलिस को देखकर शराब कारोबारी खेत का फायदा उठाकर फरार हो गए। इस संबंध में धनरूआ थाने में पदस्थापित पुअनि मो० इरशाद आलम ने बताया गया है कि गश्ती के क्रम में वे बरनी बाजार में थे तभी सूचना मिली कि ग्राम राढा में पुराने सामुदायिक भवन में देसी महुआ शराब की खरीद-बिक्री हो रही है। सूचना का सत्यापन करने के लिए वरीय पदाधिकारी को सूचित कर पुलिस टीम राढा गांव पहुंची। वहां देखा कि कुछ लोग सामुदायिक भवन के बरामदे में बैठकर शराब की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। पुलिस की गाड़ी देखते ही वे भागने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से उन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन वे खेतों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

## एक दिवसीय 'रिसर्च मेथडोलॉजी' कार्यशाला का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस (कोकास), पटना के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए एक दिवसीय 'रिसर्च मेथडोलॉजी' कार्यशाला का आयोजन आज वाणिज्य सभागार में किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को शोध की वैज्ञानिक प्रक्रिया, शोध-पद्धति तथा गुणवत्तापूर्ण अकादमिक अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना था।कार्यशाला की पैट्रन-सह-अध्यक्ष महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सुनीता रॉय एवम समन्वयक प्रो. संतोष कुमार ने कार्यशाला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन प्रो. मीनाकेतन बेहरा, प्रोफेसर एवं चेयरपर्सन, सीएस एंड एलएस, सामाजिक विज्ञान विद्यालय, जेएनयू, नई दिल्ली, ने शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को रिसर्च मेथडोलॉजी से जुड़े महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने शोध विषय के चयन, शोध की रूपरेखा तैयार करने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध-प्रश्नों के निर्माण, डेटा संकलन एवं विश्लेषण तथा शोध की गुणवत्ता जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. विद्या यादव एवं डॉ. विनीता गुप्ता, सह-संयोजक डॉ. स्मिता आनंद एवं डॉ. संगीता कुमारी तथा आयोजन सचिव डॉ. रश्मि कुमारी एवं डॉ. वंदना मौर्या ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के कन्हाईपुर के समीप फोरलेन पर मंगलवार देर रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर निवासी दिनेश सिंह के पुत्र वीरू कुमार के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, वीरू कुमार को अथमलगोला के बरहिया जाना था। बताया जा रहा है कि उसने गूगल मैप पर गलती से लखीसराय स्थित बरहिया का लोकेशन डाल दिया और बाइक से उसी दिशा में निकल गया। इसी दौरान कन्हाईपुर के समीप उसकी बाइक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक की मौके पर ही मौत हो गई।बताया गया कि हादसे के समय युवक हेडफोन लगाकर गाना सुन रहा था। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुलिस जांच कर रही है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए मामले की जांच कर रही है।

### भटकते आठ वर्षीय बच्चे को बाल गृह भेजा



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा रेल थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बुधवार को प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर भटक रहे आठ वर्षीय बच्चे को सुरक्षित बरामद कर बाल गृह भेज दिया। बाल संरक्षण पदाधिकारी एसआई रंजीत कुमार निषाद ने बच्चे को प्लेटफॉर्म पर अकेले भटकते हुए देखा था।इसके बाद बच्चे को रेल थाना लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान बच्चा सिर्फ अपनी मां का नाम आरती बता पा रहा था। उसके परिजनों के बारे में अन्य कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी।मोकामा रेल थानाध्यक्ष प्रसिद्ध कुमार सिंह ने बताया कि बच्चे की चिकित्सकीय जांच ट्रॉमा सेंटर में कराई गई। इसके बाद बिहार सरकार के बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित बाल गृह 'अपना घर', पुनाईचक भेज दिया गया। पुलिस बच्चे के परिजनों की पहचान और तलाश की प्रक्रिया में जुटी है।

### पिकअप ठोकर से बिजली पोल क्षतिग्रस्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दहिभत्ता गांव के पास कोरियांवा गढ जाने वाली गली में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बिजली के छळ पोल में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे विभाग को करीब 15 हजार रुपये की क्षति हुई है। इस संबंध में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-1 में पदस्थापित कनीय विद्युत अभियंता सुनील कुमार (43 वर्ष) पिता राजेन्द्र प्रसाद, थाना-अतरी, जिला-गया ने मसौढ़ी थानाध्यक्ष को आवेदन देकर केस दर्ज करवाया है।आवेदन में उन्होंने बताया है की पिकअप चालक ने ग्राम दहिभत्ता से कोरियांवा गढ गह जाने वाली मार्ग के बीच रास्ते में लगे एलटी पोल में टक्कर मार दी, जिससे पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस कारण साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को लगभग 15,000 रुपये की क्षति हुई है। इस पर मसौढ़ी थाना में कांड संख्या 946/26 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

### अवैध बालू परिवहन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मसौढ़ी पुलिस ने कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने बिना चालान के अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। हालांकि तीन ट्रैक्टर भागने में सफल रहे, जानकारी के अनुसार पुलिस को आसूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में चोरी-छिपे अवैध बालू का खनन कर ट्रैक्टर से परिवहन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने चिन्हित स्थान पर घेराबंदी कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक ट्रैक्टर पर बालू लदा हुआ पाया गया। जब चालक से बालू से संबंधित वैध चालान और कागजात की मांग की गई, तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस पदाधिकारी ने बताया बताया कि अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। जब्त ट्रैक्टर के मालिक और चालक के विरुद्ध अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध बालू के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### महज एक घंटे की बारिश से शहर बना झील

#### स्टेशन रोड और मणीचक रास्ता बना झील, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में पिछले 48 घंटे से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने पूरे शहर को झील में तब्दील कर दिया है। बीते मंगलवार की देर शाम से शुरू हुई बारिश के कारण शहर के हर गली-मोहल्ले में जलजमाव की स्थिति बन गई है।शहर के स्टेशन रोड, मनीचक रोड सहित कई इलाकों में सड़कें तालाब जैसी नजर आ रही हैं, जिससे न केवल पैदल चलने वालों को बल्कि वाहनों को भी आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति मसौढ़ी स्टेशन रोड में सब्जी मंडी के पास देखी गई, जहां सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई है और लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। इसके



अलावा संगतपर पुरानी बाईपास रोड एवं मणीचक की निमार्णाधीन सड़क भी पूरी तरह पानी में डूब गई है और झील जैसा नजारा पेश कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले-नालियों की साफ-सफाई नहीं होने और जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण थोड़ी सी बारिश में ही शहर में जलजमाव की स्थिति बन जाती है। लगातार हो रही बारिश से दुकानदारों और आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

## पाटलिपुत्र जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के पैक्स अध्यक्षों की बैठक संपन्न

### धान अधिप्राप्ति की कठिनाइयों पर हुई विस्तृत चर्चा



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पाटलिपुत्र जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री रितेश कुमार की अध्यक्षता में पटना जिले के पैक्स अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी धान अधिप्राप्ति (धान खरीद) के दौरान पैक्स को होने वाली विभिन्न व्यावहारिक और तकनीकी कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए सरकार के समक्ष मांगें रखने का निर्णय लिया गया।बैठक में पैक्स पर लगने वाले अतिरिक्त ब्याज (सूद) की राशि को सरकार द्वारा अनुदान के रूप में लौटाने, किसानों की जायज मांगों को स्वीकार नहीं करने तक आगामी धान अधिप्राप्ति के लिए पैक्स द्वारा कोई भी आधिकारिक प्रस्ताव सरकार को न सौंपने का संकल्प लिया। बिहार राज्य खाद्य निगम द्वारा पैक्स को चावल का भुगतान अत्यधिक विलंब से किए जाने के कारण राज्य भर के पैक्स भारी वित्तीय घाटे की चपेट में आ गए हैं। नियमानुसार इसका भुगतान तुरंत हो जाना चाहिए था, लेकिन निगम के सुस्त और उदासीन रवैये के कारण इसमें महीनों का विलंब किया गया। इस भारी देरी का सबसे बुरा असर पैक्सों के बैंक ऋण पर पड़ा है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि सरकार और निगम प्रशासन ने इस जायज मांग पर तुरंत विचार नहीं किया और पैक्सों को अतिरिक्त ब्याज के बोझ से मुक्त नहीं किया, तो राज्य भर के पैक्स आंदोलन करने और आगामी खरीफ सीजन का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे।

## सड़क हादसे के मामले में चालक को कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र में दो साल पहले हुए सड़क हादसे के मामले में न्यायालय ने आरोपी स्कॉर्पियो चालक को दोषी करार देते हुए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला धनरुआ थाना कांड संख्या 257/24, से जुड़ा है। इस संबंध में लंका कछुआरा, थाना-गौरीचक निवासी भरत दास पिता तिलक दास ने दिनांक 20/05/24 को धनरुआ थाना में आवेदन दिया था। आवेदक ने बताया था कि दिनांक 19/05/24 को वह अपने भाई विकास कुमार के छेका के बाद मसौढी के बेर्रा से अपने भाई संटू दास, छोटू कुमार तथा अपने चाचा धनंजय कुमार तथा अन्य ग्रामीणों के साथ टेम्पू से लौट रहा था।

## कागज पर जमीन, जमीन पर आशियाना नहीं: 15 साल से भटक रहे 28 महादलित परिवार

### बासगीत पर्चा देकर बसाना भूल गई सरकार, खरांट के भूमिहीनों का सवाल - जब पुरानों को नहीं बसाया तो नए आवेदन का क्या भरोसा?

शशि तुलस्यान



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार एक तरफ भूमिहीन परिवारों को तीन डिसमिल जमीन देने के लिए बसेरा अभियान 2.0 के तहत अंचल कार्यालयों में आवेदन ले रही है, तो दूसरी तरफ 15 साल पहले जिन गरीबों को बासगीत पर्चा दिया गया, उन्हें आज तक जमीन पर दखल नहीं मिला। कागज पर खाता-खेसरा-रकबा सब है, लेकिन जमीन कहां है, यह किसी को नहीं पता। मामला मसौढ़ी प्रखंड के खरांट महादलित टोला का है। यहां वर्ष 2009-10 में करीब 28 भूमिहीन परिवारों को बासगीत पर्चा दिया गया था। पर्चा धारियों में संजय मांझी, जितेन्द्र मांझी, मदन मांझी, बिनेश्वर मांझी, सोनी मांझी, गोवर्धन मांझी, रामेश्वर मांझी, कुलेश्वरी देवी, मनोज मांझी, गोपी मांझी, सुरेन्द्र मांझी, सत्येन्द्र मांझी, रामजन्म मांझी, भुवनेश्वर मांझी, सुखदेव मांझी, छोटेलाल मांझी सहित 28 परिवार शामिल हैं। परिवारों का कहना है कि पर्चा मिलने के बाद से वे सरकारी जमीन पर तंबू-झोपड़ी डालकर किसी तरह दिन काट रहे हैं। 15 साल बीत गए, लेकिन दखल-दहानी नहीं हुई। ऐसे में सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजिमी है कि जब 15 साल पुराने पचाधारियों को ही जमीन नहीं मिली, तो अभी लिए जा रहे नए आवेदनों का क्या भरोसा?इसको लेकर अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर पासवान एवं संजय पासवान ने अंचल प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द दखल-कब्जा नहीं दिलाया गया तो अंचल कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया कि मामला संज्ञान में है। सभी पचार्धारियों के लिए जल्द जमीन चिह्नित कर दखल-दहानी कराई जाएगी, इसके लिए संबंधित राजस्व कर्मचारी को निर्देशित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता गुड्डू अंसारी के परिजनों से मिले लोजपा आर के नेता

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बिहार प्रदेश प्रभारी सह जमुई सांसद अरुण भारती और प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सलीम साहिल के निदेर्शानुसार पार्टी नेताओं ने मृतक अधिवक्ता गुड्डू अंसारी के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ रफीक आलम,जिला उपाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ किशोर कुमार झा उर्फ विक्की झा, उपसरपंच एवं वार्ड अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मालेकुस्तूर,प्रदेश सचिव मुनीम खान तथा प्रखंड अध्यक्ष वहाब सहित अन्य लोग मौजूद रहे।नेताओं ने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास परिवार उनके साथ खड़ा हैं। उन्होंने परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिया। वहीं जिला उपाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ किशोर कुमार झा उर्फ विक्की झा ने प्रेस से बातचीत करते हुए घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने एसपी से अपील करते हुए कहा कि मामले में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।किशोर कुमार झा ने कहा कि आरोप सिद्ध होते ही दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा,यहां तक कि फांसी की सजा दिलाने की दिशा में कार्रवाई होनी चाहिए,ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।



### विद्युत कार्यपालक अभियंता ने की पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**बारसोई/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बारसोई प्रखंड सभागार में विद्युत कार्यपालक अभियंता प्रशांत कुमार मंजू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में राजस्व संग्रहण बढ़ाने और बकायेदारों से वसूली में तेजी लाने का निर्देश सुपरवाइजर व एमआरसी को दिया गया। आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए कनीय अभियंताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विद्युत चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को सोलर लगाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश सोलर वेंडरों को दिया गया। बैठक में सहायक व कनीय विद्युत अभियंता, लाइनमैन एवं सोलर वेंडर मौजूद रहे।

### सेवा के रंग, राष्ट्र के संग-आभार और संकल्प की रंगोली में दिखी विकसित भारत की झलक

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवा एवं समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने तथा विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कटिहार नगर निगम क्षेत्र के मिरचाईबाड़ी स्थित हरिशंकर नायक उच्च विद्यालय परिसर में सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग-आभार और संकल्प की रंगोली' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, महापौर उषा देवी अग्रवाल, नगर आयुक्त संतोष कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सदस्यगण एवं पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी कला एवं रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत, जनकल्याण, जनभागीदारी तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को रंगोली के माध्यम से बेहद सुंदर एवं आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विभिन्न रंगोलियों का अवलोकन किया तथा उनकी कलात्मक प्रतिभा, कल्पनाशीलता और सामाजिक जागरूकता की सराहना की गई। रंगोलियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रप्रेम, सेवा, समर्पण, महिला सशक्तिकरण एवं विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया गया। स्टॉलों के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के बीच सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को और मजबूत किया। रंगोलियों में उभरकर आए संदेशों ने ह्वविकसित भारत 2047ह्ल के संकल्प को जनभागीदारी के साथ साकार करने की प्रेरणा दी।



### ट्रैक्टर की चपेट में आने से पिता-पुत्र घायल

**कदवा /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के चांदपुर-कन्हड़िया पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क अंतर्गत रौनिया चौक पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पिता व पुत्र के गंभीर रूप से घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार परभेली की ओर से ओभरलोड ईंटा लदा ट्रैक्टर मुख्य सड़क होते हुए कन्हरिया की ओर जा रहा था और कन्हरिया की ओर से एक मोटरसाइकिल सवार पिता व पुत्र परभेली आ रहा था। रौनिया चौक के समीप ईंटा लदा ओभरलोड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिसमें मोटरसाइकिल सवार पिता व पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख कर आसपास के लोगों का भाड़ी भीड़ जमा हो गयी और घटना की सूचना 112 को कॉल कर दी।सूचना मिलते हीं 112 की टीम घटना स्थल पर पहुंची।लेकिन घटना में क्षतिग्रस्त किसी भी वाहन को पुलिस के द्वारा जप्त नहीं किया। घायलों की पहचान भरी पंचायत के वार्ड संख्या तीन पश्चिम संथाली टोला निवासी चौपला मुर्मू एवं उसके पुत्र राहुल मुर्मू के रूप में हुई है। परिजनों के द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज कटिहार रेफर कर दिया है।

### वैशाली के जवान का कोलकाता में निधन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक और लाल और आर्मी जवान सोनू कुमार शहीद हो गया।कोलकाता के कमांड हॉस्पिटल में ईलाजरत जवान की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली वैसे ही घर मे चीख पुकार मच गया।कोलकाता में निधन के बाद आज शहीद जवान सोनू का शव घर लाया गया।जैसे ही जवान का शव पहुंचा वैसे ही लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा।हर कोई अपने इलाके के बेटे के का अंतिम दर्शन करना चाहता था।इस बीच भारत माता की जय के नारे से पूरा इलाका गूंज उठा।वहीं शव लेकर आए सेना के जवानों ने शहीद जवान को सलामी दी और अब जवान का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।दरअसल महुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर मानिकपुर पंचायत के मोहनपुर गांव निवासी स्वर्गीय रत्नेश कुमार सिंह के छोटे पुत्र आर्मी जवान सोनू कुमार (40 वर्ष)का कोलकाता के कमांड हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया।

# गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ 'विकसित भारत संकल्प सभा'

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का वर्चुअल संबोधन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांधी ऑडिटोरियम में 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोतिहारी के साथ - साथ ढाका एवं रक्सौल संगठन जिलों के जिलाध्यक्ष, विधायकगण, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का वर्चुअल संबोधन सुना। वर्चुअल संबोधन के पश्चात सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का संकल्प नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक और कार्यकर्ताओं का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुखधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा का संगठन जनसेवा और राष्ट्रसेवा के मूल मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करता है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ देश के करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। बिहार में भी विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही हैं। संकल्प :- कार्यक्रम में जनसेवा से राष्ट्रसेवा विकसित भारत का संकल्प उपस्थित लोगों ने लिया।जिसमें लोगों ने भारत का एक नागरिक के तौर पर विकसित भारत के निर्माण हेतु अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और संकल्प को समर्पित करने की प्रतिज्ञा किया। बड़े सपने देखने, कठिन परिश्रम करने और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के संकल्प के साथ ज्ञान, नवाचार, प्रौद्योगिकी और रचनात्मकता की शक्ति से चुनौतियों को अवसरों में बदलने का प्रयास, सत्य निष्ठा, जिम्मेदारी और सेवा के मूल्यों का पालन करते हुए अपने समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने के साथ यह विश्वास व्यक्त किया कि भारत का युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि उसके परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रेरक है। अमृत काल की भावना से प्रेरित होकर, अपने कर्तव्यों का निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव के साथ निर्वहन करने, नवाचार, उद्यमिता, खेल, विज्ञान और सतत विकास के क्षेत्रों में भारत को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देने, जन भागीदारी और सबका प्रयास की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने, स्वयं पर विश्वास और राष्ट्रपर अटूट आस्था के साथ, 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को सिद्धितक पहुँचाने हेतु अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की प्रतिज्ञा, संकल्प से सिद्धि की यात्रा को सफल बनाने एवं एक सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण करेने का संकल्प शामिल था। इसके बाद सांसद राधा मोहन सिंह के नेतृत्व में 'सेवा ज्योति यात्रा' निकाली गई।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा से राष्ट्रसेवा की यात्रा सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण प्रेरणादायी : डॉ. प्रमोद



## विकसित भारत संकल्प सभा सह सेवा ज्योति यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत बुधवार को कटिहार विधानसभा क्षेत्र के मिरचाईबाड़ी स्थित हनुमान मंदिर सेवा ज्योति चौक पर भव्य 'विकसित भारत संकल्प सभा सह सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व मंत्री सह कटिहार जिला प्रभारी मंत्री डॉ .प्रमोद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के सामूहिक गायन एवं मंचासीन अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद एलईडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण सुना।इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री डॉ .प्रमोद कुमार ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा से राष्ट्रसेवा की यात्रा सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणादायी यात्रा है। सेवा-भाव और विकसित भारत का संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सेवा एवं समर्पण की इस यात्रा को जनभागीदारी के माध्यम से और व्यापक बनाते हुए विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में प्रत्येक कार्यकर्ता एवं नागरिक को अपना योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के प्रति समर्पण, उनके विचारों एवं ओजस्वी उद्बोधन का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इसके पश्चात सेवा ज्योति मशाल प्रज्वलित कर भव्य पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। इसके बाद मिर्चाईबाड़ी चौक पर सेवा ज्योति मशाल को स्थापित किया गया, जिसे 'सेवा ज्योति चौक' के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के गौरवशाली सार्वजनिक जीवन की चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इन वर्षों में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। 'सेवा संकल्प अभियान' इसी सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने तथा विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का माध्यम है। कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक सह भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, भाजपा जिला महामंत्री रामनाथ पांडेय, गोविंद अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार, पूर्व महामंत्री वीरेंद्र यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंह, कार्यक्रम संयोजक रीना झा, बीना कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पशु स्वास्थ्य से लेकर जलवायु परिवर्तन तक, विज्ञान को समाज के हित में उपयोग करने पर जोर



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के बिहार वेटरिनरी कॉलेज में सोसायटी फॉर वेटरिनरी साइंसेज एंड बायोटेक्नोलॉजी के 13वें वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। 6 एवं 7 अक्टूबर को आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य विषय जीनोमिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं जैव प्रौद्योगिकी के माध्यम से पशु स्वास्थ्य, रोग निदान एवं सतत पशुधन उत्पादन में परिवर्तन है। सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिक, शिक्षाविद, पशु चिकित्सक, शोधकर्ता, विद्यार्थी एवं विशेषज्ञ पशु स्वास्थ्य, रोग निदान और टिकाऊ पशुधन उत्पादन के क्षेत्र में नवीन तकनीकों और संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि नेपाल के कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय, रामपुर, चितवन के पशु विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान एवं मत्स्य विज्ञान संकाय के डीन डॉ. शंकर राज बरशिला ने अपने संबोधन में विज्ञान और शिक्षा को समाज से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षा, विज्ञान या तकनीकी शोध की वास्तविक सफलता इस बात से तय होनी चाहिए कि उससे किसानों और समाज को कितना लाभ मिला। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में जीनोमिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और जैव प्रौद्योगिकी जैसी आधुनिक तकनीकें पशु रोगों की समय रहते पहचान, रोग निगरानी, आनुवंशिक सुधार, प्रजनन प्रबंधन और उत्पादन क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। लेकिन तकनीक की उपयोगिता तभी सार्थक होगी, जब उसका लाभ प्रयोगशाला और शोध संस्थानों से निकलकर किसानों, पशुपालकों और आम समाज तक पहुंचे।

## तरियानी पुल के पास वारदात की साजिश रच रहे दो युवक गिरफ्तार

**बरारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरारी थाना क्षेत्र के तरियानी पुल के पास किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे दो युवकों को बरारी पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से एक देशी कट्टा, 8 जिंदा कारतूस, 9 खोखा और दो मोबाइल बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।पुलिस के अनुसार बुधवार को बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार और एसटीएफ टीम के इंस्पेक्टर भागवत भगत को गुप्त सूचना मिली थी कि तरियानी पुल के पास दो युवक अवैध हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष एसआई कौशल कुमार, राजनेता कुमार,शिवम चौधरी व पुलिस बल और एसटीएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी की।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी के विरोध में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन



**बारारी/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरारी प्रखंड में मतदाता सूची में अनियमितताओं एवं चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर बुधवार को इंडिया गठबंधन के आह्वान पर राजद कांग्रेस सहित गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बरारी थाना चौक पर विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शन का नेतृत्व तौकीर आलम ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए रोष मार्च निकाला तथा केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों की जांच कराने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े सवालों का स्पष्ट जवाब देने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं इंडिया गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर उठाए जा रहे 'वोट चोरी' के मुद्दे का समर्थन किया। नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। यदि मतदाता सूची को लेकर किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत सामने आती है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ताकि आम मतदाताओं का लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास कायम रहे। तौकीर आलम समेत अन्य नेताओं ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए। मतदाताओं के अधिकारों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने हटाने अथवा संशोधन से संबंधित शिकायतों का नियमानुसार समाधान किया जाना आवश्यक है। प्रदर्शन में मो.सलीम, संजू सिंह, शालिग्राम यादव, दिलफराज मो.गुड्डू खान मो.नईम मो.नसीम दिलीप ठाकुर मो.सद्दाम आजाद अंसारी सहित बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने हाथों में झंडे लेकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

## एसआइआर के खिलाफ राजद का जोरदार प्रदर्शन

**बनकटवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्य चुनाव आयुक्त और विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में राजद के पूर्व मंत्री एवं नरकटिया विधायक डॉ. शमीम अहमद के नेतृत्व में बुधवार को बनकटवा प्रखंड मुख्यालय स्थित राम मनोहर लोहिया खेल मैदान से होते हुए बनकटवा दुर्गा मंदिर के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में राजद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने चुनाव प्रक्रिया तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अपनी आपत्ति जताई। हाथों में पार्टी के झंडे और तख्तियां लिए कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने 'वोट चोरों को फांसी दो, फांसी दो' के नारे लगाए। इससे प्रखंड मुख्यालय परिसर में राजनीतिक माहौल गरमा गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का सरकार तथा चुनाव आयोग को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

# 'युवाओं का मौसम के अनुकूल स्मार्ट कृषि हेतु कौशल विकास' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 7 अक्टूबर, 2026 को 'युवाओं का मौसम के अनुकूल स्मार्ट कृषि हेतु कौशल विकास' विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं किसानों को मौसम आधारित कृषि प्रबंधन, जलवायु सहनशीलता, मौसम पूवार्नुमान तथा आधुनिक कृषि-मौसम सेवाओं के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार के पूर्णिया, वैशाली, बांका, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सिवान, जमुई, पटना एवं बक्सर जिलों से कुल 20 युवा किसान भाग ले रहे हैं। डॉ. अनुप दास, निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना ने संदेश दिया कि जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में किसानों के लिए मौसम आधारित कृषि प्रबंधन की जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समय पर मौसम पूवार्नुमान एवं वैज्ञानिक सलाह को कृषि निर्णयों से जोड़कर फसल उत्पादन के जोखिम को कम किया जा सकता है तथा किसानों की आय और कृषि की स्थिरता को बढ़ावा दिया जा सकता है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन स्मार्ट मौसम प्रबंधन के माध्यम से जलवायु सहनशीलता का निर्माण, भारत मौसम विज्ञान विभाग की मौसम पूवार्नुमान एवं चेतावनी सेवाएं, किसानों द्वारा मौसम संबंधी अनुभवों का साझा करना, फसल, कीट एवं रोगों का मौसम के साथ पारस्परिक संबंध एवं उचित प्रबंधन तथा मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट के माध्यम से मौसम संबंधी सूचना प्राप्त करने एवं उसके उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए।

# रौतारा स्कूल में दिखा डीएम आशुतोष द्विवेदी का सादगी भरा अंदाज

**कोढ़ा/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आमतौर पर जिलाधिकारी का नाम आते ही प्रशासनिक बैठकों, अधिकारियों को निर्देश और सरकारी योजनाओं की समीक्षा की तस्वीर सामने आती है। लेकिन कोढ़ा प्रखंड के मध्य विद्यालय रौतारा में जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। कभी वे बच्चों के बीच शिक्षक बनकर पढ़ाते नजर आए तो कभी उन्हीं बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर मध्याह्न भोजन करते दिखे। इतना ही नहीं,भोजन से पहले उन्होंने खुद अपनी थाली धोई। जिलाधिकारी के इस सहज और सादगी भरे व्यवहार ने विद्यालय के बच्चों से लेकर शिक्षकों तक को प्रभावित किया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान डीएम आशुतोष द्विवेदी ने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से बातचीत की।

# अमृत भारत स्टेशन एकमा का जीएम ने सांसद की मौजूदगी में किया निरीक्षण



**एकमा/छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा-सिवान रेलखंड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए जा रहे एकमा रेलवे स्टेशन का पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने बुधवार को लगभग साढ़े तीन घंटे तक महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की उपस्थिति में गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक के साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुज मित्तल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर तुषार कांत पाण्डेय, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रकाश चंद्र जायसवाल, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल सत्य प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) आर.एस.पी. नवीन कुमार झा, मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य शाखा अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जीएम ने एकमा स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार के ले-आउट का अवलोकन किया और आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने पेयजल व्यवस्था, सकुर्लेटिंग एरिया तथा प्लेटफार्मों पर चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। पे एंड यूज शौचालय की साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने महिला एवं पुरुष प्रतीक्षालय के प्रसाधन, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ड्यूटी पोस्ट में प्रकाश व्यवस्था तथा स्टेशन अधीक्षक कक्ष में विफलता पंजिका सहित विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया। बुकिंग कार्यालय-सह-आरक्षण केंद्र में व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर तथा रिले रूम का भी निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेशन के पुनर्विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा किए जाएं। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल परिसंपत्तियों के उचित रखरखाव, यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार, स्वच्छता तथा स्टेशन परिसर के समुचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## बेहतर प्लानिंग के साथ अब 'हर कल आसान'

**पटना/मुंबई/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज की बदलती जिंदगी में करियर, परिवार और पैसों से जुड़ी जरूरतें भी बदल रही हैं। ऐसे में, अपने और परिवार के भविष्य की तैयारी आसान और समझने योग्य हो, यह हर किसी की जरूरत है। इसी सोच के साथ आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने अपनी नई ब्रांड पहचान और टैगलाइन 'हर कल आसान' लॉन्च की है। पहले आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जानी जाने वाली कंपनी की नई पहचान जीवन बीमा को सरल, पारदर्शी, लचीला और आसान बनाने के वादे पर आधारित है। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के मार्केटिंग, डिजिटल और बैंकेश्योरेंस प्रमुख श्रीनिवास बालासुब्रमण्यन ने कहा कि आईसीआईसीआई नाम देश के लाखों लोगों के लिए भरोसे और वित्तीय पहुंच से जुड़ा है।

# सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान की प्रगति की हुई समीक्षा



**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विकास मिशन के अध्यक्ष सह विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, उप विकास आयुक्त डॉ नेहा कुमारी सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल रहे।समीक्षा क्रम में विकास आयौक्त ने पूर्व से निर्मित सार्वजनिक परिसंपत्तियों के उन्नयन, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मति के कार्य 30 नवंबर 2026 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया।वहीं नये आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों के निर्माण से संबंधित कार्य 31 मार्च 2027 तक पूरा करा लेने पर जोर दिया।विकास आयुक्त ने विद्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, प्रखंड,पंचायत स्तरीय भवनों सहित अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों का विभागवार सर्वेक्षण एवं आवश्यक कार्यों को चिन्हित करने का निर्देश दिया । बैठक में सभी सरकारी भवनों की साफ-सफाई, मरम्मति, रंग-रोगन, सौंदर्यीकरण एवं जनसुविधाओं के उन्नयन पर विशेष ध्यान देने के साथ विद्यालयों में भवन, वर्ग-कक्ष, किचन शेड,शौचालय आदि के अनुरक्षण के साथ आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त वर्ग-कक्ष एवं भवन निर्माण करवाने का भी निर्देश दिया गया।उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, आवश्यक मरम्मति एवं मरीजों के अनुकूल सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने और कार्यों की नियमित समीक्षा,स्थल निरीक्षण एवं प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान विकास आयुक्त श्री सिह ने संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं अभिसरण स्थापित कर कार्यों में अनावश्यक विलंब पर विराम लगाने की बात कही तथा कायाकल्प पोर्टल पर कार्यों की प्रगति नियमित रूप से अद्यतन करने एवं भौतिक- वित्तीय प्रगति का अद्यतन प्रतिवेदन तैयार रखने का भी निर्देश दिया । सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों एवं सुविधाओं को बेहतर, स्वच्छ, उपयोगी और क्रियाशील बनाना है तथा आवश्यकता के अनुरूप नई आधारभूत संरचनाओं का निर्माण सुनिश्चित करना है।

# सहयोग शिविर का विधायक ने किया औचक निरीक्षण

## पात्र भूमिहीन परिवारों को मिलेगी 3 से 5 डिसमिल जमीन : प्रमोद कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड कार्यालय स्थित बहुद्देशीय भवन में विकसित भारत समृद्ध बिहार अभियान के तहत बुधवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की काउंटर लगाए गए, जहां आम लोगों की समस्याएं सुनी गईं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, कृषि सहित अन्य योजनाओं से संबंधित मामलों के समाधान का प्रयास किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आपूर्ति विभाग, बिजली विभाग, आंगनबाड़ी, जीविका, मनरेगा, श्रम, पेंशन, बैंकिंग, आवास, कृषि, स्वास्थ्य एवं लोहिया स्वच्छता विभाग सहित अन्य विभागों के काउंटर लगाए गए। इसी क्रम में स्थानीय



विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने शिविर की व्यवस्था एवं कार्यप्रणाली का जायजा लेने के लिए प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय परिसर में संचालित शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों की उपस्थिति और शिविर के प्रचार-प्रसार में कमी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि तीन से चार प्रमुख विभागों के सक्षम अधिकारी शिविर में उपस्थित नहीं थे। बीडीओ जिलास्तरीय कार्य से बाहर गए थे, जबकि अंचलाधिकारी न्यायालय संबंधी कार्य से गए हुए थे। मौके पर केवल राजस्व अधिकारी उपस्थित मिले। विधायक ने कहा कि सहयोग शिविर सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से आम जनता अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रख सकती है। आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समयसीमा में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिविर का पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं होना और जिम्मेदार अधिकारियों का अनुपस्थित रहना गंभीर विषय है। इस संबंध में वे उच्च अधिकारियों से बात करेंगे। इसके बावजूद सुधार नहीं होने पर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की जाएगी। विधायक ने कहा कि जाति, आय, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड तथा वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन जैसी आवश्यक सेवाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पहले इन कार्यों के लिए लोगों को प्रखंड कार्यालयों में लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था। अब पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर आवेदनों के त्वरित निष्पादन की व्यवस्था की जा रही है। भूमिहीन एवं गरीब परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने के सवाल पर विधायक ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि पात्र भूमिहीन परिवारों को आवास निर्माण के लिए तीन से पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराई जाए।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आरबीआर मैदान में रंगोली कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर पंचायत रफीगंज की ओर से शहर के आरबीआर मैदान में 'सेवा के रंग–आभार एवं संकल्प के रंग' विषय पर रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना, स्वच्छता कर्मियों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करना तथा स्वच्छ और सुंदर रफीगंज बनाने के लिए सामूहिक संकल्प लेना था। इस अवसर पर नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा, जूनियर इंजीनियर तृप्ति, दिव्या, प्रधान सहायक पवन प्रकाश, रोहित रंजन सहित जीविका समूह की महिलाएं एवं अन्य कर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए लोगों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया।

# शिरीन कायनात ने बढ़ाया औरंगाबाद का मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर शिरीन कायनात ने शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), नागपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता से परिवार सहित शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।

इस अवसर पर शिरीन के पिता मसीहुज्जमा को शहर के गणमान्य लोगों ने सम्मानित कर बधाई दी। इनमें जुगनू ज्वेलर्स के प्रोपराइटर सालिम जफर, वरीय पत्रकार सह अधिवक्ता प्रेमेंद्र कुमार मिश्र, नगर परिषद के उपाध्यक्ष मो एहसान, वार्ड पार्षद सिकंदर हयात, मरगूब आलम समेत अन्य शामिल रहे। शिरीन कायनात की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल, औरंगाबाद से हुई। उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई पूरी करने के बाद मगध विश्वविद्यालय से गणित विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके





बाद उन्होंने आईआईटी भुवनेश्वर से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और शैक्षणिक प्रतिभा के बल पर उनका चयन पीएचडी के लिए आईआईटी पटना में हुआ, जहां उन्होंने शोध कार्य पूरा कर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की।

पीएचडी पूरी करने के बाद शिरीन कायनात का चयन वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी), भोपाल में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ। उन्होंने वहां पांच वर्षों तक सफलतापूर्वक अपनी शैक्षणिक सेवाएं दीं। अब उनका चयन एनआईटी नागपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है, जो उनके शैक्षणिक और पेशेवर सफर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

शिरीन कायनात के पिता मसीहुज्जमा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में डिप्टी मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि उनकी माता निखत परवीन गृहिणी हैं। परिवार के सहयोग और शिरीन की निरंतर मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शिरीन कायनात की यह उपलब्धि उन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है, जो उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते

# औरंगाबाद में देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर की तर्ज पर बन रहा पंडाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** दुर्गा पूजा का पर्व नजदीक आते ही औरंगाबाद शहर में पूजा समितियों की तैयारियां तेज हो गई हैं। शहर के रमेश चौक स्थित मां भारती क्लब की ओर से इस वर्ष दुर्गा पूजा के लिए भव्य पंडाल तैयार कराया जा रहा है। पंडाल को झारखंड के देवघर स्थित प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर की थीम पर बनाया जा रहा है। बंगाल से आये कारीगर दिन-रात पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। मां भारती क्लब के पंडाल की चौड़ाई करीब 33 फीट, लंबाई 70 फीट और ऊंचाई 50 फीट रखी गई है। पंडाल की सजावट में धार्मिक भावनाओं के साथ भव्यता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पंडाल के अंदर पहाड़ों के बीच मां दुर्गा की



भव्य प्रतिमा विराजमान स्वरूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देगी। मां दुर्गा की प्रतिमा निर्माण की जिम्मेदारी अरवल के कारीगरों को दी गई है। प्रतिमा को पंडाल की थीम के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। पंडाल और प्रतिमा निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। कारीगर प्रतिमा और सजावट को आकर्षक स्वरूप देने में जुटे हैं। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पंडाल परिसर में विशेष व्यवस्था की जाएगी। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतार बनायी जाएगी। बैरिकेडिंग के जरिए दर्शन की व्यवस्था होगी, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। क्लब के सदस्य व्यवस्था की लगातार निगरानी करेंगे। असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जाएगी। मां भारती क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह के अनुसार क्लब हर वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए दुर्गापूजा का आयोजन करता है। इस वर्ष बाबा बैद्यनाथ मंदिर की थीम पर पंडाल तैयार कराया जा रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमा पहाड़ों के बीच विराजमान स्वरूप में होगी। कहा कि भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा, महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग दर्शन व्यवस्था तथा आसपास रोशनी की विशेष व्यवस्था की जा रही है।

# चोरी की घटनाओं से बढ़ रहा जनाक्रोश, परिवार के रहते घर से 15 लाख की संपत्ति चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर में चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं से अब जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। पुलिस की तमाम कोशिशों के बावजूद चोरी की घटनाओं पर काबू पाने में प्रशासन असफल साबित हो रहा है। पहले बंद घरों में चोर हाथ साफ करते थे, किन्तु वार्ड संख्या 11 स्थित पांडे टोली में स्वर्गीय नन्हकू पांडेय के घर मंगलवार की आधी रात के बाद परिवार के रहते हुए लगभग 15 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के जेवर ले भागने में चोर सफल रहे। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि प्राथमिकी कर ली गयी है। घटना का उद्भेदन करने के लिए एसआईटी की टीम को जिम्मेदारी दी गयी है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच करते हुए चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। इधर, पीड़ित संजीव किशोर पांडेय और उनकी शिक्षिका पत्नी को सुबह पता चला कि उनका एक कमरा अंदर से बंद है। माना गया कि चोर अंदर



ही होगा। मोहल्ले के लोग जुटे, लेकिन चोर अपना काम तमाम कर भाग चुका था। इस कमरे में बाहर से वेंटिलेटर के जरिए चोर घुसा और एकदम सटीक जगह पर से उसने श्रृंगार बॉक्स का चाबी उठाया और जेवर निकाल कर चला गया, जबकि बगल में ही लोहे का अलमारी था जिसे उसने खोलने का प्रयास तक नहीं किया। दीवान को भी उसने नहीं खोला। यानी चोर को पूरी तरह यह ज्ञात था कि गहना कहां रखा हुआ है। यह गहना संजीव किशोर की पत्नी का है और हरतालिका तीज के समय उन्होंने बैंक में रखे लॉकर से निकला था। माना यही जा रहा है कि इस चोर को एकदम सटीक जानकारी रही है, तभी इस तरह से घटना को अंजाम दिया। मौके पर पुलिस ने जाकर मामले की जांच की। लोगों का कहना है कि ब्राउन शुगर और शराब बेचने और उसका सेवन करने वाले आसपास में काफी संख्या में हैं। इसलिए चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। कुछ लोगों ने शिकायत की कि पुलिस की कार्रवाई सख्त नहीं हो रही है तो कुछ लोगों का कहना था कि पुलिस का काम गिरफ्तार कर जेल भेजना है, न्यायालय से तुरंत जमानत मिल जाता है। पहले बंद घरों से ही चोरी की घटनाएं लगातार हो रही थी। अब तो परिवारों के रहते भी घर सुरक्षित नहीं रहे। इस घर में जब घटना घटी तब उनके पुत्र संजीव किशोर, उनकी पत्नी, उनके दो बच्चे और उनकी मां घर पर ही थीं। हालांकि जिस कमरे से चोरी हुई, उस कमरे में कोई नहीं सोया हुआ था। घटना के बाद लोगों का आक्रोश चरम पर है।

# वोट चोरी के खिलाफ़ जनाक्रोश मार्च

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**मदनपुर।** लोकतंत्र की हत्या, वोट चोरी और मतदाता सूची से नाम गायब करने के खिलाफ और धरना प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय पर इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं द्वारा पुतला दहन किया गया। मदनपुर में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने




मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी और मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। खिलाफ में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इंडिया गठबंधन के बैनर तले प्रखंड में शिवनाथ बिगहा मोड़ से थाना मोड़ तक एक विशाल जनाक्रोश मार्च निकाला गया। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और उनका पुतला दहन किया गया। इस विरोध मार्च में जिला पार्षद शंकर यादव, रवीन्द्र कुमार यादव, लंबू यादव, सरोज कुमार, संजीव कुमार सिंह, लालदेव यादव, मनोज सिंह, वाहिद अंसारी और राम प्रवेश मेहता सहित गठबंधन के प्रमुख नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमारा यह संघर्ष जारी रहेगा।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत बनी रंगोली

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहीद प्रमोद सिंह चौक स्थित नगर परिषद द्वारा आयोजित "सेवा संकल्प अभियान"के तहत "विकसित भारत रंगोली कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभय चंद्रवंशी, मुख्य पार्षद अंजली कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह नगर अध्यक्ष भाजपा श्याम कुमार पाठक, स्वच्छता पदाधिकारी अमन कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्षा सोनी देवी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मोतीराम, महामंत्री प्रह्लाद प्रसाद, अनूप मनोहर, संजय पासवान, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य जय गोविंद प्रसाद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जहांगीर कुरैशी, अमित गुप्ता व कृष्ण केसरी, वार्ड पार्षद चिंटू मिश्रा, श्रीराम यादव, धीरज कुमार पाठक शामिल हुए। विकसित भारत रंगोली कार्यक्रम पूरे राज्य स्तर पर मनाया जा रहा है। भारत सरकार एवं बिहार



सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को इसके माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। इनका आमजन तक लाभ मिला है, यह गौरव की बात है। इस अवसर को सुंदर पेंटिंग और प्रस्तुति देने में विद्यार्थी परिषद के सदस्य प्रदुमन कुमार एवं धीरज कुमार का योगदान रहा। साथ ही साथ सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर कला और पेंटिंग बनाया गया।

# महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** इंडिया महागठबंधन के निर्देश पर बुधवार को रफीगंज में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की यादव ने किया। इस दौरान महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता रफीगंज प्रखंड परिसर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थल के पास एकत्रित हुए। यहां से झंडे लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में महाराजगंज मोड़ पहुंचे। वहां कार्यकर्ताओं ने तीनों का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष चुनाव कराने और कथित वोट चोरी पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए इस्तीफे की मांग भी की। इस अवसर पर राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, मंडल यादव, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार, युवा राजद नेता सोनू कुमार, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, विष्णु यादव उर्फ सेक्रेटरी साहब, नरेश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की यादव, गोरडिहा पैक्स अध्यक्ष लालमोहन यादव, रफीगंज उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, सोनु कुमार,भदुकीकला पैक्स अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती उर्फ गुड्डू यादव,भेटनीया राजद पंचायत अध्यक्ष अजीत यादव, कुदंन यादव, धर्मेंद्र यादव,छात्र प्रखंड अध्यक्ष युवा राजद सोनु कुमार, युवा नेता राजद सोनु कुमार, पंचायत अध्यक्ष संजय यादव, जितेंद्र कुमार, जिला प्रधान महासचिव युवा राजद तारिक इमाम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह, भदुकीकला उप सरपंच सुदामा यादव, दिपक यादव अजीत यादव, मंडल यादव, केराप पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजेश पासवान, संजय पासवान, संतोष कुमार यादव, श्रीकांत कुमार, पुर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, ढोसिला पैक्स अध्यक्ष मनीष कुमार, केराप पंचायत पैक्स अध्यक्ष बंसत यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गर्भवती एवं धात्री महिला कराएं नियमित स्वास्थ्य जांच : अमृता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड के शमशेरनगर पंचायत के जयंतीनगर में आंगनवाड़ी केंद्र पर राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत गोद भराई दिवस एंव पोषण रैली का आयोजन बुधवार को किया गया। मुखिया अमृता देवी ने नेतृत्व किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया अमृता देवी ने गर्भवती महिला को प्रसव पूर्व जांच, आयरन कैल्शियम एवं पौष्टिक आहार, हरा साग सब्जी खाने तथा संस्थागत प्रसव कराने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में सीथ्री के प्रखंड समन्वयक ब्रज किशोर मंडल, वार्ड सदस्य किरण कुमारी, सेविका किशु देवी, सहायिका रीना देवी एंव आशा सचिता देवी के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला उपस्थित रही।

## लाठी, गड़ासा और छूरे से मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के लाहास गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है। मामले में पांच लोगों पर लाठी, गड़ासा और छूरे से हमला कर दो लोगों को घायल करने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष उमेश यादव की पत्नी कमीद देवी ने गांव के ही नरेश यादव, उनके पुत्र इंद्रजीत यादव, अमरजीत कुमार, संजय यादव और कलनीया कुमारी को नामजद आरोपी बनाते हुए आवेदन में बताया कि सोमवार की शाम सभी उक्त आरोपी लाठी, गड़ासा और छूरा लिए हुए था, हमला किया, जिससे सर फट गया। अपर थानाध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party:** - Bhartiya Janta Party

***Name of the Election:** - Biennial Elections to Bihar Legislative Council from Graduates and Teachers Constituency

**(1) Name of the Constituency**:- Koshi Graduates Constituency

**Name of the Candidate:**- N K Yadav

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | |
|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | 147, 149, 323, 353, 379, 307, 504, 506 OF IPC |
| | b | Case no. | Kotwali (Barari) Bhagalpur P.S. 483/2011 G.R 2335/11, BHAGALPUR |
| | c | Name of the Court | CJM, BHAGALPUR |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | Yes 16.05.2019 |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a well known social worker having very good reputation in the society. Hence Party has preferred him as candidat. |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | The cases against him are politically motivated and trivial in nature. So he has been preferred. |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Biennial Elections to Bihar Legislative Council from Graduates and Teachers Constituency

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- Darbhanga Graduates Constituency

Name of the Candidate:- Sarvesh Kumar

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | धारा–171–F, 188 भा.द.वि.–127A, R-P-Act | धारा–171–H, 188 भा.द.वि.–127A, R-P-Act |
| | b | Case no. | शाम्हो, थाना कांड सं.–32/15, 03.10.2015 | नयागांव, थाना कांड सं.–56/15, 10.10.2015 |
| | c | Name of the Court | श्रीमति सलेहा सबीहा न्यायिक दंडधिकारी प्रथम, बेगूसराय | ए.सी.जे. एम.–4 बेगूसराय |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | हाँ दिनांक 15.04.2026 | नहीं |
| | e | Date of conviction, if any | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | f | Details of punishment undergone, if any | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | g | Any other information required to be given | नहीं | नहीं |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a well known social worker having very good reputation in the society. Hence Party has preferred him as candidat. | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | The cases against him are politically motivated and trivial in nature. So he has been preferred. | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

# कोसी स्नातक चुनाव के मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण

## प्रशिक्षिकों द्वारा मतदान से संबंधित प्रक्रियाओं, मतपत्र आदि की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार विधान परिषद कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र 2026 के निर्वाचन के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के उद्देश्य से पीठासीन पदाधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण आज प्रथम एवं द्वितीय पाली में आयोजित किया गया।

जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में बुधवार को उप विकास आयुक्त सह प्रशिक्षण नोडल पदाधिकारी रवि राकेश की उपस्थिति में मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं को मतदान दिवस से संबंधित प्रक्रियाओं, त्वरित संदर्भ सामग्री, मतपत्र अंकित करने के नियम, मतदान केंद्र के प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं, मतदान दल के कार्य एवं दायित्व, मतदान समाप्ति की प्रक्रिया, मतपत्र लेखा एवं सीलिंग प्रक्रिया, कानूनी चेतावनियों तथा निर्वाचन से संबंधित विशेष नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक निर्देशों एवं दिशा-निर्देशों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया। प्रशिक्षुओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का व्यावहारिक एवं प्रक्रियात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि मतदान दिवस पर सभी कार्य निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप सुचारू रूप से संपादित किए जा सकें। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी- सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी, चंदन कुमार सहित मास्टर ट्रेनर के रूप में ओज कुमार सिंह, आशुतोष, श्री चंद्र मिश्रा, अमरनाथ झा, मोहम्मद मुस्ताक, श्री प्रवीण कुमार, मोहम्मद हसनैन, विनीत मिश्रा, हिमांशु शेखर ठाकुर एवं आलोक कुमार उपस्थित थे।

## मेले को लेकर लाइसेंस लेना जरूरी

**समस्तीपुर (संवाददाता, नव बिहार टाइम्स)।** जिले के कल्याणपुर में दुर्गा पूजा को लेकर बुधवार को कल्याणपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें बीडीओ, सीओ, विभिन्न पंचायतों के मुखिया सहित जनप्रतिनिधि एवं गण्यमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में पूजा के दौरान शांति व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन स्थानों पर बड़े स्तर पर मेला आयोजित होगा, वहां थाना से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। वहीं नदी का जलस्तर बढ़ने की स्थिति को देखते हुए जिन घाटों पर कलश पूजन होगा, वहां पर्याप्त संख्या में वॉलंटियर तैनात किए जाएंगे। पूजा स्थलों और मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर प्रमुख पूजा एवं मेला स्थलों पर फायर ब्रिगेड की व्यवस्था रखने का भी निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने आयोजन समितियों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। बैठक में रंजन चौधरी, इफ्तिखार अहमद सहित विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## फंदे से लटका मिला 45 वर्षीय व्यक्ति का शव

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के रहुआ पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 10 में बुधवार की शाम एक घर से 45 वर्षीय व्यक्ति का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान मोहम्मद कमर पिता मोहम्मद उबैस के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बुधवार की शाम घर से दुर्गंध आने पर आसपास के लोग वहां पहुंचे। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद लोगों ने घर का दरवाजा खोलकर देखा तो मोहम्मद कमर का शव फंदे से लटका हुआ था। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सर्वेश झा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक की पत्नी करीब 20 दिन पूर्व बच्चे को लेकर कहीं चली गई थी। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। थानाध्यक्ष सर्वेश झा ने बताया कि मामले में आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भारत के विकसित ...

देशवासियों के विश्वास और लाखों कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही, मेरी सबसे बड़ी शक्ति रही है। उन्होंने कहा कि जिस राष्ट्र के लोगों की धमनियों में ऐसा आत्मविश्वास लहू बनकर दौड़ता है, उसे कोई रोक नहीं सकता। सरकार के मुखिया के तौर पर 25 वर्षों की इस निरन्तर यात्रा को लोग उपलब्धि मानते हैं लेकिन मेरे लिए ये व्यक्तिगत महिमामंडन का विषय नहीं है और न ही ये इसका अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि मेरा राजनीतिक रिपोर्ट कार्ड सिर्फ संगठन का काम करने वाले का ही था। मैंने चुनाव लड़ाए थे लेकिन एक भी चुनाव नहीं लड़ा था। चुनावी राजनीति में चमकने की चाहत होती तो बहुत पहले ही मैदान में उतर सकता था। लेकिन यह मेरा मिजाज नहीं था। क्योंकि बाल्यकाल से मुझे जो शिक्षा-दीक्षा मिली, वो यही थी कि मैं एंबिशन के लिए नहीं, मिशन के लिए जीने वाला इंसान रहा हूं। मुझे जो भी जिम्मेदारियां मिली, मैं उन्हें निभाता चला गया। जीवन का एक ही ध्येय था, देश के लिए निश्चार्थ कर्म। मेरे लिए कर्म ही सबकुछ है, कर्म ही मेरा धर्म है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ...

मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के 13 वर्षों के कार्यकाल तथा भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पिछले 12 वर्षों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों और संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर बिहार राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण मेहता ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पौधा, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद भीम सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी, विधायक संजीव चौरसिया, भाजपा संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सिद्धार्थ शंभू, बिहार राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण मेहता सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 17 ग्राम हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भोजपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां डीएसपी राहुल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा की गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जगदीशपुर थाना पुलिस ने पासी टोला में छापेमारी कर 17.618 ग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ) के साथ दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धंधे में प्रयुक्त एक अपाची मोटरसाइकिल और दो मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस को 6 अक्टूबर की रात्रि में गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के पासी टोला निवासी स्वर्गीय दीनदयाल चौधरी के पुत्र दीपक कुमार और उनके भाई कन्हैया कुमार अपाची मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में हेरोइन लेकर अपने घर पहुंचे हैं और उसे बेचने की फिराक में रखे हुए हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना अध्यक्ष जगदीशपुर के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने बिना देर किए पासी टोला स्थित दीपक कुमार के घर पर औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने घर की तलाशी ली, जिसमें कागज की कुल 90 पुड़िया में रखी गई हेरोइन जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। जब्त किए गए इस अवैध मादक पदार्थ का कुल वजन लगभग 17.618 ग्राम है। पुलिस ने मौके से दो मोबाइल फोन और इस अवैध धंधे में उपयोग की जाने वाली अपाची मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक कुमार से पूछताछ के दौरान पुलिस को नशे के कारोबार से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं। पूछताछ में दीपक ने स्वीकार किया कि वह यह मादक पदार्थ बिहिया थाना क्षेत्र के तेघरा गांव निवासी भोला नट (पिता- इर्दिश नट) के यहां से खरीद कर लाया था और इसे छोटे-छोटे पैकेटों (पुड़ियों) में बांटकर बेचने का काम करते हैं। पुलिस अब इस खुलासे के आधार पर मुख्य आपूर्तिकर्ता की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों तस्करों–दीपक कुमार और उसके भाई कन्हैया कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में जगदीशपुर थाना कांड संख्या 324/26 दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। भोजपुर पुलिस के इस सख्त रुख से इलाके के नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# वारिसनगर में इंडिया गठबंधन ने पीएम मोदी, अमित शाह व ज्ञानेश कुमार का फूंका पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भोजपुर (जगदीशपुर)।** वोट चोरी के खुलासा होने को लेकर जगदीशपुर महागठबंधन के नेताओं ने नया टोला मोड़ से प्रदर्शन करते हुए और मुर्दाबाद किनारे लगाते हुए जगदीशपुर के सदर बाजार होते हुए वीर कुंवर सिंह किला परिसर के गेट के समीप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं चुनाव आयोग के ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। वहीं इस पुतला कार्यक्रम का नेतृत्व जगदीशपुर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी रहे महागठबंधन के किशोर कुणाल, पूर्व विधायक राम विशुन सिंह लोहिया, राजद प्रखंड अध्यक्ष भोला खान, राजद नेता देवसुंदर जी, पूर्व जिला परिषद गोरखनाथ जी, राजद नेता गोरख यादव, राजद के युवा नेता दिवाकर, संतोष मिश्रा, अरविंद जी के अलावा राजद के तमाम नेता कार्यकर्ता सहित महागठबंधन दल के भाकपा माले के मोहम्मद शाहनवाज, इंदु जी, किसान नेता विनोद कुशवाहा के अलावा माले के तमाम नेता एवं कांग्रेस के नेता सहित अन्य लोग मौजूद रहे द्य वही मीडिया से बात करते हुए नेताओं ने कहा कि ज्ञानेश कुमार जल्द से जल्द इस्तीफा दें यह सरकार वोट चोर है इसमें सारी प्राइवेट संपत्तियों को बेच दिया अभी चुनाव आयोग के पीछे पड़ी है।



### महागठबंधन नेताओं ने किया प्रदर्शन

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इंडिया गठबंधन के आह्वान पर बुधवार को वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय चौक पर गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व राजद प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार राय, सीपीआई अंचल सचिव उपेंद्र प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, वीआईपी प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार सहनी, भाकपा माले प्रखंड सचिव रामचंद्र पासवान एवं असगर इमाम ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के सवाल पर इंडिया गठबंधन के घटक दल लगातार चरणबद्ध आंदोलन चला रहे हैं। इसी क्रम में प्रखंड स्तर पर संयुक्त प्रदर्शन एवं पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और संविधान की रक्षा के लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुट होकर आवाज उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आगे भी आंदोलन जारी रखेगा। कार्यक्रम में मदन राय, जीवछ राय, नागेश्वर राय, राजकुमार साह, रामाशीष महतो, रामाकांत राय, मो राफ़े, छोटे राम, रामप्रीत राय एवं लाल नारायण ठाकुर आदि मौजूद थे।

# एसआइआर को लेकर डीइओ ने किया डिजिटाइजेशन कैंप का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिले में चल रहे कार्यों की जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समीक्षा की। उन्होंने चैनपुर प्रखंड कार्यालय एवं बन्दुवा पंचायत भवन में लगाए गए डिजिटाइजेशन कैंप का निरीक्षण कर बूथवार प्राप्त किए गए प्रपत्र-6 की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिन बूथों पर प्रपत्र-6 का कलेक्शन अपेक्षाकृत कम पाया गया, वहां संबंधित कर्मियों से कम कलेक्शन के कारणों की जानकारी ली गई। वहीं, जिन बूथों पर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि संबंधित बूथ क्षेत्र के सभी योग्य नागरिकों से प्रपत्र-6 प्राप्त कर लिया गया है, वहां के बीएलओ एवं सुपरवाइजर को इसकी लिखित पुष्टि देने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके भारतीय युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाना है। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी बूथ क्षेत्र में कोई योग्य मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने प्रपत्र-6, प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र-8 के डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया निर्धारित मानकों एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के अनुरूप ही पूरी की जाए।

# सेवा के रंग से सजा पटेल मैदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर विकास एवं आवास विभाग की निर्धारित गतिविधियों के क्रम में शहर के पटेल मैदान में 76 डायमीटर की विशाल रंगोली सेवा के रंग का निर्माण किया गया। सेवा ही संकल्प अभियान के तहत निर्धारित सेवा मेरा योगदान सेवा के रंग, आभार एवं कम्पोस्टिंग' थीम को केंद्र में रखते हुए आयोजित इस रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा भावना का संदेश दिया गया। विशाल रंगोली ने शहरवासियों का ध्यान आकर्षित करते हुए अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। कार्यक्रम का आयोजन नगर निकाय की कार्ययोजना के अनुरूप किया गया, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करना तथा सेवा को जनभागीदारी से जोड़ना है।



अभियान की निर्धारित थीम सेवा मेरा योगदान सेवा के रंग, आभार एवं कम्पोस्टिंग के अनुरूप आयोजित इस गतिविधि ने सार्वजनिक स्थल पर नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया और सेवा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। सेवा के रंग के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया। रंगोली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सेवा केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना है।

## तीखा मोड़ दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या है। बता दें कि इन दिनों सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो दे रहे हैं। दुर्घटना के पीछे कई कारण हैं, जिसमें एक प्रमुख कारण सड़कों पर बने तीखा मोड़ है। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है। कई तीखे मोड़ तो ऐसे हैं जिनका अपना अलग इतिहास है और वे लोगों के बीच डेंजर जोन के नाम से जाने जाते हैं। शहरी सड़क पर गौर करने के बाद ग्रामीण सड़कों का हाल देखें तो तीखा मोड़ के साथ-साथ स्पीड ब्रेकर भी समस्या बन सामने खड़ी है। अक्सर स्पीड ब्रेकर के कारण इन ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है। नतीजा होता है कि दो पहिया सवार तो इन तीखे मोड़ का निशाना बन ही जाता है।

## मालदा मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष के पहली छमाही में प्राप्त किया रिकार्ड राजस्व

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष के पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान प्रमुख वाणिज्यिक क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कुल 347 करोड़ 30 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त किया है।

मालदा मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह ने बुधवार को यहां बताया कि मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मालदा रेलमंडल द्वारा रेल सेवाओं में सुधार एवं प्रभारी वाणिज्यिक प्रबंधन के माध्यम से चालू वित्तीय वर्ष (2026- 27) के पहले छमाही में 2 करोड़, 14 लाख यात्रियों से कुल 308 करोड़ 62 लाख रुपए राशि प्राप्त किया गया है जो विगत वर्ष की इस अवधि की तुलना में 14.54 प्रतिशत अधिक आय है। उन्होंने बताया कि इस दौरान (पहली छमाही) मालदा मंडल के विभिन्न रेलखंड पर चलाए गए विशेष टिकट जांच अभियान के तहत कुल 12 करोड़ 73 लाख रुपए राशि की वसूली की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 85 प्रतिशत ज्यादा है। इस वर्ष में केवल सितंबर माह में टिकट जांच से कुल 1करोड़ 52 लाख रुपए अर्जित किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि इस वर्ष के पहली छमाही में मालदा मंडल ने वाणिज्यिक विविध आय के तहत कुल 6. करोड़ 99 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त किया, जो पिछले वर्ष की इस अवधि के तुलना में 11.50 प्रतिशत की समग्र वृद्धि दर्शाती है। जबकि इसी अवधि में अन्य कोचिंग आय मद से कुल 18 करोड़ 91 लाख रुपए अर्जित किए गए हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के इस अवधि में (छमाही) मालदा रेल मंडल के राजस्व का यह प्रदर्शन दर्शाता है कि बेहतर वाणिज्यिक दक्षता एवं उन्नत यात्री सेवाएं एक साथ आगे बढ़ सकती है और अधिक सतत,कुशल तथा यात्री- केन्द्रित रेलवे व्यवस्था के निर्माण में योगदान दे सकती है।


Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party:** - Bhartiya Janata Party

***Name of the Election:** - Biennial Elections to Bihar Legislative Council from Graduates & Teachers Constituency

**(1) Name of the Constituency:**- Patna Teachers Constituency

**Name of the Candidate:**- Prof. Nawal Kishor Yadav

| S.No. | | Criminal Antecedents | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 420 / 120(ब), आबकारी अधिनियम की धारा 47A, और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 5 / 7 | भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 294 / 109 और बिहार लाउडस्पीकर उपयोग और बजाने संबंधी अधिनियम, 1955 की धारा 9 |
| | b | Case no. | सचिवालय पुलिस स्टेशन, रिपोर्ट संख्या 182 / 2013 | सचिवालय पुलिस स्टेशन, रिपोर्ट संख्या 98 / 2007 |
| | c | Name of the Court | सब–डिविजनल ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट पटना | सचिवालय रिपोर्ट संख्या 98 / 2007, श्री मनीष चंद्र जे. एम. एफ. सी. पटना |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a well known social worker having very good reputation in the society. Presently MLC also. | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | The cases against him are trivial in nature as he had served the people for the society, he has been preferred over others. | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

# सभी पूजा कमिटियों को लाइसेंस लेना जरूरी

## दुर्गा पूजा को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** दुर्गा पूजा के दौरान शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल बनाए रखने के लिए समाहरणालय के कारगिल विजय सभा भवन में बुधवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसपी मनीष, अपर समाहर्ता बृज किशोर चौधरी सहित सभी समिति सदस्य मौजूद रहे। शांति समिति सदस्यों ने साफ-सफाई, खुले नालों पर ढक्कन, बस स्टैंड-रेलवे स्टेशन पर यातायात, पार्किंग, अस्थायी शौचालय, महिला पुलिस बल, विसर्जन स्थलों पर पुलिस बलों की तैनाती और बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के सुझाव दिए। एसपी मनीष ने कहा कि सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है, बिना अनुमति कोई आयोजन नहीं होगा। बस स्टैंड, स्टेशन और सर्विस रोड अतिक्रमण मुक्त रहेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देने और सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। एसपी रिची पांडेय ने कहा कि पंडालों में पर्याप्त वॉलंटियर और पहचान पत्र जरूरी हैं, युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जाए। अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रहेगी। विसर्जन घाटों पर बैरिकेडिंग, लाइट और सुरक्षा व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए सभी को अनुपालन करना होगा।



### जिले में आज लगेगा सोलर मेला

**बेगूसराय।** जिले में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में तेजी लाने के लिए 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गांधी स्टेडियम में विशेष सोलर मेला लगेगा। जिला जनसंपर्क के अनुसार मेले का उद्देश्य सोलर रूफटॉप लगाने में आ रही व्यावहारिक समस्याओं, खासकर बैंक लोन स्वीकृति और आवेदन प्रक्रिया से जुड़ी बाधाओं का मौके पर समाधान करना है। मेले में यूको बैंक, घ्गउ, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक सहित सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे और ऋण आवेदनों की समीक्षा कर कार्रवाई करेंगे। प्रशासन ने सभी बिजली उपभोक्ताओं से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले का लाभ उठाने की अपील की है।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान रजाकपुर निवासी संजय सहनी और समसा निवासी विजय ठाकुर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि संजय सहनी थाना कांड संख्या 102/10 तथा विजय ठाकुर थाना कांड संख्या 156/15 में प्राथमिकी नामजद अभियुक्त हैं। दोनों लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। इसको लेकर न्यायालय की ओर से दोनों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को उनके गांव से गिरफ्तार कर लिया।अभियान में थानाध्यक्ष मो. फिरदौस के अलावा अपर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, एसआई युगल किशोर मंडल तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# 18 प्रखंडों में पंचायत योजनाओं का औचक निरीक्षण

### जिले को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार सरकार के निर्देश पर हर बुधवार को पंचायत स्तरीय योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में डीएम रिची पांडेय के आदेश पर बुधवार को जिले के 18 प्रखंडों की चयनित पंचायतों में पदाधिकारियों ने औचक जांच की। निरीक्षण में राशन दुकानों पर पॉश मशीन स्टॉक और भौतिक स्टॉक का मिलान, हर घर नल का जल की आपूर्ति स्थिति, आंगनवाड़ी केंद्रों पर सेविका-सहायिका और बच्चों की उपस्थिति व पोषाहार, स्कूलों में शिक्षक-छात्र उपस्थिति और मध्याह्न भोजन, पंचायत सरकार भवनों की स्थिति, आरटीपीएस काउंटर, जन्म-मृत्यु पंजी और सोलर लाइटों की स्थिति का सत्यापन किया गया। जांच बेगूसराय सदर के बहदरपुर, बरौनी के मैदा बभनगामा, वीरपुर के गेनहरपुर, मटिहानी के रामदीरी-1, शाम्हो अकहा कुरहा के अकबरपुर बरारी, बलिया के मनसेरपुर, साहेबपुर कमाल के रघुनाथपुर बरारी, डंडारी के राजोपुर, तेघड़ा के निपनियां मधुरापुर, बछवाड़ा के रसीदपुर, भगवानपुर के जोकिया, मंसूरचक के गोविन्दपुर-2, चेरियाबरियारपुर के बसही, छौड़ाही के मालपुर, खोदावंदपुर के बाड़ा, बखरी के बागवन, गढ़पुरा के कोरैय और नावकोठी पंचायत में हुई। सभी पदाधिकारियों को निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपने का निर्देश दिया गया है, जिसके आधार पर कमियों को दूर कर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## बस स्टैंड के पास ताबड़तोड़ फायरिंग, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** नगर थाना क्षेत्र के व्यस्त बस स्टैंड के पास बुधवार सुबह करीब 5:30 बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एनएच 31 पर हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में पावर हाउस निवासी मनोज पासवान, फल दुकानदार अर्जुन साह और एक खलासी शामिल हैं। अर्जुन का इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मनोज पासवान टेंपो स्टैंड में बैठे थे, तभी पूरब दिशा से आए बाइक सवार बदमाशों ने उन पर फायरिंग की, पहली गोली जांघ में लगी। जान बचाकर वह घर की ओर भागे तो बदमाशों ने पीछा कर घर तक तीन राउंड फायरिंग की। फिर पावर हाउस क्रॉसिंग और ट्रैफिक थाना होते हुए बस स्टैंड लौटकर दोबारा अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें अर्जुन और खलासी घायल हुए। सूचना पर नगर थानाध्यक्ष सतीश चंद्र हिमांशु मौके पर पहुंचे, कई खोखे बरामद किए और जांच शुरू की। प्रारंभिक आशंका अवैध कारोबार में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# मतगणना को लेकर डीएम ने किया खेल भवन का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की मतगणना को लेकर आज जिला पदाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार द्वारा नया खेल भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतगणना से संबंधित तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने मतगणना स्थल पर उपलब्ध स्थान, मतगणना कक्ष, आवश्यक आधारभूत सुविधाओं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा मतगणना प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से प्राप्त की। जिला पदाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि मतगणना कार्य के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समय से पूर्ण कर ली जाएं। मतगणना स्थल पर कर्मियों एवं संबंधित व्यक्तियों के प्रवेश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग सहित संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



## भरण-पोषण की राशि नहीं देने पर डीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भरण-पोषण की निर्धारित राशि का भुगतान नहीं करने के मामले में भगवानपुर थाना क्षेत्र के चेड़िया निवासी राकेश राय को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ बेगूसराय फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश द्वारा डीडबल्यू वारंट जारी किया गया था। कोर्ट से जारी आदेश के अनुसार, राकेश राय को अपनी पत्नी के भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह 7 हजार रुपये तथा मुकदमे के खर्च के रूप में 7 हजार रुपये देने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद राशि का भुगतान नहीं करने पर 3 लाख 50 हजार 500 रुपये की बकाया राशि बताई गई है। मामले में कोर्ट ने राकेश राय की चल संपत्ति कुर्क कर बकाया राशि की वसूली का भी निर्देश दिया था। वारंट में भगवानपुर थानाध्यक्ष को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। इसी वारंट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राकेश राय को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा प्रेरणास्रोत : विनोद नारायण झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा से राष्ट्रसेवा तक की 25 वर्षों की यात्रा के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को ओझौल स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विकसित भारत संकल्प सभा सह सेवा ज्योति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह बेनीपट्टी विधायक विनोद नारायण झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक यात्रा केवल राजनीतिक सफर नहीं, बल्कि जनसेवा, राष्ट्रसेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति निरंतर समर्पण की यात्रा है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव को प्राथमिकता दी है। स्वच्छता, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तीकरण, युवाओं के अवसर और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। विधान पार्षद हरि सहनी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है। गौड़ाबौराम विधायक सुजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और राष्ट्रनिर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की विकास यात्रा को नई गति और दिशा दी है। सभा के बाद ओझौल दुर्गा मंदिर परिसर से एकमी चौक तक सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यात्रा के माध्यम से सेवा, समर्पण, राष्ट्रभक्ति और विकसित भारत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, विनय पासवान, अंकुर गुप्ता, जीवछ साहनी, मीना झा, राजेश रंजन, संगीता साह, संतोष पोद्दार, सुजीत मल्लिक, विजय चौधरी सहित भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

## ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर महागठबंधन का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर बुधवार को बारुण प्रखंड मुख्यालय में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार एवं चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शन के अंत में अस्पताल मोड़ के समीप मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। देश के विभिन्न हिस्सों में भी विपक्षी दलों की ओर से ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर प्रदर्शन किए जा रहे हैं। प्रदर्शन की शुरुआत स्थानीय भाकपा-माले कार्यालय से हुई। हाथों में पार्टी के झंडे और विभिन्न



मांगों से संबंधित तख्तियां लिए कार्यकर्ताओं का हुजूम नारेबाजी करते हुए सड़क पर निकला। विरोध मार्च माले कार्यालय से शुरु होकर बारुण थाना चौक पहुंचा। इसके बाद कार्यकर्ता मोहनगंज की ओर बढ़े। पूरे रास्ते कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के विरोध में नारे लगाए और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। मोहनगंज से होते हुए जुलूस अस्पताल मोड़ पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान महागठबंधन नेताओं ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से कार्य करने में विफल रहा है। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा और चुनावी व्यवस्था में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। विरोध प्रदर्शन का संयुक्त नेतृत्व महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने किया। मौके पर राजद के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अनिल टाइगर, जिला उपाध्यक्ष डॉ. चंदन कुमार सिंह, वरिष्ठ राजद नेता विजय कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष अजय राम, बलराम सिंह, कृष्णा सिंह, नगीना मेहता, अशोक सिंह, प्रखंड अध्यक्ष देवंती देवी, नगर अध्यक्ष रवि कुमार, मनोज सोनी, अवधेश चौधरी समेत महागठबंधन के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंडी गठबंधन ने प्रखंड मुख्यालय में किया धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनीगाछी (दरभंगा)।** इंडी गठबंधन द्वारा बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया. राजद के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अलकमा के नेतृत्व में गठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के तानाशाही एवं वोट चोरी को लेकर नारेबाजी की. बाद में कार्यकर्ताओं के हुजूम द्वारा इन सभी का पुतला दहन भी किया गया. मौके पर प्रखंड प्रमुख पवन कुमार यादव, जिपस ललित पासवान,पूर्व मुखिया ललित यादव, लालटून यादव, संतोष दास, हरेराम राम, वसीम इकबाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गठबंधन नेताओं ने फूंका पुतला

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इंडी गठबंधन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मंगलवार को बलिया में गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया।

## संजय झा से मिले युवा जदयू जिलाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ राजा बाबू

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** जदयू के नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ राजा बाबू ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय झा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान संजय झा ने राजीव कुमार सिंह को युवा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मानित किया और संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान राजीव कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने एक छोटे कार्यकर्ता पर विश्वास जताते हुए उन्हें औरंगाबाद युवा जदयू



जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व दिया है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने संजय झा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद से संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया जाएगा। युवा कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने, पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। राजीव कुमार सिंह ने कहा कि जदयू के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर लगातार काम किया जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में युवाओं को संगठन की गतिविधियों से जोड़ते हुए उन्हें सक्रिय भूमिका देने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती सामूहिक प्रयास से ही संभव है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और युवाओं के साथ मिलकर काम किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा द्वारा उन पर विश्वास जताने के लिए पुनः आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता, निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

### एक नजर

#### महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड कार्यालय बाजार में बुधवार को अपराह्न करीब ढाई बजे महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर विरोध जताया। इससे पहले कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रामबाबू तांती और राजद के प्रखंड अध्यक्ष रंधीर वर्मा के नेतृत्व में महागठबंधन के घटक दलों के कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। कार्यकर्ता प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित पेट्रोल पंप से पुतला लेकर दुर्गा मंदिर तक पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़', 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' और 'ज्ञानेश कुमार हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' जैसे नारे लगाए।विरोध मार्च के बाद प्रखंड कार्यालय जाने वाले मार्ग पर बाजार में ही तीनों पुतलों का दहन किया गया। इस मौके पर नितिश कुमार, यशवंत कुमार, इन्देव राय, नंदलाल, मुहम्मद यूनुस, शंकर शर्मा समेत महागठबंधन के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### हर माह 10 तारीख को लगेगा पेंशन दिवस शिविर

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वृद्धजन, दिव्यांगजन और विधवा पेंशनधारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ सुगमता से देने के लिए जिला प्रशासन ने हर महीने की 10 तारीख को 'पेंशन दिवस' पर विशेष शिविर लगाने का निर्णय लिया है। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग में शिविर आयोजित होगा। शिविर में नई पेंशन स्वीकृति, लंबित भुगतान, आधार-जन्मतिथि सुधार, बैंक खाता त्रुटि, जीवन प्रमाणीकरण और अभिलेखों की अन्य तकनीकी त्रुटियों के आवेदन लिए जाएंगे और नियमानुसार ऑन-द-स्पॉट निष्पादन का प्रयास होगा।जीवन प्रमाणीकरण के लिए एट्टए के माध्यम से ठुख्रक की प्रतिनियुक्ति होगी। नगर आयुक्त, सभी उक्र और नगर परिषदों के क्र को प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया है। जनप्रतिनिधियों, विकास मित्रों, पंचायत सचिवों और टोला सेवकों के माध्यम से भी जागरूकता चलाई जाएगी।प्रशासन ने पेंशनधारियों से अपील की है कि 10 तारीख को नजदीकी पंचायत, प्रखंड या जिला मुख्यालय शिविर में आधार, बैंक पासबुक सहित अन्य दस्तावेजों के साथ पहुंचकर लाभ लें।

#### पांच अभियुक्तों को सजा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय न्यायाधीश ब्रजेश कुमार सिंह की अदालत ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कैथमा निवासी शम्भु कुंवर उर्फ करिया, बृजदेव कुंवर, माना उर्फ अशोक कुंवर तीनों पिता चंद्रदेव कुंवर, नवल कुंवर पिता शिवदानी कुंवर और शम्भु सिंह पिता यदुनंदन सिंह को मारपीट मामले में दोषी करार दिया।अदालत ने सभी को भादवि धारा 323/451 में 2 माह 28 दिन की कारावास और 100-100 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई, जुर्माना नहीं भरने पर एक दिन की अतिरिक्त सजा होगी।वादी का आरोप है कि 6 अक्टूबर 2002 की रात 10:45 बजे सभी अभियुक्त राइफल, पिस्टल और लाठी-डंडा के साथ जान मारने की नियत से घर में घुस गए। वादी अंधेरे में छिपकर भाग गया, तो परिवार के लोगों को मारपीट कर जख्मी कर बहुमूल्य सामान लूट ले गए। इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 312/2002 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# जनजातीय विकास कार्यशाला में शामिल हुए डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** कभी दुर्गम और विकास की मुख्यधारा से दूर माने जाने वाले चोरमरा क्षेत्र में अब विकास, जनजातीय सशक्तिकरण और पर्यटन की संभावनाएं एक साथ आकार ले रही हैं। राज्य सरकार की जनजातीय कल्याणकारी पहलों को जमीन पर प्रभावी बनाने के साथ-साथ चोरमरा को इको-टूरिज्म की संभावनाओं से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने चोरमरा में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं को सुना तथा क्षेत्र में विकास और पर्यटन की संभावनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी और उप विकास आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय से जुड़े प्रमुख मुद्दों की पहचान करने, जनजातीय कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करने तथा इस क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं आधारभूत सुविधाओं से संबंधित आवश्यकताओं और चुनौतियों को समझना रहा। इस दौरान डीएम ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुना तथा राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों और संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बिजली, सड़क, स्वास्थ्य उपकेंद्र सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की आवश्यकता से डीएम को अवगत कराया। डीएम ने आश्वस्त किया कि सरकार एवं जिला प्रशासन चोरमरा के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा जल्द ही क्षेत्र में बिजली की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। सरकार एवं प्रशासन के प्रयासों और आश्वासन पर ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया। इसके बाद डीएम ने स्थानीय लोगों की आस्था के प्रतीक भट्ठा बाबा के समीप स्थित गर्म जलस्रोत स्थल का भी निरीक्षण किया।



## नए भवन के निर्माण स्थल का जिला जज ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को जगदीशपुर में अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के लिए प्रस्तावित नए भवन के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रस्तावित न्यायालय भवन के निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली तथा निर्माण कार्य को बेहतर एवं व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला जज ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी, जगदीशपुर को स्थल से संबंधित आवश्यक कार्यों एवं प्रशासनिक समन्वय को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने न्यायालय भवन के निर्माण में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया, ताकि भविष्य में न्यायिक कार्यों के संचालन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान सीजीएम वीरेंद्र प्रसाद एवं आरा कोर्ट मैनेजर भी मौजूद रहे। इसके अलावा जगदीशपुर अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के अवर न्यायाधीश राकेश कुमार, सब-जज द्वितीय विश्वजीत कुमार एवं मुंसिफ चंदन पासवान भी उपस्थित रहे।

## अत्यधिक रासायनिक उर्वरक से घट रही मिट्टी की उर्वरा शक्ति

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ग्रीन फर्टिलाइजर लिमिटेड के बैनर तले बुधवार को पीरनगर पैक्स गोदाम में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बाल्मीकि कुमार ने की।गोष्ठी में सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर अमन कुमार ने कहा कि अधिक उत्पादन की होड़ में किसान बिना मिट्टी की जरूरत जाने अत्यधिक रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे उर्वरा शक्ति घट रही है। इसे बचाना प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि अगली पीढ़ी को उपजाऊ जमीन मिल सके।उन्होंने नीम की खली, अरंडी और नीम मिश्रित खली के संतुलित प्रयोग पर जोर दिया, जिससे हानिकारक कीट नियंत्रित होते हैं और लाभकारी जीव बढ़ते हैं। अमन कुमार ने स्पीड, साइकोजाइम, बोरॉन, मैग्नीशियम, सल्फर जैसे पोषक तत्वों के प्रयोग से पहले मिट्टी जांच कराने और रिपोर्ट के आधार पर संतुलित उपयोग की सलाह दी। मौके पर जूनियर मार्केटिंग ऑफिसर सत्येंद्र कुमार झा, पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार, अनिल कुमार महतो, बबलू कुमार सहित कई किसान मौजूद थे।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा केंद्रीय विद्यालय : रमा निषाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सह प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने बुधवार को गोह प्रखंड के देवकुंड में केन्द्रीय विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, गोह के पूर्व विधायक रणविजय सिंह, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के पदाधिकारीगण, जिला प्रशासन के पदाधिकारीगण, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावकगण, विद्यार्थी तथा देवकुंड एवं गोह क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने केन्द्रीय विद्यालय देवकुंड के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से बच्चों को बेहतर अवसर प्रदान करना तथा उन्हें देश के भविष्य के लिए तैयार करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय देवकुंड के प्रारंभ होने से औरंगाबाद के इस क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवस्थित



शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व एवं क्षमता के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाएगा। राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि किसी भी बड़े सार्वजनिक संस्थान की स्थापना में प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाज एवं संबंधित संस्थाओं का समन्वित सहयोग महत्वपूर्ण होता है। केन्द्रीय विद्यालय देवकुंड भी सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज देवकुंड में केन्द्रीय विद्यालय का शुभारंभ अनेक लोगों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, स्थानीय नागरिकों एवं विद्यालय की स्थापना से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देवकुंड जैसे अपेक्षाकृत दूरस्थ क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय का प्रारंभ होना विशेष महत्व रखता है। इससे ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा और उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन देवकुंड, गोह एवं आसपास के क्षेत्र के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का अवसर है। किसी भी क्षेत्र में एक नए विद्यालय की शुरुआत केवल एक भवन या संस्था की शुरुआत नहीं होती बल्कि यह उस क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, उनके सपनों और उनकी संभावनाओं के लिए एक नई शुरुआत होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यालय के संचालन के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), देवकुंड के परिसर को अस्थायी परिसर के रूप में उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, भूमि सुधार अप समाहर्ता प्रणव कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीआरबीसीएल ने बिहार सरकार को हस्तांतरित किया आईटीआई

## स्थानीय युवाओं को कौशल विकास और तकनीकी प्रशिक्षण का मिलेगा बेहतर अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय रेल एवं एनटीपीसी का संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल), नवीनगर की ओर से बुधवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के हस्तांतरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईटीआई को औपचारिक रूप से बिहार सरकार को हस्तांतरित किया गया। इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए कौशल विकास एवं तकनीकी प्रशिक्षण के अवसर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम में बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.जे. राजकुमार, मानव संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष संतोष उपाध्याय, आईटीआई औरंगाबाद के प्रभारी



प्राचार्य बैद्यनाथ राम सहित बीआरबीसीएल एवं आईटीआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे। आईटीआई के हस्तांतरण से क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधाओं को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। इससे स्थानीय युवाओं को विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा रोजगार के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा। बीआरबीसीएल की ओर से बताया गया कि आईटीआई का बिहार सरकार को हस्तांतरण क्षेत्र के युवाओं के कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल कंपनी की सामुदायिक विकास और स्थानीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

# टीबी मरीजों को मिली नि :शुल्क पोषण किट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को 40 टीबी मरीजों के बीच निःशुल्क पोषण किट का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। संजय कुमार ने मरीजों को पोषण किट उपलब्ध करायी। इस दौरान मरीजों को टीबी के उपचार के दौरान नियमित रूप से दवा लेने और चिकित्सकों की सलाह का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टीबी मरीजों के उपचार के दौरान पर्याप्त और पौष्टिक भोजन बेहद जरूरी है। संतुलित आहार से शरीर को आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने में मदद मिलती है। मरीजों को पौष्टिक और संतुलित भोजन लेने की सलाह दी गयी। मरीजों को बताया गया कि डॉक्टर द्वारा निर्धारित दवाओं का कोर्स बीच में नहीं छोड़ना चाहिए। इसके साथ ही समय-समय पर चिकित्सकीय जांच कराते रहना जरूरी है। निर्धारित अवधि तक नियमित दवा, चिकित्सकीय जांच, डॉक्टर की सलाह और संतुलित आहार का पालन करने से मरीजों के स्वस्थ होने में मदद मिलती है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रखंड में टीबी मरीजों की पहचान, जांच और उपचार को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही उपचार के दौरान मरीजों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जा रहा है।

# महाविद्यालयों में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता : कुलपति

## एएनएस कॉलेज नबीनगर में दो दिवसीय बहु-विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**मिथिलेश कुमार / नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई अनुग्रह नारायण स्मारक कॉलेज, नबीनगर में 'संक्रमण में अनुसंधान : एक बहु-विषयक युग में पद्धतियां, नैतिकता और ज्ञान-सृजन' विषय पर दो दिवसीय बहु-विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से पहुंचे शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और शोधार्थियों ने अनुसंधान की बदलती दिशा, शोध नैतिकता तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव पर मंथन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी, कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार मिश्रा, किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज की प्राचार्या गायत्री सिंह एवं अन्य अतिथियों ने बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एनसीसी कैडेटों के गार्ड ऑफ ऑनर, राष्ट्रगान और कुलगीत ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इसके बाद स्वागत भाषण, संगोष्ठी के विषय की प्रस्तुति तथा स्मारिका का विमोचन किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को



नई विधाओं और तकनीकों से दक्ष बनाकर उन्हें 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में भागीदार बनाना जरूरी है। उन्होंने एएनएस कॉलेज द्वारा आयोजित संगोष्ठी को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आसपास के शिक्षण संस्थानों को नई दिशा मिलेगी। कुलपति ने अन्य महाविद्यालयों से भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी एआई सहित नई तकनीकों का सकारात्मक उपयोग करते हुए ऐसे शोध कार्य करें, जिनका लाभ समाज और राष्ट्र को मिले। दो दिवसीय संगोष्ठी में छह तकनीकी सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। पहले सत्र में ज्ञान, पूछताछ और साक्ष्य के दर्शन विषय के तहत औपनिवेशिकीकरण, एपिस्टेमिक न्याय और ज्ञान के वैकल्पिक तरीकों पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र में डिस्कवरी से एप्लीकेशन तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। इसमें नैनो-मटेरियल्स, हरित संश्लेषण, पारिस्थितिकी तंत्र और ऊर्जा भंडारण जैसे विषय प्रमुख रहे। तीसरे और चौथे सत्र में मानवीय अनुभव, शोध नैतिकता और एआई पर विचार-विमर्श हुआ। वहीं पांचवें और छठे सत्र में शिक्षाशास्त्र, संचार, साहित्य, जनसंचार, बिग डेटा, सांख्यिकी, संस्थागत प्रणालियों और उच्च शिक्षा में हो रहे बदलावों पर चर्चा की गई। संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सत्र में ऑनलाइन माध्यम से जुड़ने की सुविधा भी उपलब्ध रही। आयोजन ने शोधार्थियों, वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों के बीच वैचारिक आदान-प्रदान को नई गति देते हुए भविष्य के शोध की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# घर में घुसा 20 फीट लंबा अजगर, मचा हड़कंप

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर प्रखंड के बंगरे गांव के एक मकान में विशालकाय अजगर मिलने से अफरा-तफरी मच गई। अजगर की सूचना से आसपास के ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। इसके बाद मदनपुर वन विभाग के कार्यालय को इसकी जानकारी दी गयी। सूचना मिलने के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। जानकारी के अनुसार बंगरे गांव निवासी अजय विश्वकर्मा के परिवार के लोग मंगलवार की रात करीब आठ बजे खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान हल्की बारिश भी हो रही थी। अचानक घर के एक कमरे में लोगों की नजर विशालकाय अजगर पर पड़ी। अजगर को देखते ही परिवार के सदस्य घबरा गये और शोर मचाने लगे। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर लिया। वन विभाग के कर्मियों ने बताया कि अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। इसे गांव और आबादी वाले क्षेत्र से दूर जंगल में छोड़ दिया जायेगा।

# जसोइया मोड़ का नाम अब संकल्प सेवा चौक

## भाजपा की ओर से विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को शहर के जसोइया मोड़ के पास 'सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और देश के विकास में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण मंत्री सह औरंगाबाद जिले की प्रभारी मंत्री रमा निषाद, औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, एमएलसी दिलीप कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा नेता सतीश



कुमार सिंह समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में देश के विकास और कायाकल्प के लिए निरंतर काम किया है। उन्होंने विकसित भारत का संकल्प लिया है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए देश का युवा, नौजवान और बुजुर्ग आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन सुचिता और पारदर्शिता का संदेश देता है। अपने 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में उन्होंने देश को नई दिशा देने का काम किया और दुनिया के लोकप्रिय नेताओं में अपनी पहचान बनाई है। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता लगातार अभियान चलाएंगे। संगठन के निर्देश पर नए साथियों को जोड़ते हुए विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर मशाल प्रज्वलित की गई। इसके बाद मशाल को शहर के जसोइया मोड़ पर स्थापित किया गया। इस अवसर पर जसोइया मोड़ का नामकरण 'संकल्प सेवा चौक' किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सेवा और संगठन के माध्यम से लगातार कार्य करने का संकल्प लिया।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 30 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या के प्रयास में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत छह तथा अन्य मामलों में 23 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं 48 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1118 वाहनों से 20 हजार रूपये शमन की राशि वसूली गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# पर्व-त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, सुरक्षा व्यवस्था, पूजा पंडालों एवं जुलूसों के शांतिपूर्ण संचालन, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। वीसी के दौरान मुख्य सचिव द्वारा सभी जिलों को आगामी पर्व से पूर्व पूर्ण सतर्कता एवं सजगता के साथ विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। पूजा पंडालों, जुलूसों एवं विसर्जन मार्गों का पूर्व निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया। बैठक में संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, नियमित गश्ती पर विशेष बल दिया गया। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्रसारित होने वाली अफवाहों, भ्रामक एवं आपत्तिजनक सूचनाओं पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। इसके अतिरिक्त पर्व के दौरान स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा एवं एंबुलेंस की उपलब्धता, अग्निशमन व्यवस्था तथा नियंत्रण कक्ष के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजन एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

# कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने पर एसपी का जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गयी। बैठक में जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों, डीएसपी, एसडीपीओ, अंचल पुलिस निरीक्षकों, थानाध्यक्षों तथा अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के शीघ्र उद्भेदन और विधि-व्यवस्था को और मजबूत बनाने को लेकर पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले में अपराध की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। विभिन्न थानों में दर्ज कांडों, लंबित मामलों, गंभीर आपराधिक घटनाओं, अनुसंधान की प्रगति, आरोपियों की गिरफ्तारी तथा कांडों के शीघ्र उद्भेदन को लेकर पदाधिकारियों से जानकारी ली गयी। गंभीर



मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान का प्रभावी इस्तेमाल करने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों और अनुसंधान पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित कांडों के अनुसंधान में अनावश्यक विलंब नहीं हो। प्रत्येक मामले की गंभीरता के अनुसार कार्रवाई की जाए तथा साक्ष्यों को सुरक्षित रखते हुए समयबद्ध तरीके से अनुसंधान पूरा किया जाए। फरार और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, चोरी, अपहरण, महिला एवं बाल अपराध तथा अन्य गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के साथ जेल से बाहर आने वाले अपराधियों की गतिविधियों पर भी नजर रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपराध नियंत्रण के लिए नियमित पुलिस गश्ती, वाहन जांच और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील क्षेत्रों, बाजारों, प्रमुख चौक-चौराहों और ऐसे स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया जहां अपराध की आशंका अधिक रहती है। मद्यनिषेध अभियान की भी समीक्षा की गयी। पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आगामी पर्व-त्योहारों एवं सार्वजनिक आयोजनों को देखते हुए जिले में विधि-व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्ती और असामाजिक तत्वों पर निगरानी बढ़ाने को कहा गया। बैठक में सोशल मीडिया पर नजर रखने और आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सदर एसडीपीओ सुशील कुमार, मदनपुर एसडीपीओ आदित्य कुमार, दाउदनगर एसडीपीओ चंद्रभूषण कुमार, पुलिस केंद्र डीएसपी आकाश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# देव में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के लिए मिली 20 एकड़ भूमि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड के पातालगंगा में प्रस्तावित चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण हेतु आवश्यक 20 एकड़ भूमि की उपलब्धता से संबंधित महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए निर्माण की दिशा में मार्ग प्रशस्त किया गया है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रस्तावित चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के लिए चिन्हित कुल 20 एकड़ भूमि में से 7.59 एकड़ सरकारी भूमि का बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग पक्ष में निःशुल्क अन्तर्विभागीय हस्तांतरण की स्वीकृति जिला स्तर से प्रदान की गई है। वहीं शेष 12.41 एकड़ भूमि, जो पातालगंगा न्यास (ट्रस्ट), देव के अधीन है, का चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण हेतु राज्यपाल के नाम निःशुल्क निबंधन किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान औरंगाबाद जिले के भ्रमण के क्रम में देव प्रखंड में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण की घोषणा की गई थी। इसके आलोक में स्वास्थ्य विभाग एवं बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल) द्वारा निर्माण कार्य हेतु 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। इसके अनुपालन में देव अंचल अंतर्गत मौजा-चाँदपुर, थाना संख्या-910 में कुल 20 एकड़ भूमि चिन्हित की गई।चिन्हित भूमि में से मौजा-चाँदपुर, थाना संख्या-910, खाता संख्या-22, खेसरा संख्या-99 में 7 एकड़ 59 डिसमिल गैरमजरूआ मालिक परती कदीम सरकारी भूमि उपलब्ध है। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पटना से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त भूमि को चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण हेतु स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के पक्ष में निःशुल्क अन्तर्विभागीय हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही देव अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि उक्त भूमि का स्वास्थ्य विभाग के नाम नामांतरण कराते हुए सीमांकन की कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा संबंधित विभाग को दखल-कब्जा दिलाने की कार्रवाई पूर्ण करें। हस्तांतरित भूमि का उपयोग केवल चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण हेतु निर्धारित प्रयोजन के लिए किया जाएगा। निर्धारित प्रयोजन से इतर उपयोग किए जाने की स्थिति में भूमि संबंधित प्रावधानों के अनुसार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार को वापस हो जाएगी। शेष 12 एकड़ 41 डिसमिल भूमि मौजा-चाँदपुर, थाना संख्या-910 के खाता संख्या-19, खेसरा संख्या-84 में 1 एकड़ 59 डिसमिल तथा खाता संख्या-22, खेसरा संख्या-06 में 10 एकड़ 82 डिसमिल है। उक्त भूमि वर्तमान में पातालगंगा न्यास (ट्रस्ट), देव के अधीन है तथा संबंधित जमाबंदियां महंत शंकराचार्य जी एवं शिव जी/शंकर जी के नाम से संधारित हैं।

# चुनाव आयोग के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** इंडिया गठबंधन के आह्वान पर बुधवार को राजद समेत घटक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एसआईआर के जरिए मतदाताओं को चुनाव से वंचित करने का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग की। गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गोह चौक पर पुतला दहन किया गया। इसके अलावा जिले के विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों में पुतला दहन कार्यक्रम कर्यक्रम की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें पद से बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि एसआईआर के माध्यम से लाखों मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया से बाहर करने का प्रयास किया जा रहा है।